@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 22 नवम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 18 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# बिहार में मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा

## सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेदारी

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया। इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। यह पहला मौका है जब गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री की बजाय उप मुख्यमंत्री को सौंपा गया है।

नई गठबंधन सरकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोम) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कोटे से शामिल मंत्रियों को भी उनके विभाग आवंटित कर दिए गए हैं। विभागों के बंटवारे में सहयोगी दलों की हिस्सेदारी और अनुभव को ध्यान में रखा गया है, ताकि प्रशासनिक कामकाज को गति दी जा सके। विभागों के बंटवारे के साथ ही नई सरकार ने प्रशासनिक कामकाज को गति देने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग आवंटन में सहयोगी दलों की हिस्सेदारी और अनुभव को ध्यान में रखते हुए संतुलन साधने की कोशिश की गई है।

### मंत्री और उन्हें मिले विभाग
### भाजपा से शामिल मंत्री

सम्राट चौधरी (उपमुख्यमंत्री)- गृह विभाग
विजय कुमार सिन्हा (उपमुख्यमंत्री)- राजस्व एवं भूमि विभाग
मंगल पांडेय - स्वास्थ्य एवं विधि विभाग
डॉ. दिलीप जायसवाल - उद्योग विभाग
नितिन नवीन - पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग
रामकृपाल यादव - कृषि विभाग
संजय टाइगर - श्रम संसाधन विभाग
अरुण शंकर प्रसाद - पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा विभाग
सुरेंद्र मेहता - पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
नारायण प्रसाद - आपदा प्रबंधन विभाग
रमा निषाद - पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
लखेंद्र कुमार रोशन - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग
श्रेयसी सिंह - सूचना एवं खेल विभाग
प्रमोद कुमार (चंद्रवंशी) - सहकारिता, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

### जदयू (जदयू) से शामिल मंत्री

विजय चौधरी - जल संशाधन और भवन निर्माण विभाग
विजेंद्र प्रसाद यादव - ऊर्जा मंत्री
श्रवण कुमार - ग्रामीण विकास मंत्रालय
अशोक चौधरी -ग्रामीण कार्य मंत्रालय
लेसी सिंह -खाद्य उपभोक्ता मंत्रालय
मदन साहनी - समाज कल्याण मंत्रालय
मोहम्मद जमा खान - अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
सुनील कुमार -शिक्षा मंत्रालय

### हम से शामिल मंत्री

संतोष कुमार सुमन - लघु जल संसाधन विभाग
लोजपा (राम विलास) से शामिल मंत्री
संजय कुमार - गन्ना उद्योग विभाग
संजय सिंह - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा से शामिल मंत्री

दीपक प्रकाश - पंचायती राज विभाग



# प्रधानमंत्री ने काशी सांसद खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री और वाराणसी के सांसद नरेन्द्र मोदी ने काशी सांसद खेल प्रतियोगिता के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी है। उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले युवाओं के उत्साह, ऊर्जा और खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभागियों ने अपने प्रदर्शन से असाधारण क्षमता और कौशल का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखे संदेश में कहा कि काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को मेरी बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इसमें हिस्सा लेने वाले युवा साथियों का जो जोश और उत्साह देखने को मिला, वो अद्भुत था। उन्होंने अपनी क्षमता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मोदी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि यह आयोजन खेल जगत में देश को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस सराहनीय पहल ने युवाओं को ऐसा मजबूत मंच प्रदान किया है, जहां वे अपनी प्रतिभा के दम पर सबका मन जीत रहे हैं। उल्लेखनीय है कि काशी में आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के 1,61,815 पुरुष, 1,39,563 महिला एवं 91 ट्रांसजेंडर




प्रतिभागियों ने लॉन्ग जंप, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, कराटे, बास्केट बॉल, हॉकी, बॉलीबॉल, साइकिलथॉन सहित 32 खेल विधाओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का लोहा मनवाया। इस पूरे आयोजन में कुल 6060 प्रतिभागी विजेता बने जिसके तहत विभिन्न खेलों के जिला स्तरीय शीर्ष तीन विजेताओं को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से विभूषित किया गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 27 नवंबर को ओडिशा विधानसभा को करेंगी संबोधित

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 27 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन से होगी। यह पहली बार होगा जब कोई पदस्थ राष्ट्रपति ओडिशा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी।विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु 27 नवंबर को भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगी और सीधे राजभवन जाएंगी। वहा अल्प विश्राम के बाद वे शाम 4:20 बजे विधानसभा पहुंचेंगी और 4:30 बजे अपना संबोधन शुरू करेंगी। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभंमपटी, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, विधानसभा में विपक्ष के नेता और सभी विधायक उपस्थित रहेंगे।अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु ओडिशा में नौ वर्षों तक विधायक रही हैं और राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उनका राज्य की राजनीति से लेकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक का सफर करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणादायक है। अध्यक्ष ने बताया कि पहली बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ओडिशा विधानसभा को संबोधित करेंगी, यह राज्य के लिए गर्व की बात है। विधायक और कैबिनेट मंत्री के रूप में उनका लंबा अनुभव तथा राष्ट्रपति पद तक उनकी यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक है।

# असम में विधानसभा चुनाव-2026 को लेकर भाजपा ने की मैराथन बैठक

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम में आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष दो दिवसीय असम प्रवास पर गुरुवार शाम गुवाहाटी पहुंचे। अटल बिहारी वाजपेयी भवन में शुक्रवार को हुई बैठकों में उन्होंने संगठनात्मक कार्ययोजना, चुनावी रणनीति और 'आशीर्वाद यात्रा' के माध्यम से राज्य के प्रत्येक बूथ को जीतने का लक्ष्य स्पष्ट किया। उल्लेखनीय है कि, पहले दिन शाम 6 बजे उन्होंने राज्य के प्रवक्ताओं, मीडिया विभाग, मीडिया संबंध प्रकोष्ठ और विभिन्न मोर्चों के मीडिया संयोजकों के साथ बैठक कर असम की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की। उन्होंने पार्टी के पक्ष में अनुकूल जन-मत तैयार करने के लिए सुझाव दिए तथा सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। रात 8 बजे से सोशल मीडिया व आईटी विभागों के साथ विस्तृत बैठक में उन्होंने चुनाव पूर्व सोशल मीडिया प्रचार और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की



तैयारियों की समीक्षा की।

प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया और राज्य महासचिव (संगठन) रवीन्द्र राजू की उपस्थिति में आज सुबह उन्होंने राज्य के महासचिवों के साथ बैठक कर बूथ-स्तर की संरचना, संगठन की स्थिति तथा प्राथमिक 103 सीटों में शत-प्रतिशत जीत सुनिश्चित करने की रणनीति तय की। इसके बाद 10:30 बजे से सभी विधानसभा क्षेत्रों के नव नियुक्त संयोजकों एवं प्रभारी अधिकारियों के साथ पूरे दिन की बैठक में चुनावी कार्यक्रमों और क्षेत्रवार तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक के समापन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सरकार बहुपत्नी प्रथा, लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे मुद्दों पर और कठोर कदम उठाएगी। उन्होंने बताया कि सरकारी, वन, पीजीआर/वीजीआर, जनजातीय बेल्ट और सत्र भूमि पर बंगाली मूल के अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि छह समुदायों को जनजाति दर्जा देने पर सभी पक्षों को विश्वास में लेकर आगामी विधानसभा सत्र में न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा। शाम 5 बजे राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष की उपस्थिति में राज्य कोर समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, राज्याध्यक्ष दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, राष्ट्रीय सचिव व सांसद कमाख्या तासा, राज्य प्रभारी हरीश द्विवेदी, राज्य महासचिव (संगठन) रवीन्द्र राजू सहित शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ। बैठक में यह प्रस्ताव लिया गया कि पार्टी सहयोगी दलों के साथ मिलकर आगामी चुनाव में 103 सीटें जीतने के लक्ष्य से उतरेगी। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि इस बार भाजपा राज्य के सर्वांगीण विकास और अपने मूल वैचारिक मुद्दों को आधार बनाकर चुनाव लड़ेगी।

# प्रधानमंत्री ने चार श्रम संहिता लागू होने को सर्वाधिक प्रगतिशील श्रमिक-केंद्रित सुधार बता कर स्वागत किया

**प्रधानमंत्री के अनुसार, इन संहिताओं से रोजगार सृजन, उत्पादकता में वृद्धि तथा विकसित भारत के लक्ष्य की ओर राष्ट्र की यात्रा और तेज होगी।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं को लागू किए जाने का स्वागत करते हुए इसे स्वतंत्रता के बाद सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रमिक-केंद्रित सुधार करार दिया है। उन्होंने कहा कि ये संहिताएं जहां एक ओर देश के मजदूरों को सशक्त बनाती हैं, वहीं अनुपालन को सरल बनाकर 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चारों श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम एवं समय पर वेतन भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थलों और अवसरों की बेहतर उपलब्धता के लिए मजबूत आधार तैयार करेंगी, विशेष रूप से नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए यह बड़े परिवर्तनकारी कदम साबित होंगे। उन्होंने कहा कि ये सुधार एक फ्यूचर-रेडी इको सिस्टम तैयार करेंगे, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाएगा। प्रधानमंत्री के



अनुसार, इन संहिताओं से रोजगार सृजन, उत्पादकता में वृद्धि तथा विकसित भारत के लक्ष्य की ओर राष्ट्र की यात्रा और तेज होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में लिखा, 'आज हमारी सरकार ने चार श्रम संहिताओं को प्रभावी किया है।

यह स्वतंत्रता के बाद सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम सुधारों में से एक है, जो हमारे श्रमिकों को सशक्त बनाता है और अनुपालन को सरल बनाता है।' उन्होंने कहा, 'ये कोड हमारे लोगों, खासकर नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी, कम से कम और समय पर वेतन, सुरक्षित काम की जगह और अच्छे मौकों के लिए एक मज़बूत नींव का काम करेंगे।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इससे भविष्य के लिए तैयार इको सिस्टम बनेगा जो मज़दूरों के अधिकारों की रक्षा करेगा और भारत की आर्थिक ग्रोथ को मज़बूत करेगा। ये सुधार नौकरियां पैदा करेंगे, प्रोडक्टिविटी बढ़ाएंगे और विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा को तेज़ करेंगे।' उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए चार श्रम संहिताओं को तत्काल प्रभाव से अधिसूचित कर दिया। इनके तहत पुराने 29 श्रम कानूनों का तर्कसंगत एकीकरण किया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के मुताबिक, प्रशासनिक जटिलताओं को कम करने और श्रम कानूनों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 29 मौजूदा कानूनों को मिलाकर चार संहिताएं लागू की गई हैं- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020।

# ध्वजारोहण समारोह के साथ ही साकार होगा नव्य अयोध्या का सपना

**● योगी सरकार का विजन अयोध्या को बनाएगा विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक नगरी**

**एजेंसी**

**लखनऊ।** श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल आस्था का केंद्र नहीं बल्कि एक वैश्विक स्मार्ट धार्मिक शहर का प्रतीक बन चुकी है। 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह के साथ ही नव्य अयोध्या का सपना साकार होगा। इस परिवर्तन को वैदिक दर्शन से प्रेरित एक संतुलित मॉडल के रूप में देख जा सकता है, जहां सांस्कृतिक विरासत और आधुनिकता का संगम हो रहा है। अयोध्या मास्टर प्लान 2031 और विजन 2047 के तहत विकसित हो रही यह नगरी सतत विकास का जीवंत उदाहरण है। यह न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि



आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय समृद्धि भी सुनिश्चित करेगी। योगी सरकार का विजन भविष्य में अयोध्या को विश्व की बड़ी आध्यात्मिक नगरी की ओर अग्रसारित करेगा। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए नव्य अयोध्या वैदिक संस्कृति और वास्तु शास्त्र से प्रेरित वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। राम मंदिर का नागर शैली में निर्माण जो गुप्त काल से चली आ रही परंपरा को पुनर्जीवित करता है, पूरे शहर की योजना का आधार है। 750 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहा रामायण संग्रहालय (टेम्पल म्यूजियम) रामकथा को विशेष वातावरण का अनुभव देगा, जहां 3डी मॉडल्स, लाइट एंड साउंड शो और राम वन गमन पथ के माध्यम से वनवास की घटनाओं को जीवंत किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर: हंदवाड़ा में सुरक्षा बलों ने आतंकी साजिश का किया भंडाफोड़, गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार आतंकियों के खिलाफ इस संयुक्त अभियान में चार मैगजीन वाली दो एम-सीरीज राइफलें, तीन मैगजीन वाली दो चीनी पिस्तौलें, दो हथगोले और कुछ जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। विशेष जानकारी के आधार पर हंदवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना की नौगाम ब्रिगेड ने नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास नीरियां वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। इस दौरान संयुक्त टीम ने एक बड़े ठिकाने का भंडाफोड़ किया। सुरक्षा बलों को इस दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए।

# देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र को घुसपैठ से मुक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है

**एजेंसी**

**भुज।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए घुसपैठियों को रोकना अनिवार्य है। इसके लिए देशवासियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में पूरा सहयोग देना चाहिए। गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते एसआईआर का विरोध करने वाले दल देश के मतदाता सूची



शुद्धिकरण अभियान को कमजोर कर रहे हैं, जबकि यह प्रक्रिया मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है। शाह ने कहा कि देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। बिहार की जनता के ताज़ा जनमत ने भी संदेश दे दिया है कि देशवासी घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस देश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का चयन केवल भारत का नागरिक ही करेगा–किसी घुसपैठिये को लोकतांत्रिक व्यवस्था को दूषित करने का अधिकार नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र को घुसपैठ से मुक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, इसलिए देश की जनता को इसमें सक्रिय रूप से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, वे देशहित के विपरीत काम कर रहे हैं, लेकिन सरकार अपने दृढ़ संकल्प से पीछे नहीं हटेगी। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ ने पिछले छह वर्षों में अपनी दक्षता और वीरता से विश्व को संदेश दिया है।

# दुबई एयर शो में भारत का लड़ाकू विमान 'तेजस' क्रैश, पायलट की मौत, जांच के आदेश

## एरियल डिस्प्ले के दौरान चंद सेकेंड के भीतर जमीन से छूने के बाद आग का गोला बना विमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुबई एयर शो के दौरान क्रैश हुए भारत के तेजस विमान हादसे में पायलट की मौत हो गई है। भारतीय वायु सेना ने दुबई एयर शो के दौरान हुए तेजस विमान हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। दुर्घटना का यह दृश्य बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला था। जांच टीमें घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई हैं। दुबई में 17 नवम्बर से शुरू हुए एयर शो में वायु सेना की सारंग डिस्प्ले टीम और लड़ाकू विमान तेजस ने भारत की आसमानी ताकत का प्रदर्शन किया है।



युद्धाभ्यास करने के साथ ही भारत के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस ने अपने अंदाज में दुबई के लोगों और दुबई एयरशो के आगंतुकों को 'नमस्ते' करके वाहवाही लूटी। इस मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी में भी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एलसीए तेजस को अपने स्टॉल में प्रदर्शित किया है। एलसीए की आसमानी ताकत देखकर कई देशों ने तेजस के प्रति आकर्षित होकर अपनी रुचि दिखाई है। वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और तेजस फाइटर्स वाली एक टुकड़ी दुबई एयर शो के लिए दुबई के अल मकतूम एयरबेस पर उतरी थी। इस ग्लोबल इवेंट का मकसद इंटरऑपरेबिलिटी, ऑपरेशनल एज को बढ़ाना और मिलिट्री के साथ-साथ बिजनेस कोऑपरेशन को बढ़ावा देना है। एयर शो के आखिरी दिन आज दिन में भारत का लड़ाकू तेजस विमान उड़ान भरने के दौरान तेजी से नाक के बल नीचे की ओर गिरता दिखाई दिया और चंद सेकेंड के बाद 2 बजकर 10 मिनट पर जमीन से छूने के बाद आग का गोला बन गया।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की की कार्रवाई में गड़बड़ी, आरोपी की जगह दूसरे की संपत्ति कुर्क कर दी

फिरोजाबाद (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले की है, जहाँ गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की की कार्रवाई में दो बड़ी प्रशासनिक और पुलिस की गलतियाँ सामने आईं। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अशोक कुमार पुत्र रामशरण निवासी शेखूपुर नैपई, थाना रामगढ़ की संपत्ति कुर्क करनी थी। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने गलती से गैंगस्टर के आरोपी की जगह, रामशरन यादव निवासी नगला मोती, थाना दक्षिण की किसान भूमि पर कुर्की का बोर्ड लगा दिया और संपत्ति को कुर्क कर दिया। गलती का पता चलने के बाद, पुलिस अब रामशरण यादव की संपत्ति को धारा 15/1 के तहत कार्रवाई से मुक्त करने और आरोपी अशोक कुमार की सही संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी कर रही है। सीओ सिटी प्रवीन तिवारी ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई उपनिबंधक सदर तहसील की रिपोर्ट के आधार पर की गई थी। गैंग लीडर गोल्डी उर्फ बबलू राठौर की 2 करोड़ 01 लाख 28 हजार पन्द्रह रुपये की अचल संपत्ति (जिसमें सुहागनगर, थाना दक्षिण स्थित मकान शामिल था) को कुर्क करना था। फरिहा पुलिस ने ढोल नगाड़े बजाकर गैंग लीडर गोल्डी उर्फ बबलू के बजाय, उनकी पत्नी के मकान को सील कर दिया। देर शाम जब गैंग लीडर की पत्नी कोर्ट से घर लौटीं और उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी गलती बताई, तो अधिकारी देर रात फिर मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने महिला के मकान की सील तोड़ी, बोर्ड हटाया, और फिर सामने स्थित सही मकान को सील करने की कार्रवाई की।

## कोयला माफिया के खिलाफ ईडी का सख्त एक्शन, बंगाल और झारखंड में 40 जगह मारे छापे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोयला माफिया के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सख्त कार्रवाई की है। ईडी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला माफियाओं के खिलाफ एक्शन लिया है। माफिया के खिलाफ पश्चिम बंगाल और झारखंड में 40 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापामारी की है। अधिकारियों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में 24 परिसरों में अवैध कोयला खनन, अवैध परिवहन और कोयले के भंडारण मामले के संबंध में तलाशी ले रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, नरेंद्र खरका, अनिल गोयल, युधिष्ठिर घोष, कृष्ण मुरारी कयाल और अन्य के ठिकानों पर शुक्रवार सुबह से ईडी की छापेमारी चल रही है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी झारखंड में 18 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ये छापामारी कोयला चोरी और स्मगलिंग के कई बड़े मामलों से जुड़े हैं, जिसमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल के मामले शामिल हैं। बता दें कि इन सभी मामलों को मिलाकर कोयले की बड़ी चोरी और चोरी शामिल है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ का भारी आर्थिक नुकसान नुकसान हुआ है।

## संघ नेता के पोते की हत्या की साजिश विदेश में रची गई, कॉन्ट्रैक्ट किलर को दी सुपारी

फिरोजपुर (एजेंसी)। फिरोजपुर के मोची बाज़ार में आरएसएस नेता बलदेव कृष्ण अरोड़ा के पोते नवीन अरोड़ा की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि यह पूरी साजिश विदेश में बैठे एक व्यक्ति ने रची थी। उसने एक कॉन्ट्रैक्ट किलर को 65 हजार रुपए की सुपारी देकर हत्या की योजना बनाई। जांच में पता चला कि सुपारी देने वाले व्यक्ति ने 25 हजार रुपए नकद और 40 हजार रुपए हथियार खरीदने के लिए दिए थे। अब यह पता लगाया जा रहा है कि विदेश में बैठा यह मास्टरमाइंड कौन है और उसने नवीन को मरवाने की योजना क्यों बनाई। 15 नवंबर को हुए इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी गुरसिमरन उर्फ़ जतिन उर्फ़ काला को पुलिस एनकाउंटर कर काबू कर चुकी है। पुलिस नाके पर रुकने के बजाय उसने गोलियां चला दीं जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसकी टांग में तीन गोलियां लगीं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उकसे ठीक होने के बाद पूछताछ की जाएगी। इससे पहले पुलिस इस मामले में शामिल हर्ष और कनव को गिरफ्तार कर चुकी है। एसएसपी ने बताया कि घटना में फरार आरोपी बादल और उसके एक साथी की तलाश जारी है। पुलिस जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## न्यायिक अधिकारी फैसलों में घायल व्यक्तियों की चोट का उल्लेख जरुर करें : हाईकोर्ट

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूरे प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों को निर्णयों में, घायल व्यक्तियों की चोट का आवश्यक रूप से उल्लेख करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव मिश्र और न्यायमूर्ति अजय कुमार की युलगपीठ ने सुनील कुमार यादव नामक एक व्यक्ति की अपील खारिज करते हुए कहा कि हमें यह देखकर दुख हुआ कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने अपने फैसले में मृतक के शव पर लगी चोट का उल्लेख नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने 3 मार्च, 2002 और 3 मार्च, 1982 को जारी सर्कुलर में न्यायिक अधिकारियों को फैसलों में घायल व्यक्तियों की चोट का उल्लेख करने का स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था। हमें उम्मीद और विश्वास है कि सभी न्यायिक अधिकारी उक्त परिपत्र का अनुपालन करेंगे।

## मुकेश सहनी की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या


पटना (एजेंसी)। बिहार के पश्चिम चंपारण में सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी( वीआईपी) के नेता की हत्या की गई है। बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। मृतक कामेश्वर सहनी, 40 वर्ष प्रखंड अध्यक्ष के दायित्व में थे। मृतक का आपराधिक इतिहास है। नक्सली गतिविधियों में संलिप्तता भी रही है। जानकारी के मुताबिक छौडादानों प्रखंड अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कामेश्वर सहनी तिनकोनी गांव के निवासी थे। शुक्रवार सुबह घर शौच करने के बाद बाहर हाथ धो रहे थे। तभी दो बाइक से आए तीन हथियार बंद अपराधियों ने गोलियों से कामेश्वर को छलनी कर दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से चीख पुकार मच गई। उनका खुद आपराधिक इतिहास रहा है। उनके विरुद्ध थाने में कई मामले दर्ज हैं। पूर्व में नक्सली गतिविधि में संलिप्तता रही है। हत्या की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद व कई थाने की पुलिस पहुंची। डॉग स्क्वायड टीम भी पहुंच जांच कर रही है। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार चुनाव की जीत के साथ ही धर्मेंद्र प्रधान की भाजपा अध्यक्ष के लिए दावेदारी मजबूत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत से सियासी गलियारों में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चर्चा में आ गए है। माना जा रहा है भाजपा अध्यक्ष पद पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। इसकी बड़ी वजह बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन है। हालांकि, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। भाजपा ने बिहार में प्रधान को चुनाव प्रभारी बनाया था।

रिपोर्ट में सत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि बिहार में यह जीत भाजपा और आरएसएस में अध्यक्ष पद को लेकर जारी खींचतान खत्म करने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन क्षमता और चुनाव प्रबंधन ने उन्हें इस पद की दौड़ में आगे कर कर दिया है। चुनाव से पहले वह लंबे समय तक बिहार में रहे। एक ओर जहां उन्होंने बागियों को नामांकन वापस लेने में मनाया। वहीं, कैडर को भी मजबूत करने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी सूत्र बताते हैं कि हरियाणा, महाराष्ट्र और अब बिहार चुनाव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी को मजबूती दी है, जिसपर लोकसभा चुनाव के दौरान मिले झटके के चलते असर पड़ा था। अखबार से बातचीत में एक केंद्रीय मंत्री ने कहा, मोदी जी अब आरएसएस को मनाने में सफल हो सकते हैं कि भाजपा का अध्यक्ष उनकी चॉइस का हो।

जुलाई में इस पद के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का नाम भी आगे चल रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, जब भाजपा ने यादव और प्रधान का नाम आगे बढ़ाया, तो आरएसएस ने मंजूरी देने से पहले विचार विमर्श की जरूरत बताई थी। कहा जाता है कि प्रधान ने ही ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा को बीजू जनता दल से अलग होकर चुनाव लड़ने के लिए मनाया था, जिसके बाद भाजपा राज्य में सत्ता बनाने में सफल हुई। रिपोर्ट में एक भाजपा नेता के हवाले से बताया गया है, इससे पहले संकेत मिल रहे थे कि दक्षिण से नेता भाजपा अध्यक्ष बना सकता है। उप राष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन के चुनाव के बाद यह माना जाने लगा है कि पार्टी प्रमुख उत्तर से होगा। मौजूदा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का तीन साल का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो चुका था, लेकिन



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विस्तार दिया गया।

## एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला फंसे बेंगलुरु ट्रैफिक पर, ली चुटकी

### -मंत्री बोले- व्यवस्था सुधारने पर काम चल रहा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु का भारी ट्रैफिक एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार इसे लेकर मजेदार टिप्पणी की है एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने। दरअसल बेंगलुरु टेक समिट में शामिल होने पहुंचे शुभांशु ने कहा, कि अंतरिक्ष में यात्रा करना, शहर के ट्रैफिक को पार करने से कहीं ज्यादा आसान है। कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए एस्ट्रोनॉट शुभांशु ने बताया कि वे शहर के दूसरे छोर पर स्थित मराठहल्ली से बेंगलुरु इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर (बीआईईसी) तक पहुंचे, जिसकी दूरी लगभग 34 किलोमीटर है। सामान्य परिस्थितियों में यह सफर एक घंटे से अधिक लेता है, हालांकि उन्हें इसमें कितना समय लगा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। मंच से बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं मराठहल्ली से यहां पहुंचा हूं। मेरे प्रेजेंटेशन में जितना समय लगेगा, उससे तीन गुना समय मैंने सड़क पर बिताया है। उम्मीद है कि आप मेरे कमिटमेंट को समझेंगे। उनकी यह टिप्पणी सुनकर सभागार में मौजूद लोग हंसी रोक नहीं सके और कई तो देर तक मुस्कुराते रहे। शुभांशु शुक्ला की इस मजाकिया टिप्पणी ने न केवल कार्यक्रम में हल्का-फुल्का माहौल बनाया, बल्कि बेंगलुरु के लंबे समय से चले आ रहे ट्रैफिक मुद्दे को भी एक बार फिर चर्चा में ला दिया।

**कर्नाटक सरकार का जवाब**

कर्नाटक के आईटी-बीटी मंत्री प्रियंक खड़गे ने शुभांशु की टिप्पणी को संज्ञान में लिया और सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, कि सरकार शहर में यात्रा समय कम करने और ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, हम ऐसी दिक्कतें आगे न हों, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## उदयनिधि स्टालिन ने संस्कृत को मरी हुई भाषा करार दिया, बीजेपी हुई हमलावर



चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक और नया विवाद खड़ा किया है। स्टालिन ने केंद्र सरकार की भाषाओं के विकास को लेकर की जा रही फंडिंग पर सवाल उठाकर संस्कृत को मरी हुई भाषा करार दिया। इतना ही नहीं डीएमके नेता स्टालिन ने मोदी सरकार पर तमिल भाषा की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया। बता दें, उदयनिधि सनातन और हिंदी विरोधी अपने बयानों के लिए जाने जाते हैं। चेन्नई में कार्यक्रम में पीएम मोदी के हालिया बयानों पर हमलावार उदयनिधि ने उन पर तमिल की उपेक्षा करने और संस्कृत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी को सीधे संबोधित कर स्टालिन ने कहा, जब आप तमिल सीखने के लिए इतने ही बेताब हैं, तब बच्चों को हिंदी और संस्कृत क्यों पढ़ा रहे हैं? इतना ही नहीं मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि ने आरोप लगाया कि बीते 10 वर्षों में केंद्र ने संस्कृत के विकास के लिए करीब 2400 करोड़ खर्च किए हैं, जबकि तमिल भाषा के लिए केवल 150 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। उदयनिधि के बयान के बाद तुरंत ही राजनीतिक विवाद शुरु हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने उदयनिधि पर हमलावार होकर उन पर सांस्कृतिक परंपराओं और धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। भाजपा नेत्री तमिलिसाई सौंदर्रराजन ने उदयनिधि के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा और तमिल संस्कृति कभी भी किसी भाषा को नीचा दिखाने का समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा, हम अपनी भाषा की तारीफ कर सकते हैं, सराहना कर सकते हैं, लेकिन तमिल संस्कृति हमें दूसरी भाषा का अपमान करने की अनुमति नहीं देती है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में इस्तीफों का दौर, महिला प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महागठबंधन की करारी हार के बाद कांग्रेस में इस्तीफों का दौर शुरू हुआ है। कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष सरवत जहां फातमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी आलाकमान पर टिकट बंटवारे में महिलाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, बिहार चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के नाराज गुट के नेताओं द्वारा भी पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में धरना दिया जा रहा है।


महिला नेता फातमा ने कहा कि पार्टी ने चुनाव में टिकट बंटवारे में महिलाओं को सिर्फ 8 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया, जो कि बहुत ही दुखद है। उन्होंने कहा कि वे दो साल से ज्यादा समय से महिला अध्यक्ष के पद पर थीं। इस दौरान पार्टी के सभी महिला कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर जाकर मेहनत की। महिलाओं की आवाज को उठाकर संघर्ष किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिलेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। सरवत ने कहा कि उनसे पहले बिहार की महिला कांग्रेस अध्यक्ष रहीं लीडर को चुनाव में टिकट दिए जाते रहे हैं। मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया।

पार्टी को मिली शर्मनाक हार के बाद कांग्रेस में विरोध के सुर तेज हो गए हैं। चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे में गफलत का आरोप लगाकर प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ धरना देने वाले कांग्रेसियों ने फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पार्टी के नाराज गुट के नेता प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु से इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं।

# भाजपा सरकार आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का राजनीतिकरण कर रही : आप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) ने रेखा गुप्ता सरकार और आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई पर निशाना साधा है। आप का आरोप है कि भाजपा सरकार आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का राजनीतिकरण कर रही है। आप के अनुसार, भाजपा सरकार कई विशेष बैठकें बुलाकर और फांसी घर मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला को नोटिस जारी करके दिल्ली के गहराते पर्यावरणीय संकट और चरमराती सार्वजनिक सेवाओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए विधायी समितियों का इस्तेमाल कर रही है। आप ने कहा कि भाजपा विधायी समितियों को हथियार बना रही है।



आप ने विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही के मूल आधार पर ही सवाल उठाया है। आप ने बताया कि समिति द्वारा उद्धृत घटना अगस्त 2022 में सातवीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान हुई थी, जिसे फरवरी 2025 में भंग कर दिया गया था। आप का तर्क है कि एक बार विधानसभा भंग हो जाने पर, उसके विशेषाधिकार और कार्यवाही समाप्त हो जाती है। इसलिए, आठवीं विधानसभा पिछले कार्यकाल से संबंधित मामलों पर विशेषाधिकार प्राप्त कार्रवाई शुरू या जारी नहीं रख सकती। आप ने अमरिंदर सिंह बनाम पंजाब विधानसभा (2010) मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देकर कहा कि विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई कानूनी रूप से अस्थिर, प्रक्रियात्मक रूप से अस्थिर और पूरी तरह से राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित है। आप ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि भाजपा सरकार ने दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण संकट की अनदेखी करते हुए विशेषाधिकार समिति की विशेष बैठक बुलाई।

पार्टी ने चिंता व्यक्त की कि डॉक्टर अब सार्वजनिक रूप से परिवारों को सलाह दे रहे हैं कि छोटे बच्चे या बुजुर्ग सदस्य होने पर वे दिल्ली छोड़ दें। आप ने पूर्व एम्स निदेशक का हवाला देकर कहा कि दिल्ली में व्याप्त ज़हरीला धुआँ अब कोविड-19 से भी ज़्यादा मौतों का कारण बन रहा है, और सूक्ष्म कण हृदयाघात, स्ट्रोक, मनोभ्रंश और बांझपन का ख़तरा बढ़ा रहे हैं, जिससे बच्चों के फेफड़े सबसे ज़्यादा कमज़ोर हैं।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने कसा तंज बोले- पैसा बांटना वेलफेयर नहीं हो सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने चुनाव में नगदी बांटने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने तंज कसते कहा है कि इस तरह कैश बांटने को कोई वेलफेयर नहीं होता है। संविधान की भावना को इसके जरिए ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव में पैसा बांट देना कोई वेलफेयर नहीं है। दिल्ली में एक आयोजन को संबोधित करते हुए मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि अंतर समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि छोटे राज्यों का गठन किया जाए। ऐसा यह ध्यान रखते हुए किया जाए कि सभी राज्यों की आबादी लगभग बराबर हो और उनमें लोकसभा और विधानसभा की सीटें भी लगभग समान हों।



पूर्व चुनाव आयुक्त और पूर्व लॉ सेक्रेटरी जी कृष्णमूर्ति के 91वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को मुरली मनोहर जोशी संबोधित कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भले ही देश के हर नागरिक के पास वोट का समान अधिकार है, लेकिन यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि कर्नाटक, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा, कर्नाटक में किसी व्यक्ति की आर्थिक ताकत कितनी होती है? वह अपनी उस ताकत को बनाए रखने के लिए वोट डालता है। लेकिन जब हम रेगिस्तान, पहाड़ और पूर्वोत्तर में रह रहे लोगों की बात करते हैं तो उनकी आर्थिक स्थिति क्या रहती है।

मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर अन्य अधिकारों को प्रदान करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यदि आर्थिक स्थिति और विकास में असमानता है तो यह भेदभाव जैसी स्थिति है। कल्याणकारी व्यवस्था का यह मतलब नहीं है कि चुनाव से पहले कैश का वितरण कर दिया जाए। आज लोग सवाल उठाते हैं कि चुनाव से पहले कैश बांटा जा रहा है। सरकार कहती है कि ऐसा वेलफेयर के लिए किया जा रहा है। लेकिन लोग कहते हैं कि ऐसा नहीं बल्कि आप वोट खरीदने के लिए पैसे बांटते हैं। मुरली मनोहर जोशी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब बिहार चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार सरकार की ओर से महिलाओं को 10 हजार रुपये देने वाली स्कीम पर चर्चा चल रही है। पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि संविधान हमें न्याय का अधिकार देता है। यह अधिकार हमें आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए भी मिला है। उन्होंने कहा, राजनीतिक अधिकार की बात करें तो इसके लिए हमारे पास वोट का हक है। लेकिन इस वोट के अधिकार का तब तक अच्छे से इस्तेमाल नहीं हो सकता, जब तक कि आर्थिक न्याय न मिले। भीमराव आंबेडकर ने भी इस पर काफी बात कही थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह जरूरी है कि आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की समानता के लिए एक व्यवस्था बने। इसके लिए यह जरूरी है कि सभी इलाकों का विकास समान हो।

## चुनावा आयोग को सुवेंदु ने पत्र लिखकर कहा- एसआईआई को निरंतरता बनाएं रखें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता(ईएमएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता, सुवेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त( सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर का काम लगातार जारी रखना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सीईसी ज्ञानेश कुमार को लिखे उस लेटर के बाद आया है, जिसमें राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को तुरंत रोकने की मांग की गई थी। अपने लेटर में, सुवेंदु अधिकारी ने सीईसी को लिखे ममता बनर्जी के लेटर के दावों को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि एसआईआर को पश्चिम बंगाल में बिना प्लान के, अस्त-व्यस्त और खतरनाक तरीके से थोपा गया, जिससे आम लोगों में घबराहट पैदा हुई और चुनाव अधिकारियों, खासकर बूथ-लेवल अधिकारियों (बीएलओ), पर बहुत ज्यादा काम का बोझ पड़ा है।

सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि सीईसी को ममता बनर्जी का लेटर एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट को साफ करने के अभियान को रोकने की एक बेताब कोशिश थी और उनके लेटर का कंटेंट पॉलिटिकली मोटिवेटेड और असल में बोगस था। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को रोकने के लिए सीईसी को लेटर भेजने का मुख्यमंत्री का कदम असली वोटरों को बचाने के लिए नहीं था, बल्कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में बोगस वोटरों को बचाने की एक पैनिक से भरी कोशिश थी, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाने में कामयाब रहे। इससे पहले गुरुवार को, सुवेंदु अधिकारी ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि राज्य में बीएलओ पर दबाव एसआईआर से जुड़े काम के बोझ की वजह से नहीं है, जैसा कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने दावा किया है, बल्कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और डिस्ट्रिक्ट इलेक्टोरल ऑफिसर की तरफ से उन पर



रिवीजन एक्सरसाइज के संबंध में गलत तरीकों का सहारा लेने के लिए बेवजह दबाव की वजह से है। सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पूर्वी मिदनापुर, हुगली और पूर्वी बर्दवान जैसे जिलों में, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और डिस्ट्रिक्ट इलेक्टोरल ऑफिसर भी बूथ-लेवल अधिकारियों पर अपने ऑफिशियल ओटीपी या तो डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के साथ या डेटा एंट्री ऑपरेटर के तौर पर नियुक्त सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ शेयर करने का दबाव डालकर फुल-टाइम तृणमूल कांग्रेस के चुनाव एजेंट के तौर पर काम कर रहे थे।

# आउंट आबू के आसमान में घूम रहे एलियन की भारतीय वैज्ञानिकों ने बताई हकीकत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय वैज्ञानिकों ने उन अटकलों को विराम लगा दिया जिसमें कहा जा रहा था कि आसमान में एलियन के जहाज उड़ रहे हैं। भारतीय और अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इंटरस्टेलर वस्तु 31/एटलस की ताजा तस्वीरें जारी की हैं। इसी के साथ वैज्ञानिकों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह एक सामान्य धूमकेतु है, न कि कोई 'एलियन स्पेसशिप। इससे पहले कुछ खगोलविदों ने अनुमान लगाया था कि ये चमकती चीज एलियन का जहाज हो सकती है। अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) के वैज्ञानिकों ने 12 से 15 नवंबर के बीच इस इंटरस्टेलर धूमकेतु का अवलोकन किया और इसकी खास तस्वीरें कैद कीं। इसी के साथ बुधवार को नासा ने भी 31/एटलस की नई तस्वीरें जारी कीं और विदेशी जीवन की किसी भी संभावना को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

पीआरएल के विश्लेषण के अनुसार, 31/एटलस में प्रमुख गैसीय उत्सर्जनों की उत्पादन गति लगभग 10 अणु/सेकंड रही, जो इसे सौरमंडल के 'टिपिकल धूमकेतुओं'की श्रेणी में रखती है। 31/एटलस फिलहाल भीतरी सौरमंडल को छोड़कर बाहर की ओर बढ़ रहा है। भारतीय वैज्ञानिकों ने बताया कि जैसे-जैसे यह रात्रि आकाश के गहरे हिस्से में पहुंचेगा, इसके और अवलोकन किए जाएंगे।

इसरो के अनुसार, पीआरएल के वैज्ञानिकों ने माउंट आबू में 1.2-मीटर टेलीस्कोप (ऊंचाई 1680 मीटर) की मदद से 31/ एटलस को इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक मोड में देखा। तस्वीरों में धूमकेतु का एक लगभग गोलाकार कोमा दिखाई देता है। कोमा वह चमकीला वातावरण है जो धूमकेतु के नाभिक के आसपास बनता है, जब सूर्य की गर्मी से उसकी बर्फीली सतह गैस और धूल में बदलकर फैलने लगती है। वैज्ञानिकों ने धूमकेतु के प्रकाश का स्पेक्ट्रम भी रिकॉर्ड किया है। नासा की विज्ञान मिशन निदेशालय की एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर निकोल फॉक्स ने कहा कि यह बिल्कुल धूमकेतु जैसा ही व्यवहार कर रहा है। हमें अब तक कोई भी ऐसा तकनीकी संकेत नहीं मिला जो यह सुझाए कि यह किसी एलियन जहाज का हिस्सा है। उन्होंने इसे हमारे सौरमंडल का दोस्ताना मेहमान कहा। नासा के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर अमित क्षत्रिया ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि यह दिखने और व्यवहार, दोनों में एक धूमकेतु है। सभी वैज्ञानिक साक्ष्य इसी ओर इशारा करते हैं। नासा ने बताया कि 31/एटलस का अध्ययन हबल, जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप, तथा मंगल की कक्षा में घूम रहे सैटेलाइट सहित एक दर्जन से अधिक वैज्ञानिक प्लेटफॉर्म पर किया गया है।



# बाप-बेटे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। आदर्श नगर इलाके में पानी की सप्लाई को लेकर विवाद होने पर पड़ोसी भाइयों ने पिता-पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया। घायलों की पहचान लाल बाबू शाह और दीप नारायण के रूप में हुई। पुलिस ने घायलों का इलाज करवाने के बाद इनके बयान पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए एक आरोपी को आजादपुर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं भागे हुए एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है।उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 19 नवंबर की रात आदर्श नगर थाना पुलिस को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पिता-पुत्र को घायल अवस्था में भर्ती कराए जाने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस ने देखा कि वहां लालबाग झुग्गी निवासी 40 साल के लाल बाबू शाह और उसके बेटे दीप नारायण का इलाज चल रहा था। दोनों पर चाकू से हमला किया गया था। लाल बाबू शाह ने बताया कि वह लालबाग सी ब्लॉक में छह माह से रिंकू माथुर के मकान की तीसरी मंजिल पर रह रहे हैं। 19 नवंबर की रात 8.40 बजे वह शौचालय की ओर जा रहे थे। उन्होंने भूतल पर रहने वाली गीता देवी को अपने घर के बाहर पानी भरते हुए देखा। उन्होंने गीता देवी से कहा कि उनके पानी भरने से तीसरी मंजिल के पानी सप्लाई प्रभावित हो रही थी। कुछ देर बाद गीता देवी का बेटा करण और चंदन चाकू लेकर शिकायतकर्ता के कमरे में पहुंचे और पिता-पुत्र पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग गए। पड़ोसियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी लव अत्रेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान आजादपुर बस टर्मिनल की ओर जा रहा है। पुलिस ने इस सूचना पर तुरंत बस टर्मिनल पहुंचकर चंदन कुमार पड़ोसियों में कहासुनी हो गई थी। अचानक उकसावे और पहले से विवाद के कारण उसने भाई के साथ




पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि आरोपी चंदन दिल्ली से भागने की कोशिश में है और को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी चंदन ने बताया कि घटना वाले दिन पानी की सप्लाई को लेकर पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। पुलिस दूसरे आरोपी करण की तलाश कर रही है।

# जहरीली हवा से उखड़ रहीं सांसें, दो मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा गंभीर, कई पर बेहद खराब

नई दिल्ली। राजधानी में हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण में भले ही लोगों को हल्की राहत मिली है, लेकिन लोगों की सांसें अभी भी उखड़ रही हैं। सोमवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में कुहासे के साथ स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी सही रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 26 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 401 दर्ज किया गया, यह गंभीर श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 390, गुरुग्राम में 253 और नोएडा में 358 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 247 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 18.76 फीसदी रहा। वहीं, हवा में पराली से होने वाला प्रदूषण 8.29 फीसदी रहा। पराली जलाने के 1,576 मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बुधवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहेगी। सीपीसीबी के अनुसार, सोमवार को हवा उत्तर दिशा से 15 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 1200 मीटर रही। वेंटिलेशन इंडेक्स 4500 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, शाम चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 309.4 और पीएम2.5 की मात्रा 177.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी के दो मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा गंभीर और कई में बेहद खराब में रिकॉर्ड की गई।

# स्कूल जा रहे छात्र पर चढ़ी कैब, बहन के साथ जा रहा था मासूम

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी में स्कूल जा रहे एक नाबालिग छात्र के ऊपर पीछे से आ रही कैब चढ़ गई। हादसा सोसाइटी के भीतर उस समय हुआ जब छात्र अपनी बहन के साथ दौड़ते हुए स्कूल के लिए गेट की तरफ जा रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि छात्र अचानक फिसलकर गिर जाता है और ठीक उसी क्षण पीछे से आ रही कैब का अगला पहिया उसके ऊपर चढ़ जाता है। गनीमत यह रही कि चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया और वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बच्चे को कैब के नीचे से बाहर निकाला। हादसे में छात्र के हाथ-पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। उसे तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। डॉक्टरों के अनुसार छात्र को बाहरी और कुछ आंतरिक चोटें भी आई हैं। चोट के कारण वह स्कूल नहीं जा पा रहा है। सोसाइटी निवासियों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए बताया कि प्रवेश और निकास गेट के पास अवैध तरीके से गाड़ियां खड़ी रहती हैं। जिससे वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। बिल्डर की ओर से सुरक्षित आवाजाही के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की गई है। सोसाइटी के अंदर स्पीड ब्रेकर भी नहीं बने हैं। जिसकी वजह से आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं। घटना के बाद अभिभावकों और सोसाइटी निवासियों में दहशत का माहौल है। उन्होंने बिल्डर से वाहनों की पार्किंग के साथ सोसाइटी परिसर में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांद की है।

# दिल्ली में अस्पतालों की अनदेखी पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली। राजधानी में आयुष्मान भारतङ्कप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की देखरेख एजेंसी करेगी। यह कदम मरीजों को उपचार में मिलने वाली दिक्कतों को दूर करने के मद्देजनर उठाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जा सके। दरअसल, इस योजना के तहत अभी ज्यादा अस्पताल जुड़े नहीं है। साथ ही मौजूदा जुड़े अस्पताल मरीजों को उपचार देने में आनाकानी भी करते है। इस समस्या को दूर करने के लिए एक नई इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी के चयन को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। स्टेट हेल्थ एजेंसी ने निविदा भी जारी कर दी है। यह एजेंसी अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित करने, योजना का संचालन करने, धोखाधड़ी की रोकथाम करने, प्रक्रियाओं का अन्य प्राधिकारी से औपचारिक मंजूरी दिलाने, कॉल सेंटर प्रबंधन, ऑडिट अनुपालन, भुगतान प्रक्रिया और प्रबंधन, राज्य स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती करने, मरीज फॉलोअप, कैशलेस और पेपरलेस उपचार, प्री और पोस्ट हॉस्पिटलाइजेशन कवर, योग्य लाभार्थियों को शामिल करने सहित कई दूसरे कार्यों की देखरेख करेगी। दिल्ली में यह योजना अप्रैल वर्ष में लागू की गई थी। अभी तक चार लाख से ज्यादा लाभार्थी योजना के तहत कार्ड बनाए गए हैं


**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mrs. Bhavya Poptani W/o Mr. Rakesh Poptani is the owner of Freehold Residential Built-up Ground Floor, Left Hand Side, area measuring 100 Sq. Yds., Built on Property Bearing No. D-34, Situated in the area of Village Gharonda Neem ka Banger alias Patpar Ganj, in the abadi of D-Block, Pandav Nagar, Illaqa, Shahdara, Delhi-110092. by virtue of Sale Deed dated 11.06.2024 vide Doc. No. 2024/5/I/4636, Vol. No. 3434, Book No. 1, Pages No. 175-188, SR-East Preet Vihar., in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Surviving Member Certificate of Late Shri Sanjeev Sharma now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mrs. Punita Makhijani W/o Mr. Karan Makhijani and same has been finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Laxmi Nagar, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, MAHIPAL S/O BHOOP SINGH, R/O HOUSE Notes, NEAR MATA CHOWK, POST RAOTA, RAWTA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110073, HAVE CHANGED MY MINOR SON NAME FROM PARAMVEER TO PARAMVEER PHALSWAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, MAHIPAL S/O BHOOP SINGH, R/O, HOUSE NO-35, NEAR MATA CHOWK, POST RAOTA,RAWTA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110073, HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER NAME FROM KULVEERA TO KULVEERA PHALSWAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client M/s. Homtech Homes & M/S Aditee Buildcon Pvt. Ltd. are the owner of Freehold Residential Plot No. 1, 3, 4 Out of Khasra No. 651, 652, 653, 654MI/, 654MI and 666MI., Situated at Building known as "Homtech Homes - II" in the area of Village Hoshiarpur, Noida, Tehsil- Dadri, District- Gautam Budh Nagar, U.P. by virtue of Sale Deed dated 07.06.2024 Vide Doc. No. 6398, Vol. No. 12823, Book No. 1, Page No. 229-248, SR- I Noida & others Sale Deed, in the chain document below mentioned documents not available i.e. Probate Order with respect of Regd. WILL dated 12.11.2013., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Flat No. UG-08, on Upper Ground Floor without roof rights sold too be Mr. Gautam Kumar and same has been finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: NSP, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Anshu D/O Chandra Bhan, R/O H. No.A-331, Gali No. - 17, Gagan Vihar, Bhopura, Sahibabad, PO: Ghaziabad, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001, have changed my name and shall hereafter be known as KIRTI

**NAME CHANGE**

I, Samrun Nishan W/o Makhdoom Ali R/o House No.54, Gali No.8, Shaheed Bhagat Singh Colony, New Sabhapur Gujran, Karawal Nagar, Delhi-110094 have changed my name to Sairun Nisha.

**NAME CHANGE**

I, SARIA BAKAR / SARIYA KARIM W/O SYED SHADAB KARIM R/O H NO-80/88, LATOUCH ROAD, KANPUR, UTTAR PRADESH-208001, have changed my name to SARIYA BAKAR for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, SAMUNDRA SINGH Father of No-16019182W Rank-HAV Name-RAMSARAN Presently residing at VILL-PATHANA, TEH-BUHANA, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333515, have changed my name from SAMUNDRA SINGH to SAMUDRA SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 17/11/2025 before Notary Public, Jhunjhunu, Rajasthan.

**NAME CHANGE**

I, MADDI DEVI Mother of No-16019182W Rank-HAV Name-RAMSARAN Presently residing at VILL-PATHANA, TEH-BUHANA, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333515, have changed my name from MADDI DEVI to MADI DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 17/11/2025 before Notary Public, Jhunjhunu, Rajasthan.

**NAME CHANGE**

I, Iftekhar Ahmed S/o Abdul Latif R/o Abdul Latif, Yahiya Manzil, Shaikh Mohalla, Siwan, Bihar-841226 have changed my name to Iftekhar Ahmad.

**PUBLIC NOTICE**

"Be it known to all that my clients namely Sh. Ashok Kumar S/o Late Sh. Hanuman Prasad and his wife namely Smt. Anju, both R/o H-72A, Vijay Vihar, Phase-2, Rohini, North West Delhi, Delhi-110085 have disowned, debarred our elder daughter namely Komal and her husband namely Vishnu Prasad @ Sagar and younger daughter namely Kanchan @ Mona and her husband namely Surjeet Kumar from all our moveable and immoveable properties because all of them above named are out of control of my clients. My clients have severed all relations with them. Henceforth, my clients shall not be responsible for any acts, deeds and things of their above named both daughters and son-in-laws (both daamaad) and anybody dealing with them in any manner shall be doing so at his/her own risk and responsibility."

**BARUN KUMAR Advocate**
Seat No.51, Hall No.2, (1st floor)
Lawyers Chamber Complex
District Courts Dwarka, Sector 10,
New Delhi-110075

**NAME CHANGE**

I MUSKAN D/O AKSHAY VERMA R/O FLAT NO 4/B, PLOT NO 4, BLOCK B PHASE -1,SHYAM VIHAR DINDAR PUR DELHI -110043, I have changed my name to MUSKAN VERMA Permanently

**NAME CHANGE**

I AKSHAY KUMAR S/O ISHWAR SINGH R/O M-134,BLOCK M MANGOLPURI DELHI-110083 ,I have changed my name to AKSHAY Permanently

**NAME CHANGE**

I, NAEEM S/o Mohd Haneef R/o E-149, Gali No.5, Shubhash Mohalla, Maujpur,Seelampur, Delhi-110053, have changed my name to NAEEM ANSARI permanently

**NAME CHANGE**

I, MADAN KUMAR S/o Shyam Dev Manjhi R/o H.No.116 7C, Dundsa (50), PO.Asaoti, Dist. Plwal, Haryana-121102, have changed my name to MADAN KUMAR MANJHI permanently

**NAME CHANGE**

I, KM TASEEN D/o MOHAMMAD ADIL, R/o URVASHI ROAD, MOHALLA BAGIYA, FIROZABAD, UTTAR PRADESH-283203, have changed my name and shall hereafter be known as TASEEN.

**NAME CHANGE**

I, MANORAMA W/o Sanjay Kumar Singh R/o 2, Lodhi Estate Lodhi Garden Near Khan Market Lodhi Road, central Delhi Delhi-110003 have changed the name of my minor daughter CHINKI alias SHALINI SINGH aged 16 years and she shall hereafter be known as SHALINI SINGH

**NAME CHANGE**

I, NIDHI RAWAT Wife of No-18012885F Rank-HAV Name-SHASHANK RAWAT Presently residing at VPO-KADRABAD, AFZALGARH, DIST-BIJNOR, UTTAR PRADESH-246722, have changed my name from NIDHI RAWAT to NIDHI JUYAL for all future purposes vide Affidavit dated 21/11/2025 before Executive Magistrate, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No.-14834821Y Rank-HAV/MT Name-GHATE SACHIN MADHORAO legal father of AARADHYA residing at- PLOT No. 1903, NEAR MATA MANDIR, VILL-NARA, PO- JARIPATKA, TEHSIL-NAGPUR, DISTT-NAGPUR, MAHARASHTRA-440014, have changed my minor daughter's name from AARADHYA to AARADHYA SACHIN GHATE for all future purposes vide affidavit dated 21/11/2025 Before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No.-14834821Y Rank-HAV/MT Name-GHATE SACHIN MADHORAO residing at- PLOT No. 1903, NEAR MATA MANDIR, VILL-NARA, PO- JARIPATKA, TEHSIL-NAGPUR, DISTT-NAGPUR, MAHARASHTRA-440014, have changed my wife's name from CHETANA to CHETANA SACHIN GHATE for all future purposes vide affidavit dated 21/11/2025 Before Notary Public, Delhi.

SINGULARITY CREDITWORLD
Singularity Creditworld Private Limited
16th Floor, D Wing, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra 400013
CIN No.: U65999MH2019PTC323144

TrustLenders Financing Stress Free
TrustLenders Capital Private Limited
House No.18, Block B-1, Malka Ganj Delhi, North Delhi DL 110007, India
CIN No.: U65999DL2018PTC338069

**POSSESSION NOTICE**

**Common Possession Notice for Immovable Properties of more than one borrower by the same Authorised Officer** (For Immovable property)

Whereas the undersigned being the Authorised Officer of the Singularity Credit World Pvt Ltd and Trustlenders Capital Pvt Ltd under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred under Section 13 read with the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued demand notice/s on the dates mentioned against each account calling upon the respective borrower/s to repay the amount as mentioned against each account within 60 days from the date of notice(s)/ date of receipt of the said notice(s).

**The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under sub-section (4) of Section 13 of Act read with Rule 8 of the Security Interest Enforcement) Rules, 2002 on this the 22th day of November of the year 2025.**

The borrower/s in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property/ies and any dealing with the property/les will be subject to the charge of Singularity Credit World Pvt Ltd and Trustlenders Capital Pvt Ltd for the amounts and interest thereon.

| S No. | Name of the branch | Name of the Account | Name of the borrower (Owner of the property) | Description of the property mortgaged | Date of demand notice | Date of affixture of possession on notice | Amount Outstanding as on the date of demand notice. | Name of the Authorised Officer/s |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sector 03 Noida | Mr. Amar Singh | Mrs. Navneet<br>Mr. Amar Singh<br>Mrs. Geeta Devi | PLOT NO.2/3 KHASRA NO.1274 SUN CITY PHASE-2 VILLAGE PAVI SADAKPUR PARGANA & TEHSIL LONI DISTRICT GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201001 | 18.08.2025 | 22.11.2025 | Rs. 35,71,641/- | Ajay Kumar Jha |

The borrower's/guarantor's/mortgagor's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act in respect of time available, to redeem the secured assets.

Date : DELHI
Place: 22.11.2025

Singularity Credit World Pvt Ltd and Trustlenders Capital Pvt Ltd
(Authorised Officer)
Ajay Kumar Jha


# छात्र संघ की संयुक्त सचिव दो माह के लिए निलंबित, प्रोफेसर से विवाद पर माफी की शर्त

दिल्ली। नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय विदेशी मुद्रा व्यापार (फॉरेक्स ट्रेडिंग) धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पूरे देश में लोगों को फेसबुक, व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए नकली निवेश योजनाओं में फंसाकर करोड़ों रुपये ठग रहा था। पुलिस ने तीन आरोपियों अनुराग कुमार, जीशान सैयद (इंडसइंड बैंक का सेल्स मैनेजर) और मुख्य संचालक हिमांशु गुप्ता को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह फर्जी कंपनियों के नाम पर चालू खाते खोलकर उन्हें दुबई में बैठे साइबर अपराधियों को सौंप देता था, ताकि ठगे गए पैसे को उन खातों के जरिए तेजी से घुमाया और सफेद किया जा सके। अब तक की जांच में सामने आया है कि गिरोह पीड़ितों से लगभग 40 लाख रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि जांच में पता चला कि आरोपी फर्जी कंपनियों जैसे रीबूट्ज सिंक प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड के




जरिए खच्चर (म्यूल) खाते खोलते थे और पूरी बैंकिंग किट एटीएम कार्ड, चेक बुक, सिम और नेट बैंकिंग एक्सेस दुबई में बैठे संचालकों को भेज देते थे। फर्जी ट्रेडिंग एप और हेराफेरी किए गए डैशबोर्ड से पीड़ितों को बार-बार पैसा जमा कराने के लिए उकसाया जाता था। गिरफ्तार बैंक मैनेजर जीशान अपने पद का दुरुपयोग करके खातों को सक्रिय और ऑपरेशनल बनाता था, जबकि हिमांशु गुप्ता पूरे नेटवर्क को जोड़ने और बैंकिंग किट विदेश भेजने का प्रमुख समन्वयक था।


**LOST AND FOUND**

I, RAJEEV GULATI S/O DHARAM PAL GULATI, residing at 9/44 KIRTI NAGAR INDUSTRIAL AREA , KIRTI NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110015, declare that I have missing/lost my original PROPERTY DOCUMENTS in KIRTI NAGAR INDUSTRIAL AREA, DELHI like SUPPL MENTAL DEED / WILL / SUBSTITUTION LETTER, and my father DHARMA PAL GULATI Death Certificate, Finder may contact at:-Mob No-9811514430

**NAME CHANGE**

I, Varun Kumar S/O Ravinder Kumar Shrivastava R/O a-104 Dichaon Enclave, Dichaon Kalan, Najafgarh, Delhi 110043 Have Changed My Name to Varun Kumar Shrivastav for All Future Purposes.

**NAME CHANGE**

I, Sachin S/O Ashok Sharma R/O 497, Nai Basti Bombey Colony Nand Gram, Ahmadnagar Nayabars, Ghaziabad,Uttar Pradesh - 201003, Have changed my name to Sachin Sharma for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, MANORAMA W/o Sanjay Kumar Singh R/o 2 Lodhi Estate Lodhi Garden Near Khan Lodhi central Delhi Delhi-110033 have changed the name of my minor daughter CHINKI alias SHALINI SINGH aged 16 years and she shall hereafter be known as SHALINI SINGH

**PUBLIC NOTICE**

That my clients Sh. TARUN ARORA S/O Sh. RAM PRAKASH & Smt. RENU ARORA W/O Sh. TARUN ARORA R/O B-101 Vivek Vihar, Phase 1, Delhi 110095 both have severed all their relations with their son namely Sh. RISHABH ARORA due to his bad habits, cheating and misconduct. That my above named clients have also disowned and debarred their son from all their moveable and immovable properties. RISHABH ARORA shall not have any right, interest, title or claim whatsoever in our properties henceforth. Anybody dealing with our son will be held responsible at their own risk and responsibilities and my above named clients will not be responsible for any act or dealing done by RISHABH ARORA.

**HARANSH SINGH Advocate**
Chamber No. D-214, karkardooma courts complex Delhi-110032.
Mob No.9871257505, 7290000668

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mrs. Krishan Saini W/o Mr. Mohan Singh is the owner of Freehold Residential House, area measuring 72 Sq. Yards, out of Khewat Khata No. 31/33, Mustkil No. 8, Kila No. 22/1(6-11), situated at Waka Mauza Jakhopur, Ander Nagar Palika Ward No.9, Tehsil Sohna, District Gurugram, Haryana. by virtue of Sale Deed dated 06.06.2017 as Doc. No. 635, in Book No. 1, SR- Sohna. till date and has lost/Misplace his Sale Deed dated 08.01.2014 vide Doc no. 4987 SR- Sohna it was executed in favour of Mrs. Itigian S/o Mr. Babu Gayen. now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mrs. Reeya and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch: Sohna Road Gurugram Haryana. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, JOGENDER SINGH S/O HARNAM SINGH R/O H.NO.47,THIRD FLOOR,KH NO.17/10 NIHAR VIHAR PH-2, A-BLOCK, NANGLOI, DELHI-110041 HAVE CHANGED MY NAME TO JOGINDER SINGH

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as SAKSHI D/O SATISH CHANDER BHARDWAJ R/O 1553, PANA MAMURPUR, NARELA, NORTH WEST DELHI, DELHI-110040 have changed my name and shall hereafter be known as SAKSHI SHARMA.

**PUBLIC NOTICE**

I, RAJVEER SINGH SHEKHAWAT S/O BALVIR SINGH SHEKHAWAT R/O H. No- 1417, TOWER- E, ASHIANA LE-RESIDENCY, Near COLAMBIA ASHIA HOSPITAL POST, KAVI Nager, GOLF LINKS MEHRAULI, Ghaziabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201002, have changed the name of my minor daughter SURYA aged 16 Years and She shall hereafter be known as SURYANSHI SHEKHAWAT.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, KARVI DHAR W/O PARITOSH DHAR R/O H.N0-369, ST.NO-5, SANGAM VIHAR, AZAD CHOWK, WAZIRABAD, Badar pur Majra Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of mine has been wrongly written as KABERI DHAR in my minor son namely PRIYANSHU DHAR aged 14 years in his school records. The actual name of mine is KARVI DHAR, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, NO-15457626W, Rank-NK (DHYG), Name-NANDHAN A C residing at VPO-OLLUKKARA, TEHSIL-THRISSUR, DIST-THRISSUR, KERALA-680655, have changed my mother's name from BEENA N K to BEENA for all future purposes vide Affidavit dated 21/11/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-15449277H, Rank-HAV (CLK SD), Name-ONKAR SINGH residing at VPO-BAJRAWAR, TEHSIL-HOSHIARPUR, DIST-HOSHIARPUR, PUNJAB-146104, have changed my mother's name from MANJEET KAUR to MANJIT KAUR for all future purposes vide Affidavit dated 21/11/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I Mo Amin S/O Md Asin R/O 63- Block-A Suraksha Vihar, Vikas Nagar delhi 110059 changed my name to Md Amin.

**NAME CHANGE**

I Jagriti Kumari D/O Naresh Kumar R/O H.no-A144 Type-2 Chanakyapuri delhi 110021 changed my name to Jagriti.

**NAME CHANGE**

I Ateeq Ahmed S/O Sayed Ahmed R/O 43/6- Kh.no-274/228/173 Gali no-9 Wazirabad Village delhi 110084 changed my name to Atiq Ahmed.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform/known to all that the Original Title/Ownership documents i.e. Regd. General Power of Attorney Dated 24.04.2000 With Document No. 1832 and Regd. WILL Dated 24.04.2000 With Document No. 1308 and Notarised Agreement To Sell and Purchase Which is executed by Sh. Rajender Parshad Saini in favour of Ms. Shelja pertaining to "Front Side Portion, First Floor, Property Bearing MCD No.91, Measuring Area 50 Sq. Yds. Khasra No. 1242/433 MIN, Situated at Bhagwan Nagar, Village Kilokari, New Delhi 110014. (hereinafter referred to as 'said property') Which is owned and Possessed by Seller i.e. Smt. Narendar Kaur who has agreed to Sell the 'said property' to Sh. Ranbir Singh and same shall be funded/Mortgaged by My Client "AADHAR HOUSING FINANCE Ltd., GOVINDPURI BRANCH" has been lost / Misplaced Somewhere and are not traceable. Anybody who find the above said original document(s) please inform the undersigned within 7 days from the date hereof, failing which the claim(s) shall be considered to have been waived and/or abandoned and my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of Mortgage on the Property. Also, If any person misuses the same for any purpose whatsoever, She / he shall be liable for the appropriate legal action against him/ her at his/her own risk, cost and consequences

Dated: 21.11.2025
Place : Delhi
Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

**NAME CHANGE**

I Varas Alli S/O Mohd Taki R/O. Plot No-80, Kh No-24/1, Main 30 Ft Road, Rajeev Nagar, Mandoli, Delhi-110093 have changed my name to Waris Ali.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as MD AKIB S/O SABIR ALI R/O Budh Nagar, Alapur, Loni Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed my name and shall hereafter be known as AQUIB.

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mrs. Suresh Lata W/o Mr. Bhagmal is the owner of Freehold Residential Built-up Property No. P-131-A, area measuring 35 Sq. Yds. i.e., 29.26 Sq. Mtrs., Vacant plot, With Right of Upper Construction upto the last story as permissible by law, out of Khasra No. 613/184, Situated at abadi Gali No. 9, Shankar Nagar Extn. In the area of Village Ghondli, Illaqa Shahdara, New Delhi-110051. by virtue of Sale Deed dated 12.09.2025 (Vide Doc. No. 2025/18/I/8281, Vol. No. 5831, Book No. 1, on Pages No. 55-74, in SRO- IV-B Vivek Vihar., in the chain documents below mentioned documents not available i.e. SMC of Late Mr. Jitender Arya S/o Mr. Shyam Lal Arya who Died on 08.11.2021., now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and same property Sold too be Mr. Manish Kumar Jha & Mrs. Anu Jha and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar, New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**COURT NOTICE**

**IN THE COURT OF CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION AT THANE**

Summary Civil Suit No. 13/2024
Ext 23

ROUTESTAR LOGISTICS ......**Plaintiff**
Versus
MR. SAGAR KUMAR .......**Defendants**

**NOTICE THROUGH PUBLICATION**

To.
Sagar Kumar, Proprietor M/s Zaptoes International, having address at Plot No. 194, Sector 16, H.S.I.I.D.C. Bahadurgadh, Jhajjar, Haryana-124507

Whereas, the above named Plaintiff has instituted the above noted Summary Civil Suit against you under Order XXXVII of Civil Procedure Code, 1908 for recovery of Rs. 31,30,518/- and for further interest and cost. But, the Summons issued through registered post (RPAD) was returned unserved.

You are hereby directed to appear **within ten days** from the date of publication of this Summons, in default whereof the Plaintiff will be entitled, after the expiration of the said period of ten days, to obtain a decree for a sum of Rs. 31,30,518/- with further interest thereon, if any, as the Court may order.

If you cause an appearance before the court, the Plaintiff will thereafter serve upon you a Summons for Judgement at a hearing of which you will be entitled to move to the Court for leave to defend the Suit.

Leave to defend may be obtained if you satisfy the Court by affidavit or otherwise that there is a defense to the Suit on the merits or that it is reasonable that you should be allowed to defend.

Given under my hand and the seal of the Court, this 12 day of November 2025.

**Civil Judge**
**S.D Thane, Navi Mumbai**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **राजेश चौहान, पुत्रः भीम सिंह, निवासीः ए-170, येदु अपार्टमेंट, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.65/2017 U/S. 325/341/506/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना ज्योति नगर, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राजेश चौहान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राजेश चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.65/2017 U/S. 325/341/506/34 IPC, थाना ज्योति नगर, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश चौहान** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **24.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, राहुल सैनी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-08
शाहदरा जिला, कमरा संख्या जी-06,
नया कोर्ट भवन, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/15690/NE/2025**
(अदालती मामला)



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## तावडू में सीएम फ्लाइंग की ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कंप

**एजेंसी**

**तावडू।** सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने क्षेत्र में सुबह से शाम चार बजे तक ताबड़तोड़ छापेमारी की। इनमें सबसे पहले तावडू बीडीपीओ कार्यालय कलवाड़ी, उसके बाद नगर में मिठाई की दुकान व गोदाम और गोगजाका गांव में पनीर के गोदाम पर छापेमारी की। एक ही दिन में चार अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए बीडीपीओ कार्यालय से लेकर मिठाई गोदाम और पनीर डेयरी तक में अनियमितताएं पकड़ी गईं। खंड पंचायत विकास कार्यालय में खुद बीडीपीओ सहित अन्य सरकारी कर्मचारी गैरहाजिर मिले, जबकि मिठाई और पनीर के कुल 24 सैंपल जांच के लिए भेजे गए तथा एक मिठाई गोदाम में बिजली चोरी का भी खुलासा हुआ। सीएम फ्लाइंग टीम से मिली जानकारी के मुताबिक सबसे पहले सुबह 9:15 बजे बीडीपीओ कार्यालय कलवाड़ी पहुंची,जहां टीम को बीडीपीओ अरुण कुमार मौजूद नहीं मिले। फोन करने पर उन्होंने खुद को मीटिंग में बताया लेकिन लोकेशन भेजने से मना कर दिया और कोई अधिकारिक दस्तावेज भी नहीं दिखाया। कार्यालय में अन्य कर्मचारी भी अनुपस्थित पाए गए जिनमें दो साल से लगातार गैरहाजिर चल रहे अकाउंटेंट सतेंद्र कुमार भी शामिल हैं। अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ विकास एवं पंचायत विभाग चंडीगढ़ को सख्त कार्रवाई की रिपोर्ट भेजी गई है। इसके बाद सुबह करीब 11:30 बजे तावडू बस स्टैंड के पास मंगला स्वीट्स पर छापा पड़ा।

## अब इलाज के लिए 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता - उपायुक्त

**तावडू।** हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को और सरल बना दिया गया है। अब पात्र आवेदक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर मात्र 15 दिनों में आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि आर्थिक सहायता की पूरी प्रक्रिया अब सरल पोर्टल के माध्यम से डिजिटल मोड में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत राशि सीधे लाभार्थी या आवेदक के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक अपने परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदकों को अपने मेडिकल बिल, ओपीडी बिल सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। योजना में किए गए संशोधनों के अनुसार यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं है, तो आयुष्मान लाभार्थी भी मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्राप्त कर सकेंगे। उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित सांसद, विधायक, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद/नगर पालिका अध्यक्ष, जिला परिषद चेयरमैन, पंचायत समिति चेयरमैन सदस्य होंगे तथा नगराधीश नोडल अधिकारी होंगे।

## भारतीय डाक विभाग ने शुरू की स्टूडेंट मेल,स्पीड पोस्ट पर मिलेगी छूट

**पानीपत।** भारतीय डाक विभाग द्वारा छात्रों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्टूडेंट मेल नामक विशेष डिस्काउंट योजना शुरू की गई है जो सभी डाकघरों में प्रभावी हो चुकी है। इस योजना के तहत स्पीड पोस्ट सेवाओं पर डाक शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, जो केवल रिटेल बुकिंग पर होगी तथा यह सेवा बल्क व बी.एन.पी. एल ग्राहको पर मान्य नहीं होगी। पानीपत डाकघर के प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रेषक स्वयं छात्र होना चाहिए तथा प्राप्तकर्ता कोई मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान (स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय) या भर्ती एजेंसी (जैसे यूपीएससी, राज्य पीएससी एनटीए आदि) होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बुकिंग के समय छात्र को अपना वैध छात्र पहचान पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा तथा उसकी स्पष्ट फोटोकापी काउंटर पर जमा करनी होगी। स्टूडेंट को लिफाफे/दस्तावेज के सामने की ओर स्टूडेंट मेल स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है काउंटर पर डाक सहायक छात्र पहचान पत्र की जाँच कर प्रेषक का नाम व आईडी नंबर सिस्टम में दर्ज करेगा तथा स्टूडेंट मेल विकल्प चुनने पर 10 प्रतिशत छूट स्वतः लागू हो जाएगी । यह छूट केवल डाक शुल्क पर लागू होगी। इस योजना से छात्रों को यूपीएससी, राज्य पीएससी, एनटीए आदि की परीक्षाओं हेतु आवेदन, दस्तावेज एवं शैक्षणिक सामग्री भेजने में सुविधा एवं बचत होगी।


## बिजली कर्मियों का निगम की ठेका प्रथा की गठरी सिर पर रखकर प्रदर्शन

**सोनीपत।** बिजली निगम से ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के कार्यालय तक सिर पर ठेका प्रथा की गठरी सिर रखकर नारेबाजी करते हुए पहुंचे। कार्यालयपहुंचकर उन्होंने सहायक अमित को ज्ञापन सौंपा। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि ठेका प्रथा पूरे प्रदेश के युवाओं के शोषण का कारण बन चुकी है। ठेकेदार मनमर्जी से कर्मचारियों से काम करवाकर उनका शोषण करते हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। बिजली निगम, सफाई सेवाओं सहित विभिन्न विभागों में लगे कर्मचारी लंबे समय से धरने पर बैठे हैं और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठेका प्रथा अंग्रेजी शासन की सोच का परिणाम है, जो आज भी युवाओं को बंधन में रखे हुए है। समान रोजगार और समान वेतन का नारा देने वाली सरकार के कार्यकाल में ही युवाओं का खुला शोषण हो रहा है। यह नारा केवल कागजों तक सीमित होकर रह गया है और युवाओं की अपेक्षाओं को आघात पहुंचा रहा है।

# वोट चोरी का मुद्दा बेबुनियाद, कांग्रेस एक भी शिकायत नहीं दे सकी : अनिल विज


**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नीतिश कुमार द्वारा दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनता के भरोसे और विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने स्पष्ट रूप से एनडीए की राजनीति पर अपनी मोहर लगाई है, जबकि चुनाव परिणामों के बाद एनडीए के विरोध में खड़ी हुई अन्य पार्टियों के दफ्तर बंद पड़े हैं। जनता ने झूठ और फरेब की राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे वोट चोरी के मुद्दे को पूरी तरह बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि आज तक कांग्रेस एक भी लिखित शिकायत दर्ज नहीं करवा सकी है। वे कहते हैं कि एक से अधिक वोट बने, लेकिन यह नहीं बताते कि वह वोट किसने बनाए और किसके नाम पर डाले गए। विज ने उदाहरण देते हुए कहा कि अंबाला




जिले के मुलाना विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के 232 वोट बने हुए मिले थे और वहां से कांग्रेस के विधायक और सांसद दोनों जीते हैं। ऐसे में यह कैसे तय होगा कि फर्जी वोटों का लाभ किसे मिला? उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना तथ्य के विवाद पैदा कर, जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। बिहार चुनाव के बाद महागठबंधन में दिखाई दे रही टूट पर विज ने टिप्पणी की कि परिणाम आने के बाद उनके सभी दफ्तर बंद हो गए हैं और जनता ने झूठ फैलाने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान राहुल गांधी का मछलियां पकड़ने वाला दृश्य अधिक चर्चित रहा, और अब उन्हें उसी काम में ध्यान देना चाहिए। विज ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर के मुद्दे पर पूरी तरह असफल हो चुकी है। जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस अपनी हार छिपाने के लिए केवल नौटंकी कर रही है। हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी और पोस्टरों पर नेताओं की तस्वीरें गायब होने पर विज ने कहा कि कांग्रेस वास्तव में कोई संगठित पार्टी नहीं रह गई, बल्कि यह अलग-अलग कुनबों और छोटे-छोटे समूहों का संगठन मात्र है। न इसमें अनुशासन है और न ही लोकतांत्रिक परंपराओं में विश्वास। पाकिस्तान द्वारा लाल किले हमले के बाद भारत पर संभावित कार्रवाई को लेकर जताई गई चिंता पर विज ने सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब गलत काम करते हैं तो उनका उचित उत्तर मिलना ही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि देश के खिलाफ ऐसे काम करने या कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सांस अभियान में बच्चों की जान बचाना हमारा सर्वोच्च धर्म : डॉ. वीरेंद्र दहिया




**एजेंसी**

**पानीपत।** लघु सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला टास्क फोर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सांस अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पांच वर्ष से कम आयु के हर बच्चे की साँसों की सुरक्षा का संकल्प है। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि निमोनिया ऐसी बीमारी है जिसे समय पर पहचान, जागरूकता और समुचित उपचार से पूरी तरह रोका जा सकता है। इसलिए इस अभियान को सफल बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि सभी तालमेल और प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका निभाएँ। गांव स्तर तक मनादी कराई जाए और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा एएनएम का पूरा सहयोग सुनिश्चित किया जाए। कोई भी परिवार, कोई भी बच्चा इस जागरूकता से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि हर स्वास्थ्य संस्थान में ऑक्सीजन, दवाइयों और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। जब विभाग एकजुट होकर मिशन मोड में काम करते हैं तो परिणाम हमेशा बेहतर आते हैं। इसलिए हम सभी को मिलकर निमोनिया के खतरे को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

# सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुनेंगे जन समस्याएं

**एजेंसी**

**झज्जर।** बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सभी सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन अब हर मंगलवार और शुक्रवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुनवाई करेंगे। यह निर्णय लोक निर्माण विभाग बहादुरगढ़ के विश्राम गृह में आयोजित सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन की बैठक में लिया गया।

बैठक में सभी छह सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी ने की। इस दौरान चेष्टा कौशिक के प्रतिनिधि व भाजपा नेता दिनेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामकंवार सैनी ने बताया कि सरकार ने बहादुरगढ़ में छह एमिनेंट पर्सन नियुक्त किए हैं। सभी का दायित्व है कि जनता और सरकार के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करें और सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करवाएं।



उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक जब सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करता है तो हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि संबंधित अधिकारी से मिलकर समस्या का समाधान करवाएं।

शेखर कौशिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में शुरू की गई सीएम विंडो ने वर्षों से आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से हल किया है। इसी जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए बहादुरगढ़ में भी सभी शिकायतों का निपटारा संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसकी भी शिकायत सीएम विंडो पर लंबित है, वह हर मंगलवार और शुक्रवार सुबह 11 से 2 बजे के बीच पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उपस्थित होकर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन से मिल सकता है। अब इन निर्धारित दिनों पर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन विकास काजला मंजीत पांचाल, रमेश आर्य और मनोज राठी भी मौजूद रहे।

# सोनीपत में 28 नवंबर से भव्यता से शुरू होगा गीता महोत्सव

**एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव इस बार 28 नवंबर से एक दिसंबर तक सुभाष स्टेडियम में उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह सामूहिक स्वरूप में होगा, जिसमें जिले के सभी सामाजिक, धार्मिक और अन्य संगठन सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभिन्न संस्थाओं के साथ तालमेल बनाकर महोत्सव को सफल व यादगार बनाने की कार्रवाई करें। तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, अनेक संगठनों और अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गीता जयंती केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत स्वरूप




है। इसलिए हर जिलेवासी को इसमें उत्साहपूर्वक शामिल होकर गीता के संदेश को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 28 नवंबर को स्कूलों और कॉलेजों में गीता विषयक सेमिनारों से होगी, जिनमें विशेषज्ञ गीता के महत्व पर उद्बोधन देंगे। 29 नवंबर को सुभाष स्टेडियम में हवन और गीता पूजन के साथ मुख्य समारोह आरंभ होगा। इस दौरान विभिन्न विभाग अपनी प्रदर्शनी लगाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें बच्चों और लोक कलाकारों की भागीदारी रहेगी। सेमिनारों में गीता श्लोक उच्चारण और सांस्कृतिक कार्यक्रम एक साथ प्रस्तुत किए जाएंगे। अंतिम दिन 01 दिसंबर को सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें गीता पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके साथ दीपोत्सव भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी मलकित सिंह, डीआरओ सुशील शर्मा, तहसीलदार कीर्ति सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छात्रों के लिए अतिरिक्त बसें, निजी बसों में भी पास सुविधा अनिवार्य : मुख्यमंत्री सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बढ़ती छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि मॉर्निंग पीक टाइम में अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई जाएं। आवश्यकतानुसार बसों की संख्या बढ़ाई जाए और कम अंतराल पर बसें चलाकर विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि निजी बसों में भी सरकारी बसों की तर्ज पर स्टूडेंट पास सुविधा अनिवार्य रूप से दी जाए तथा किसी शिकायत की स्थिति में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलों के बच्चों की सुरक्षा से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन




कराया जाए। अधिकारी स्कूल बसों के सुरक्षा मानकों और बसों में लगे जीपीएस सिस्टम का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश में मौजूद सभी ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को मिशन मोड में चलाते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की जाए, ताकि सड़क हादसों में स्पष्ट कमी लाई जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों के समाधान और विभागों के समन्वय के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, जो सभी मामलों की नियमित निगरानी कर दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों को तेज करे। मुख्यमंत्री ने ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्पीड मॉनिटरिंग को मजबूत किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों का तुरंत चालान किया जाए। उन्होंने कहा कि तेज गति और लापरवाही हादसों के प्रमुख कारण हैं, इसलिए इनके खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि लिंक रोड से मुख्य सड़क पर जुड़ने वाले स्थानों पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग ऐप के माध्यम से की जाए और जहां ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हों, वहां पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने गड्ढों को तत्काल भरने, डार्क स्पॉट्स पर तुरंत लाइटिंग सहित आवश्यक सुरक्षा सुधार करने और सड़क संकेतकों व चिह्नों को दोबारा स्पष्ट करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बसों के रुकने के लिए चिन्हित स्थानों पर बस क्यू-शेल्टर बनाए जाएं, ताकि बस सेवा व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।

## घर में तोड़फोड़ व मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने बिंझौल गांव में घर में तोड़फोड़ व मारपीट करने के आरोपी को बुधवार शाम को बिंझौल मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बिंझौल गांव निवासी मंजीत के रूप में हुई है। आठ मरला चौंकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोबिन नैन ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।




आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने गांव में अपना रौब जमाने के लिए उक्त वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी मंजीत का पहले भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ हत्या, डकैती, चोरी, चोरी का प्रयास, लड़ाई झगड़े, आर्म्स एक्ट व एससी एसटी एक्ट इत्यादी वारदातो के 11 मामले दर्ज है। आरोपी उक्त मामलों में बेल पर जेल से बाहर आया हुआ था। आठ मरला चौकी में बिंझौल गांव निवासी सुरेश पुत्र महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 18 नवंबर को घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान गांव निवासी मंजीत वहा आकर उसको गोली गलौच करने लगा। मंजीत ने ईट उठाकर घर की खिड़की पर फैक कर मारी। खिड़की की शीशे तोड़ दिए। उसने विरोध जताया तो आरोपी ने उसकी कालर पकड़ कर मारपीट की। वह छुड़ाकर घर के अंदर जाने लगा तो आरोपी ने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की और जांन से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। थाना मॉडल टाउन में सुरेश की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# गुरुग्राम नगर निगम वित्त एवं संविदा समिति ने 165 करोड़ रुपये के 26 विकास कार्यों को दी मंजूरी

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की वित्त एवं संविदा समिति की बैठक मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित 28 बड़े विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें से 26 परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इन कार्यों पर लगभग 165 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बैठक में सभी प्रस्तावों पर समिति ने विस्तार से विचार-विमर्श किया और 28 को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की। इनमें वार्ड 17 में 2 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर लाइन बिछाने के कार्य के लिए 804.24 लाख रुपये, खेडक़ी दौला से सीही गांव तक सडक़ निर्माण के लिए 463.55 लाख रुपये, बेगमपुर-खैटोला से बेहरामपुर रोड और एनएच-48 पर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के लिए 658.37 लाख रुपये, दरबारीपुर में वाटर सप्लाई नेटवर्क बिछाने के लिए 296.79 लाख रुपये, सीही सीपीआर रोड तक सीवर लाइन व स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के लिए 598.57 लाख रुपए, मोहम्मदपुर ट्रक यूनियन से सीपीआर रोड तक लंबित सडक़ कार्य के लिए 329.04 लाख रुपये, एमजी रोड से ओल्ड दिल्ली रोड तक सुंदर सिंह मार्ग मॉडल रोड निर्माण के लिए 571.30 लाख रुपये, 600 एमएम सीवर लाइन सीवर लाइन के लिए 684.45 लाख रुपये, सेक्टर 5 की सडक़ों के लिए 664.09 लाख रुपये, सुशांत लोक-3 ब्लॉक बी व सी में सडक़ों के लिए 405.85 लाख रूपए, सुशांत लोक-1 ए एवं बी ब्लॉक में सडक़ों के



की मजबूती व रिहैबिलिटेशन के लिए 977.93 लाख रुपये, सेक्टर-14 में मॉडल रोड निर्माण के लिए 763.79 लाख रुपये के कार्य शामिल हैं। इनके अलावा सुशांत लोक फेज-1 में सडक़ निर्माण के लिए 958.83 लाख रुपये, साउथ सिटी-2 ब्लॉक-ए से निर्वाणा कंट्री रोड तक मॉडल रोड निर्माण के लिए 609.69 लाख रुपये, एचपीआर रोड से बानी स्क्वायर तक मॉडल रोड के लिए 615.87 लाख रुपये, ओमैक्स मॉल से रोजवुड सिटी तक मॉडल रोड के लिए 632.34 लाख रुपये, नूरपुर मोड़ से अकलिमपुर तक रोड निर्माण व 700 एमएम लिए 825.63 लाख रूपए, यूरो स्कूल से जीएमसीबीएल बस स्टैंड तक स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के लिए 553.84 लाख रुपये तथा खांडसा गांव में सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट विकास के लिए 388 लाख रुपये, जिसका कार्य एचएचआईआईडीसी से से एनओसी मिलने के बाद ही किया जाएगा। बैठक में बलियावास गांव में गौशाला निर्माण के लिए 993.18 लाख रुपये, सेक्टर-47 की आंतरिक सडक़ों के लिए 293 लाख रुपये के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इस मामले को निगम सदन में भेजने का निर्णय लिया गया।

# डॉ. सुनील कुमार बने रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एवं राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने जिला रेडक्रॉस शाखा कुरुक्षेत्र के सचिव डॉ. सुनील कुमार को महासचिव के पद पर पदोन्नत किया है। हरियाणा राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ में डॉ. सुनील कुमार ने पदभार ग्रहण किया। कार्यालय में पहुंचने पर हरियाणा राज्य रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़कर मानव सेवा के ध्येय को आगे बढ़ाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को जोड़कर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। रेडक्रॉस की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाकर सामाजिक क्षेत्र में और अधिक क्रियान्वित किया जाएगा।डॉ. सुनील कुमार ने वर्ष 1999 में जिला रेडक्रॉस सोसायटी में सचिव के पद पर अपनी सेवाएं शुरू की थी, वे पिछले 27 वर्षों से रेडक्रॉस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 2023 से वे कुरुक्षेत्र जिले में सचिव के पद पर कार्यरत थे इस अवसर पर हरियाणा




बाल कल्याण परिषद की महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता, जिला रेडक्रॉस शाखा यमुनानगर के सचिव रणदीप सिंह श्योकंद, जिला रेडक्रॉस शाखा पंचकूला की सचिव सविता अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र कुमार, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान तथा राज्य प्रशिक्षण पर्यवेक्षक रमेश चौधरी के साथ राज्य मुख्यालय के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस 61 मामलों वाले आदतन अपराधी दलजीत सिहाग की करवाई पैदल परेड

**एजेंसी**

**हिसार।** जिले की हांसी पुलिस ने 61 मामलों के आरोपी आदतन अपराधी दलजीत सिहाग के हाथों में बेड़ियां डालकर बाजारों में पैदल परेड करवाई। डीजीपी ओपी सिंह के कार्यभार संभालने के बाद पुलिस ऐसे आदतन अपराधियों के प्रति काफी सख्ती बरत रही है। हांसी पुलिस ने गांव सिसाय निवासी गैंगस्टर दलजीत को झज्जर से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया और इसके बाद उसके दोनों हाथों को बेड़ियों से बांधा और पैदल परेड करवाई गई। गैंगस्टर की परेड के दौरान भारी पुलिस दलबल भी उसके साथ मौजूद रहा। इस दौरान बाजारों में लोगों ने गैंगस्टर की परेड देखकर पुलिस की इस कार्रवाई की सराहन की। डीजीपी ओपी सिंह के निर्देशों पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ इन दिनों विशेष अभियानचलाया जा रहा है। इसी के तहत हांसी पुलिस ने कुख्यात अपराधी सिसाय निवासी दलजीत सिहाग को झज्जर से एक दिन का प्रोडक्शन वारंट लेकर रिमांड पर लिया और पुलिस ने रिमांड पर लेने के बाद गैंगस्टर दलजीत को गुरुवार को हांसी के बाजारों में बेड़िया डालकर कई किलोमीटर तक



घुमाया। इस दौरान गैंगस्टर के आसपास पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। पूरे शहर में हथियारबंद पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च करवाया गया। हांसी एसपी अमित यशवर्द्धन का कहना है कि पुलिस का उद्देश्य है कि लोग ऐसे अपराधियों की हकीकत को समझें और समाज में अपराध के प्रति भयमुक्त वातावरण बने। पुलिस के अनुसार दलजीत सिहाग फिरौती, लूटपाट, जानलेवा हमला और हत्या प्रयास सहित करीब 61 मुकदमों में वांछित रहा है। पुलिस का कहना है कि ऐसे कठोर कदम न केवल बदमाशों को संदेश देते हैं, बल्कि यह समाज को जागरूक करने की एक महत्वपूर्ण पहल भी है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों को अदालत द्वारा कड़ी सजा दिलवाने के लिए पुलिस लगातार सबूत जुटाने में जुटी हुई है। इस पैदल मार्च में सीआईए इंचार्ज प्रदीप, सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह समेत पुलिस की विशेष टीम मौजूद रही। फिलहाल दलजीत सिहाग जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में हांसी में मिंटू गुर्जर की हत्या की थी।

# आज प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही असली विपक्ष : रणजीत चौटाला

**एजेंसी**

**जींद।** पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि हर जिला में वो कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। बिना पार्टी, बिना प्लेटफार्म, बिना पद, बिना संगठन के इन कार्यकर्ता सम्मेलन में भीड़ उमड़ रही है। जिससे साफ जाहिर है कि उनके पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। आगामी तीन माह में वो प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और इसके बाद 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच रैली का आयोजन किया जाएगा। जोकि हिसार में होगी। पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला गुरूवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में वो कार्यकर्ताओं का मन टटोल रहे हैं कि क्या करना चाहिए। अभी चुनाव में साढ़े तीन साल हैं। कार्यकर्ता जो निर्णय लेंगे उस पर ही वो काम करेंगे। जींद के बाद वो भिवानी में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद पानीपत व गुड़गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें हैं। प्रतिमाह वो तीन-तीन बैठकें अलग-अलग जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ कर रहे हैं। अबतक उन्होंने 12 से 13 जिला कवर कर लिए हैं। जल्द ही पूरे प्रदेश को भी कवर कर लिया जाएगा। चौटाला ने दिग्वजय चौटाला के जजपा में शामिल होने के बयान पर कहा कि वो हमारा बच्चा है, और इच्छा किसी की भी हो सकती है लेकिन उन्हें कहां जाना है, क्या करना है, इसका निर्णय उनका ही है। वो सभी निर्णय कार्यकर्ताओं के हिसाब से करेंगे। जुलाना में सात दिसंबर जजपा स्थापना दिवस रैली को लेकर कहा कि वो जजपा के स्थापना दिवस पर जाएंगे या नही, इसका फैसला वो अपने विवेक से लेंगे। पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि परिवार एकजुट होगा तो ताकत बढ़ेगी। यह सबके मानने से होगा। अजय भी मानें, अभय भी माने और मैं भी मानूं तो ही होगा। पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि इस समय प्रदेश में मुख्यम विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ही हैं। वो कह दें कि मैं विपक्ष हूं लेकिन हुड्डा के साथ 37 एमएलए हैं। अपनी-अपनी बात है, कोई भी कुछ कह सकता है लेकिन अगर मान्यता प्राप्त कहें तो विपक्ष हुड्डा ही हैं। अगर आठ एमएलए मिल जाएं तो वो सरकार बना सकते हैं।

## ईपीएफओ में बदलाव करेगी सरकार, एक करोड़ कर्मचारियों को होगा फायदा

### वेतन सीमा 15,000 से बढ़ाकर 25,000 करने पर किया जा रहा विचार



**नई दिल्ली** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नियमों में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अभी तक ईपीएफ और ईपीएस में अनिवार्य रूप से शामिल होने की वेतन सीमा 15,000 रुपए प्रतिमाह है। सरकार अब इसे बढ़ाकर 25,000 करने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा होता है, तो देश के एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को पेंशन और भविष्य निधि का लाभ मिल सकेगा। वेतन सीमा को आखिरी बार 2014 में 6,500 से बढ़ाकर 15000 किया गया था। मौजूदा नियमों के मुताबिक 15,000 तक बेसिक सैलरी पाने वाले कर्मचारियों को ईपीएफ और ईपीएस में शामिल करना जरूरी है। इससे ज्यादा कमाने वाले चाहें तो बाहर रह सकते हैं और कंपनियों को भी उन्हें जोड़ने की बाध्यता नहीं। इस वजह से निजी क्षेत्र के बहुत से कर्मचारी रिटायरमेंट बचत से वंचित रह जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई में एक कार्यक्रम के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंस सर्विस के सचिव एम नगराजू ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि 15,000 से थोड़ा ज्यादा कमाने वाले कर्मचारियों को पेंशन कवर नहीं मिलता और वे बुजुर्ग होने पर बच्चों पर निर्भर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने हो चुके नियमों को अब वर्तमान आय और खर्च के हिसाब से अपडेट करना अनिवार्य हो गया है। अगर ईपीएफओ वेतन सीमा बढ़ाकर 25,000 कर देता है, तो केंद्रीय न्यासी बोर्ड इस प्रस्ताव को अगले साल की शुरुआत में मंजूरी दे सकता है। श्रम मंत्रालय के एक आकलन के मुताबिक सीमा में 10,000 की बढ़ोतरी से एक करोड़ से ज्यादा नए कर्मचारियों को पेंशन और भविष्य निधि का लाभ मिलेगा। कर्मचारी संगठनों ने भी लंबे समय से इसकी मांग की है क्योंकि बढ़ती महंगाई में पुरानी सीमा अब अप्रासंगिक हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब भी ज्यादातर लोगों के पास सुरक्षित रिटायरमेंट की कोई पक्की व्यवस्था नहीं है। ईपीएफ की सीमा बढ़ने से हजारों-लाखों कर्मचारी स्वतः सुरक्षित बचत योजनाओं से जुड़ जाएंगे। कर्मचारियों के लिए यह बदलाव फायदेमंद होगा क्योंकि इसका मतलब है ज्यादा मासिक योगदान, बड़ा ईपीएफ बैलेंस और भविष्य में उच्च पेंशन। इस समय कर्मचारी बेसिक सैलरी का 12 फीसदी ईपीएफ में जमा करते हैं और उतना ही योगदान नियोक्ता भी करते हैं। वेतन बढ़ने पर दोनों का योगदान बढ़ जाएगा।

## टीसीएस डेटा सेंटर का कारोबार मजबूत, टीपीजी से जुटाए एक अरब डॉलर

### टीसीएस और टीपीजी दोनों ने 18,000 करोड़ तक के निवेश का वादा किया

**नई दिल्ली** भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने डेटा सेंटर कारोबार 'हाइपरवॉल्ट' को रफ्तार देने वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन फर्म टीपीजी से एक अरब डॉलर जुटाए हैं, जिससे सबसे बड़ी एआई-रेडी तकनीकी सेवा कंपनी बनने की उसकी आकांक्षा को मजबूती मिली है। टीसीएस और टीपीजी दोनों ने कुछ सालों में 18,000 करोड़ रुपए तक के निवेश का वादा किया है, जिनमें से टीपीजी 8,820 करोड़ निवेश करेगी और हाइपरवॉल्ट में उसकी हिस्सेदारी 27.5 से 49 फीसदी के बीच रह सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीसीएस ने बयान में कहा है कि टीपीजी को रणनीतिक निवेश साझेदार के तौर पर लाने से कंपनी को अपने शेयरधारकों को बेहतर रिटर्न दिलाने अपने पूंजीगत खर्च को कम करने और डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म के लिए दीर्घावधि मूल्य सृजित करने में मदद मिलेगी। 30 सितंबर, 2025 तक टीसीएस के पास 1.06 लाख करोड़ रुपए की नकदी या समतुल्य राशि थी। कंपनी पर कुल कर्ज 10,932 करोड़ रुपए था। यह पहला मौका जब टीसीएस ने भारी पूंजीगत खर्च की जरूरत वाले उद्योग पर दांव लगाया है। इससे पहले कंपनी अधिग्रहण के बजाय अपने कारोबार को बढ़ाने को तवज्जो दे रही थी। टीसीएस ने आखिरी बड़ा अधिग्रहण साल 2008 में 51.2 करोड़ डॉलर में सिटीग्रुप ग्लोबल सर्विसेज का किया था। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद कंपनी ने डेटा सेंटर सेगमेंट में आने का अपना इरादा बताया था। नतीजे जारी करते समय टीसीएस प्रबंधन ने कहा था कि कंपनी एक गीगावॉट क्षमता बनाना चाहती है जिसके लिए करीब 6.5 अरब से 7 अरब डॉलर निवेश की जरूरत पड़ेगी।

# 2031 तक भारत में एक अरब से ज्यादा 5 जी ग्राहक

### भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते डेटा मार्केट्स

**मुंबई**

भारत 2031 तक एक अरब से ज्यादा 5जी सब्सक्रिप्शन पार कर लेगा, और देश में 5जी की पहुंच 79 प्रतिशत तक होगी। यह जानकारी कंपनी एरिक्सन की मोबिलिटी रिपोर्ट 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 के अंत तक भारत में 39.4 करोड़ 5जी सब्सक्रिप्शन दर्ज होने की उम्मीद है, जो देश में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 32 प्रतिशत होगा। एरिक्सन ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते डेटा मार्केट्स में से एक है। भारत में हर सक्रिय स्मार्टफोन पर मोबाइल डेटा उपयोग 36 जीबी प्रति माह है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह 2031 तक बढ़कर 65 जीबी प्रति माह होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि डेटा उपयोग में यह तेज बढ़ोतरी तेजी से 5जी नेटवर्क विस्तार, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के बढ़ते उपयोग और सस्ते 5जी डिवाइस उपलब्ध होने के कारण है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 5जी सब्सक्रिप्शन 2025 के अंत तक बढ़कर 2.9 अरब तक पहुंच जाएंगे। यह कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का करीब एक-तिहाई होगा। 2031 तक ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन बढ़कर 6.4 अरब होने का अनुमान है, जो कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का करीब दो-तिहाई होगा। इनमें से 4.1 अरब (65 प्रतिशत) सब्सक्रिप्शन 5जी स्टैंडअलोन (एसए) होने की उम्मीद है। सिर्फ इस साल ही दुनिया भर के ऑपरेटरों ने 60 करोड़ नए 5जी सब्सक्रिप्शन जोड़े हैं। इसके अलावा 40 करोड़ लोगों को पहली बार 5जी कवरेज भी मिला है। इस साल के अंत तक चीन के बाहर दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी 5जी नेटवर्क की पहुंच में होगी। 2031 तक यह कवरेज बढ़कर 85 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।




## क्रिप्टो मार्केट में भारी उथल-पुथल, 24 घंटे में 17 लाख करोड़ का निवेश तबाह

**नई दिल्ली** क्रिप्टो मार्केट में भारी उथल-पुथल है। वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 6फीसदी से ज्यादा टूटकर 3 लाख करोड़ डॉलर के नीचे चल गया है। बिटकॉइन, इथेरियम समेत ज्यादातर प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में तेज गिरावट ने माहौल को और नेगेटिव बना दिया है। कई दिनों से जारी कमजोरी के बीच यह 24 घंटे की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट में आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार सुबह 9ः30 बजे तक कुल क्रिप्टो मार्केट कैप 3.14 लाख करोड़ डॉलर पर था, जो शुक्रवार सुबह 9ः30 बजे 2.95 लाख करोड़ डॉलर तक गिर गया यानी 24 घंटे में 0.19 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 17 लाख करोड़ रुपए का निवेश तबाह हो गया। फियर एंड ग्रीड इंडेक्स भी 11 पर आ गया, जो बताता है कि मार्केट में भारी घबराहट है और निवेशक तेजी से क्रिप्टो बेच रहे हैं। बिटकॉइन पिछले 24 घंटे में 7फीसदी से ज्यादा गिरकर 90,000 डॉलर के स्तर से काफी नीचे आ गया। सुबह 9ः30 बजे यह 85,750 डॉलर पर ट्रेड कर रहा था। पिछले एक हफ्ते में ही बिटकॉइन करीब 13फीसदी लुढ़क चुका है। इथेरियम, रिपल, सोलाना और कार्डानो भी 7फीसदी से ज्यादा टूट गए।

## इंडो-पैसिफिक क्षेत्र वैश्विक राजनीति, सुरक्षा व आर्थिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बनकर उभरा



**नई दिल्ली** इंडो-पैसिफिक क्षेत्र हाल के वर्षों में वैश्विक राजनीति, सुरक्षा और आर्थिक प्रतिस्पर्धा का सबसे अहम केंद्र बनकर उभरा है। इस पृष्ठभूमि में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग की भारत यात्रा खास मायने रखती है। उन्होंने साफ कहा कि इंडो-पैसिफिक आज अनिश्चितता और उभरती चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में समान सोच वाले देशों के बीच रणनीतिक सहयोग पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। ऑस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में भारत को एक भरोसेमंद और प्रमुख साझेदार के रूप में देखता है। दिलचस्प है कि तीन साल पहले 2022 में अमेरिका ने भी इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी व्यापक रणनीति जारी की थी, जिसने इस भूभाग की वैश्विक अहमियत को और पुख्ता कर दिया। इंडो-पैसिफिक का दायरा पूर्वी अफ्रीका के तट से लेकर अमेरिकी पश्चिमी किनारों तक और आर्कटिक से अंटार्कटिका तक फैला है। यह सिर्फ समुद्री क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता और आर्थिक संतुलन की धुरी है। दुनिया की करीब 65 फीसदी आबादी और 63 फीसदी वैश्विक जीडीपी इसी क्षेत्र में मौजूद है। चीन, अमेरिका, भारत और जापान जैसी शक्तियों की सक्रियता ने इसे भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मुख्य केंद्र बना दिया है। समुद्री व्यापार मार्ग, ऊर्जा संसाधन, मत्स्य संपदा और रणनीतिक जलडमरूमध्य इस क्षेत्र को आर्थिक और सुरक्षा दोनों दृष्टि से अति संवेदनशील बनाते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 400 , निफ्टी 124 अंक गिरा

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई सहित अन्य बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। आज बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 400.76 अंक नीचे आकर 85,231.92 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124 अंक गिरकर 26,068.15 पर बंद हुआ था। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बड़ी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 687.25 अंक नीचे आकर 60,276.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 219.75 अंक फिसलकर 17,847.50 पर था।

आज निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी फार्मा, निफ्टी मेटल और निफ्टी एनर्जी के शेयर फिसले जबकि निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी कंजप्शन में ही तेजी रही।

सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी, एमएंडएम, आईटीसी, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचयूएल, भारती एयरटेल, टीसीएस, टाइटन, पावर ग्रिड और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। वहीं टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, बीईएल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई,एक्सिस बैंक, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा, एलएंडटी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरे।

बाजार में अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने को माना जार हा है। इसके अलावा भारत में पीएमआई डेटा कमजोर रहने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।




इससे पहले आज सुबह बीएसई सेंसेक्स टूटकर 85,347.40 अंक पर खुला। सुबह यह 77.03 अंक नीचे आकर 85,555.65 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी 100 से ज्यादा अंक फिसलकर 26,109 पर खुला।

वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस गिरावट पर बंद हुए। डॉव जोन्स 0.84 फीसदी गिरा, एसएंडपी में 1.56 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा नैस्डैक 2.16 फीसदी गिरा। दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की तरफ से एक और ब्याज दर कटौती की संभावना को लेकर संशय बढ़ने से बाजार टूटा है।

अमेरिकी बाजारों का प्रभाव एशियाई बाजारों पर भी हुआ। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1.16 फीसदी गिरा वहीं हांगकांग का हैंग सेंग 1.82 फीसदी गिरा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.12 फीसदी नीचे आया। जापान का निक्केई भी 1.7 फीसदी गिरा। कोर मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई।

# अमेरिकी बैन के चलते भारत में रूसी तेल का लदान नवंबर में निचले स्तर पर पहुंचा


### इंडियन ऑयल और निजी कंपनी रिलायंस बैन को मानने के लिए सहमत

**नई दिल्ली**

। भारत को दिए जाने वाले रूस के कच्चे तेल का लदान नवंबर में निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे अमेरिकी प्रतिबंध के कारण भारतीय रिफानिंग कंपनियां सतर्कता बरत रही हैं। अमेरिका ने रूस के दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुक ऑयल पर बैन लगा दिया है। इन कंपनियों पर अमेरिकी बैन 21 नवंबर से प्रभावी होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में अब तक भारत के लिए रूसी तेल का लदान पिछले महीने के मुकाबले आधा रह गया है। 20 नवंबर तक भारत भेजे गए तेल की मात्रा 9.82 लाख बैरल प्रति दिन रही, जबकि अक्टूबर में यह आंकड़ा 18.6 लाख बैरल प्रति दिन था।

भारतीय रिफाइनर अमेरिकी ऑफिस ऑफ फॉरेन ऐसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) के प्रतिबंधों के मद्देनजर रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए सतर्क हो गए हैं। केप्लर के प्रमुख अनुसंधान प्रमुख ने कहा कि इस गिरावट की मुख्य वजह भारतीय रिफाइनरों की रूसी आपूर्तिकर्ता रोसनेफ्ट और लुक ऑयल पर लगा अमेरिकी बैन है। हालांकि वॉल्यूम में अभी भी बदलाव हो सकता है क्योंकि रास्ते में मौजूद कुछ जहाज अपने आखिरी गंतव्य को बदल सकते हैं। मगर मौजूदा रुझान बिल्कुल साफ है कि भारत के लिए लदान में नरमी आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल और निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिकी बैन को मानने के लिए सहमत हैं, जबकि एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड ने रूस पर पश्चिमी देशों के बैन के बाद रूस से तेल खरीद को रोक दिया है। भारत को रूसी तेल की आपूर्ति में दोनों प्रतिबंधित रूसी कंपनियों का योगदान 60 से 70 फीसदी है। आरआईएल के पास रोसनेफ्ट से करीब 5 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल खरीदने का दीर्घावधि अनुबंध है, जबकि नायरा एनर्जी में 49 फीसदी हिस्सा रूस की सरकारी कंपनी का है।



## एप्पल इंडिया ने 2024-25 में 9 अरब डॉलर की घरेलू बिक्री की

### दुनिया भर में बने हर पांच में से एक आईफोन भारत में हुआ निर्मित



**नई दिल्ली** आईफोन बनाने वाली एप्पल इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में 9 अरब डॉलर की घरेलू बिक्री का आंकड़ा छू लिया है। इससे कंपनी राजस्व के लिहाज से देश की शीर्ष 10 विनिर्माण बहुराष्ट्रीय कंपनियों में शामिल हो गई। अमेरिका और भारत में कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि इसके बावजूद यह ऐपल के वैश्विक राजस्व 416.1 अरब डॉलर में महज 2 फीसदी हिस्सेदारी है। आईफोन के उत्पादन में भारत की भूमिका की अलग कहानी है। वित्त वर्ष 2025 में दुनिया भर में बने हर पांच में से एक आईफोन भारत से गया था और देश ने एप्पल के वैश्विक उत्पादन मूल्य में 12 फीसदी योगदान दिया। एप्पल ने पहली बार भारत में प्रो और प्रो मैक्स जैसे आईफोन के सबसे महंगे मॉडल की असेंबलिंग भी शुरू की। वित्त वर्ष 2025 में अमेरिका से करीब 178.4 अरब डॉलर की कमाई हुई, जो एप्पल के वैश्विक राजस्व की करीब 43 फीसदी है। इसके अलावा इन आईफोन का बढ़ता हिस्सा भारत से भेजा गया।

# मुकेश अंबानी की कंपनी ने रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल किया बंद

**▶▶ कंपनी ने यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा लगाए प्रतिबंधों के चलते उठाया**

**नई दिल्ली**

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने अपनी जामनगर स्थित केवल निर्यात वाली रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल बंद कर दिया है। कंपनी ने यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों को देखते हुए उठाया।रिलायंस भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार मानी जाती है। जामनगर का विशाल शोधन परिसर दो रिफाइनरियों में बंटा है एक सेज इकाई, जहां से ईयू, अमेरिका और अन्य देशों को ईंधन निर्यात किया जाता है और दूसरी पुरानी इकाई, जो घरेलू बाजार को सप्लाई करती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईयू का बाजार रिलायंस के लिए बेहद अहम है।

चूंकि यूरोपीय संघ ने रूस की ऊर्जा आमदनी घटाने के लिए रूसी कच्चे तेल और उससे बने उत्पादों पर सख्त प्रतिबंध लगाए हैं, इस वजह से कंपनी ने सेज यूनिट में रूसी तेल का इस्तेमाल रोकने का फैसला लिया। कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक 20 नवंबर से सेज रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है और 1 दिसंबर से निर्यात होने वाले सभी ईंधन गैर-रूसी तेल से तैयार किए जाएंगे।



यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब अक्टूबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस की यूक्रेन संबंधी कार्रवाई को लेकर नए प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों में रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर रोक शामिल है। रिलायंस ने पहले रोसनेफ्ट के साथ करीब 5 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदने का दीर्घकालिक समझौता किया था लेकिन अमेरिका द्वारा लगाए नए प्रतिबंधों के बाद अक्टूबर में ही संकेत मिले थे कि आरआईएल इस दीर्घकालिक समझौते के तहत रूस से तेल लेना बंद कर सकती है।

## सेबी ने कंसल्टिंग पेपर पर फीडबैक देने डेडलाइन एक सप्ताह के लिए बढ़ाई




**▶▶ म्युचुअल फंड के एक्सपेंस रेश्यो के नियमों में प्रस्तावित सुधारों पर सुझाव दे सकेंगे**

**नई दिल्ली**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने म्युचुअल फंड रेगुलेशन्स 1996 के रिव्यू के लिए जारी कंसल्टिंग पेपर पर फीडबैक देने की डेडलाइन एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। अब निवेशक फंड हाउस और अन्य हितधारक 24 नवंबर तक म्युचुअल फंड नियमों में प्रस्तावित सुधारों पर राय दे सकते हैं। पहले यह डेडलाइन 17 नवंबर थी।

बता दें सेबी ने 28 अक्टूबर को इस कंसल्टिंग पेपर को जारी किया था।

इसमें सेबी ने एग्जिट लोड में बदलाव, टोटल एक्सपेंस रेश्यो में सुधार, ब्रोकरेज चार्ज कम करने और निवेशकों के लिए पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई अन्य बदलावों का प्रस्ताव रखा।

टोटल एक्सपेंस रेश्यो किसी म्युचुअल फंड स्कीम को चलाने की कुल लागत होती है, जिसमें मैनेजमेंट फीस, ऑपरेशन खर्च और कुछ सरकारी फीस शामिल होती है। यह सीधे निवेशकों के रिटर्न पर असर करती है, जितना ज्यादा टीईआर होगा, फंड के मुनाफे में कटौती भी उतनी ही ज्यादा होगी।

स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट की हेड ऑफ वेल्थ ने कहा कि सेबी के कंसल्टेशन पेपर में टोटल एक्सपेंस रेशियो में कटौती का प्रस्ताव मुख्य रूप से म्युचुअल फंड निवेशकों के लिए पॉजिटिव बदलाव लाएगा, क्योंकि इससे निवेश की लागत कम होगी और फीस स्ट्रक्चर में पारदर्शिता बढ़ेगी। प्रस्तावित नए फ्रेमवर्क के तहत, सेबी उन अतिरिक्त पांच बेसिस प्वाइंट फीस को खत्म करने की योजना बना रहा है, जिसे अब तक एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को सभी म्युचुअल फंड स्कीम्स पर लगाने की अनुमति थी। यह अतिरिक्त खर्च 2012 में इसलिए जोड़ा गया था ताकि एग्जिट लोड को वापस स्कीम्स में क्रेडिट करने के असर की भरपाई की जा सके। 2018 में इसे 20 बीपीएस से घटाकर 5 बीपीएस कर दिया था। अब सेबी इसे पूरी तरह हटाना चाहता है ताकि निवेशकों की लागत कम हो सके।

## हुंडई ने प्रीमियम एसयूपी टक्सन का भारत में प्रोडक्शन किया बंद



**▶▶ सीमित ग्राहक और ऊंची कीमत से इसकी बिक्री नहीं बढ़ी**

**नई दिल्ली**

हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी प्रीमियम एसयूपी टक्सन का भारत में प्रोडक्शन बंद कर दिया है। लंबे समय से कंपनी की फ्लैगशिप आईसीई लाइनअप का हिस्सा रही यह 5-सीटर एसयूवी तकनीक, सुरक्षा और डिजाइन के मामले में बेहद उन्नत मानी जाती थी। 27.32 लाख से 33.64 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत के बावजूद यह अपने सेगमेंट में मजबूत पहचान बना चुकी थी, लेकिन सीमित ग्राहक वर्ग और ऊंची कीमत के चलते इसकी बिक्री नहीं बढ़ सकी। कंपनी ने पुष्टि की कि टक्सन अब भारतीय बाजार में उपलब्ध नहीं होगी, हालांकि मौजूदा ग्राहकों को सर्विस और आफ्टर-सेल्स सपोर्ट मिलता रहेगा। बता दें अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच सिर्फ 450 यूनिट्स की बिक्री ने यह साफ कर दिया कि 25 लाख रुपए से ऊपर की 5-सीटर एसयूवी की मांग बेहद कम है, जबकि इसी रेंज में 7-सीटर गाड़ियों की लोकप्रियता ज्यादा है।

पूरी तरह आयात होकर चेन्नई प्लांट में असेंबल किए जाने के कारण भी टक्सन की कीमत प्रतिस्पर्धियों की तुलना में ज्यादा रही। जीएसटी दरों में कटौती के बाद एसयूवी करीब 2.40 लाख रुपए तक सस्ती जरूर हुई, लेकिन इसका बिक्री पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। कंपनी की वर्तमान एसयूवी लाइनअप में एक्सटर, वेन्यू, क्रेटा और अल्कजार शामिल हैं, जिनमें वेन्यू और क्रेटा लगातार टॉप-सेलिंग मॉडल बने हुए हैं। टक्सन भारत एनसीएपी में 5-स्टार रेटिंग पाने वाली हुंडई की अकेली एसयूवी कार थी, फिर भी बाजार की मांग इसके पक्ष में नहीं रही। हुंडई ने कहा कि भारत उसके लिए बेहद अहम बाजार है और आने वाले सालों में वह 45,000 करोड़ रुपस निवेश कर 26 नए मॉडल लॉन्च करेगी, जिनमें पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड, इलेक्ट्रिक और सीएनजी विकल्प शामिल होंगे।

# 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के असर का आंकलन करने बीओटी की बैठक 25 को

**▶▶ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे बैठक की अध्यक्षता**

**नई दिल्ली**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार नीति के शीर्ष सलाहकार निकाय व्यापार बोर्ड (बीओटी) की 25 नवंबर को बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सरकार निर्यात पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के प्रतिकूल असर का आकलन करना चाहती है। व्यापार बोर्ड की बैठक एक साल से ज्यादा के अंतराल पर होगी। बैठक में निर्यात प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों जैसे लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार, अनुपालन लागत में कमी, उभरते मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाना, बाजार विविधीकरण और 'निर्यात केंद्र के रूप में जिले को मजबूत' करने और आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श हो सकता है।

मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी ने नाम छापने की शर्त पर बताया कि चर्चा में डिजिटल प्रणालियों के जरिए व्यापार सुगमता बढ़ाने, तेज मंजूरी और निर्यात प्रक्रियाओं में ज्यादा पारदर्शिता लाने पर भी चर्चा होगी।



बैठक में मिली जानकारी 2030 तक 2 लाख करोड़ डॉलर के वस्तु और सेवा निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के सरकार के व्यापक लक्ष्य में सहायक होगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव दे रहे हैं कुछ संकेत



प्रहलाद सबनानी

> इसके बाद तो लगभग प्रत्येक राज्य में इस प्रकार का दौर ही चल पड़ा। हिमाचल प्रदेश राज्य में कांग्रेस, सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के वादा, राज्य की प्रत्येक वयस्क महिला को 1500 रुपए देने का वादा एवं प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर वर्ष 2022 में सत्ता में आ गई।

हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार राज्य की विधान सभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं एवं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। कुल 243 विधायकों में से एनडीए गठबंधन के 202 प्रत्याशी चुनाव जीत कर विधायक बन गए हैं। विधान सभा स्तर के किसी भी चुनाव में सामान्यतः राज्य स्तर की स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखकर ही राज्य के नागरिक अपना वोट देते हैं। परंतु, हाल ही के समय में कई राज्यों के चुनावों में स्थानीय नागरिकों के बीच यह प्रवृत्ति घर करती जा रही है कि जो राष्ट्रीय अथवा स्थानीय दल उन्हें मुफ्त की आकर्षक योजनाएं प्रस्तुत कर रिझाने का प्रयास करता है, उस दल को उस राज्य में अधिक सफलता मिलती हुई दिखाई दे रही है। इस प्रवृत्ति का स्पष्ट संकेत दिल्ली राज्य में वर्ष 2013 में सम्पन्न हुए राज्य विधानसभा के चुनावों में, केवल एक वर्ष पूर्व गठित नए दल, आम आदमी पार्टी के इस विधान सभा चुनाव में 28 सीटों की जीत पर दिखाई दिया था। उस समय आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के समर्थन से अपनी सरकार बनाई थी। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली निवासियों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का वायदा इन चुनावों के दौरान किया था, जिसे बाद में पूरा भी किया गया था। इसके बाद तो दिल्ली विधान सभा चुनाव में वर्ष 2025 तक आम आदमी पार्टी का ही लगभग पूर्ण कब्जा रहा, क्योंकि मुफ्त में प्रदान की जाने वाली इसी प्रकार की कुछ और घोषणाओं को भी आम आदमी पार्टी समय समय पर लागू करती रही और दिल्ली के पढ़े लिखे नागरिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रही। हालांकि, इस बीच दिल्ली की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती रही और दिल्ली का 'बचत का बजट' - 'घाटे के बजट' में परिवर्तित हो गया था।

इसके बाद तो लगभग प्रत्येक राज्य में इस प्रकार का दौर ही चल पड़ा। हिमाचल प्रदेश राज्य में कांग्रेस, सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के वादा, राज्य की प्रत्येक वयस्क महिला को 1500 रुपए देने का वादा एवं प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर वर्ष 2022 में सत्ता में आ गई। बाद में जब पुरानी पेंशन योजना को हिमाचल प्रदेश में लागू किया गया तो हिमाचल प्रदेश के पहिले से ही दबाव में चल रहे बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ा एवं राज्य की आर्थिक स्थिति लगभग पूर्णतः डावांडोल हो गई है एवं राज्य को अपने ऋण पर ब्याज का भुगतान करने एवं राज्य के सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है।

इसी चलन को कायम रखते हुए हाल ही में सम्पन्न बिहार राज्य में भी विधान सभा चुनाव के समय श्री नीतीश कुमार की राज्य सरकार ने राज्य की 1.21 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए की राशि सीधे जमा करवाई है। मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना की घोषणा 29 अगस्त




2025 को की गई थी एवं केवल एक माह के अंदर इस योजना को लागू कर दिया गया तथा राज्य की महिलाओं के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित कर दी गई। हालांकि, राज्य में लागू की गई इस योजना को महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी पहल के रूप में देखा गया क्योंकि राज्य सरकार द्वारा इस योजना को लागू करने का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना एवं रोजगार के नए अवसर निर्मित करना था। ऐसा बताया गया है कि राज्य की कुछ महिलाओं ने इस राशि से अपनी छोटी छोटी उत्पादन इकाईयों को प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। राज्य के मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि बिहार सरकार उन महिलाओं को रुपए 2 लाख तक की सहायता राशि उपलब्ध कराएगी जिनका व्यवसाय सफल रहेगा, इस छोटे निवेश से पूरा परिवार लाभान्वित होगा। बिहार राज्य में लगभग 1.40 करोड़ जीविका दीदियां स्व सहायता समूहों के माध्यम से सक्रिय हैं। आज देश के सबसे बड़े राज्यों में बिहार राज्य में गरीब वर्ग के नागरिकों की संख्या सबसे अधिक है एवं बिहार राज्य के नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से सबसे अधिक पलायन करते हुए दिखाई देते हैं। पूर्व में उत्तर प्रदेश राज्य की भी लगभग यही स्थिति थी, परंतु, हाल ही के समय में उत्तर प्रदेश राज्य में रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित हुए हैं जिससे इस राज्य में नागरिकों का रोजगार के लिए पलायन रुका है। यदि बिहार राज्य भी अपने नागरिकों का पलायन रोकने में सफल रहता है एवं अपने राज्य के नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने में सफलता प्राप्त करता है तो यह देश के आर्थिक विकास को भी गति देने में सहायक होगा। परंतु, लाख टके का प्रश्न यह है कि क्या बिहार सरकार की आर्थिक स्थिति उक्त प्रकार की योजनाओं को चलाने की स्थिति में है?

इसी प्रकार, मध्य प्रदेश राज्य भी लाड़ली बहिना योजना को लागू कर चुका है एवं इसी तर्ज पर हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, आदि राज्यों में भी नागरिकों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाएं प्रारम्भ की गई। तमिलनाडु में तो मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराने का पुराना इतिहास रहा है। कुछ राज्यों में तो टीवी, लैपटॉप, स्कूटी, साइकल, आदि जैसे महंगे उत्पाद भी चुनावों के समस्त राज्य के नागरिकों को मुफ्त में उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। विभिन्न राज्यों द्वारा यदि चुनाव जीतने के लिए राज्य के नागरिकों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का क्रम यदि जारी रहता है तो यह प्रचलन इन राज्यों एवं देश के लिए उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आज सब्सिडी, वेतन, पेन्शन एवं ब्याज जैसी मदों पर लगातार बढ़ रहे खर्चों के कारण 15 राज्यों का बजटीय घाटा कानूनी रूप से निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा से ऊपर हो गया है। हिमाचल प्रदेश में बजटीय घाटा बढ़कर 4.7 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 4.1 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 4.2 प्रतिशत एवं पंजाब में 3.8 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के कई राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च को घटाया है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 के बीच राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च में 51 प्रतिशत तक की कमी की है। दिल्ली में 38 प्रतिशत, पंजाब में 40 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 41 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 33 प्रतिशत से पूंजीगत खर्चों में कमी दर्ज हुई है। आज कई राज्य सरकारें सब्सिडी प्रदान करने की मद पर अपने खर्चों को लगातार बढ़ा रहीं हैं एवं पूंजीगत खर्चों को लगातार घटा रही हैं, जो उचित नीति नहीं कही जा सकती है। इस प्रकार तो इन राज्यों की अर्थव्यवस्थाएं शीघ्र ही डूबने के कगार पर पहुंच जाने वाली हैं।

अब यदि चुनाव जीतने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें क्या इसी तरह की योजनाओं को लागू करती रहेंगी। यदि हां, तो इन राज्यों को अपने दिवालिया होने के लिए बहुत लम्बा इन्तजार नहीं करना होगा। क्योंकि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि विशेष रूप से पंजाब, केरल, पश्चिमी बंगाल, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार, दिल्ली आदि राज्यों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यदि समय पर इन राज्यों के आर्थिक ढांचे को सुधारने के प्रयास नहीं किया गए तो यह राज्य दिवालिया होने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, समय समय पर केंद्र सरकार द्वारा सहायता की राशि उपलब्ध कराकर कई राज्यों की वित्तीय कठिनाईयों को हल करने का प्रयास किया जाता है परंतु, केंद्र सरकार भी लम्बे समय तक यह कार्य नहीं कर सकती है क्योंकि अंततः इससे केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर भी दबाव बनता है।

विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा आगे बढ़कर इस सम्बंध में कुछ नियम जरूर बनाए जाने चाहिए। यदि इन राज्यों की वित्तीय स्थिति लोक लुभावन घोषणाओं को पूरा करने की नहीं है तो, इस प्रकार की घोषणाएं चिन्हित राज्यों द्वारा नहीं की जानी चाहिए, ऐसे नियम बनाए जाने चाहिए। सहायता की राशि केवल चिन्हित व्यक्तियों को ही प्रदान की जानी चाहिए न कि राज्य की पूरी जनता को उपलब्ध करायी जाय। जैसा कि बिजली माफी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। राज्य के समस्त परिवारों को 300/400 यूनिट बिजली मुफ़्त में उपलब्ध कराए जाने के प्रयास हो रहे हैं। यदि राज्य की आर्थिक हालत बिगड़ रही है तो इसका खामियाजा भी अंततः उस प्रदेश की जनता को ही भुगतना पड़ता है। यह राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आदि मदों पर होने वाले खर्च में कटौती करते हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास एवं भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए ठीक नहीं है। राज्य में आर्थिक विकास की गति कम होने से इन राज्यों में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे है।

## संपादकीय

### इस बार भी नीतीश सरकार

पटना (बिहार) का 'गांधी मैदान' एक बार फिर ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना। राज्य में भाजपा-एनडीए सरकार ने शपथ ग्रहण की। नीतीश कुमार लगातार 10वीं बार मुख्यमंत्री बने। उन्होंने 7वीं, 8वीं, 9वीं बार मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीते 19 साल 2 माह से मुख्यमंत्री पद पर हैं। भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को उपमुख्यमंत्री पद पर यथावत रखा गया है। कमोबेश यह दलबदल और अनिश्चित राजनीति के दौर का कीर्तिमान है। नई विधानसभा में भाजपा 89 सीटों के साथ जनता दल-यू के 85 विधायकों से आगे है। फिलहाल भाजपा के 14, जद-यू के 8, लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के 2 और हम-राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 1-1 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की है। भाजपा के 9 नए चेहरे मंत्री बनाए गए हैं। कुल 243 विधायकों में से 202 भाजपा-एनडीए के जीते हैं। जिस विपक्ष ने नीतीश कुमार की उम्र और उनके मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर भद्दी टिप्पणियां की थीं, उनमें राजद 25 सीट पर ही सिमट चुका है और कथित राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के हिस्से मात्र 6 सीट आई हैं। दरअसल इस बार भाजपा-एनडीए का जनादेश चुनौतीहीन है। नीतीश कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में देश के प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा, एक दर्जन मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहे। यह एनडीए का शक्ति-प्रदर्शन भी था और जनादेश की व्यापकता भी थी कि देश के 60 फीसदी से अधिक इलाके पर भाजपा-एनडीए का शासन है। अब भाजपा के विधायकों की कुल संख्या 1654 और एनडीए के विधायकों का आंकड़ा 2300 से अधिक है। जश्न, उल्लास और उत्साह वाकई चरम पर था। बेशक यह भाजपा-एनडीए की लोकतांत्रिक स्वीकार्यता भी है। बहरहाल नीतीश सरकार के बनते ही बिहार में चुनाव का दौर सम्पन्न हो गया, लेकिन सरकार के सामने वायदों की चुनौतियां असंख्य हैं। जिम्मेदारियां हिमालय-सी हैं। बिहार सरकार को यथाशीघ्र 28, 000 करोड़ रुपए की दरकार है, ताकि वायदों को निभाने की शुरूआत की जा सके। 'जनसुराज पार्टी' के संस्थापक प्रशांत किशोर, बेशक, चुनाव हार गए, हिस्से में 'बड़ा शून्य' आया, लेकिन उनके आरोप बेहद अहम हैं कि भाजपा-एनडीए ने 29, 000 करोड़ रुपए महिलाओं में बांटे और इस तरह उनके वोट खरीदे गए। इस बार बिहार में 71.78 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए और पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने 4 लाख से अधिक वोट डाले। यही भाजपा-एनडीए जनादेश की बुनियाद साबित हुई। प्रशांत का आरोप यह भी है कि नीतीश कुमार ने 40, 000 करोड़ रुपए के वायदे भी किए हैं। उनमें महिलाओं को 2-2 लाख रुपए मुहैया कराने का भी वायदा है।

## चिंतन-मनन

### उपाय भी ठीक हो

उपाय सम्यप् होना चाहिए। उपाय का बड़ा महत्व होता है। जहां समस्या आती है, आदमी उपाय खोजता है। समाधान तब तक नहीं होता, जब तक उपाय नहीं मिल जाए। उपाय स्वयं भी खोजा जा सकता है और उपाय खोजने के लिए गुरू की शरण या उस विषय को जानने वाले व्यक्ति की शरण भी ली जा सकती है।

कोई संन्यासी था। भीड़ बहुत होती। सभी संन्यासी अपरिग्रही नहीं होते। कुछ संन्यासी बहुत परिग्रह भी रखते हैं। यह अपनी-अपनी परम्परा है। बड़ा आश्रम था। बहुत धन और बहुत लोगों की भीड़। वह परेशान हो गया। गुरू के पास जाकर बोला, गुरूदेव! और तो सब ठीक है, पर एक बड़ी समस्या है। भीड़ बहुत हो जाती है, इतने लोग आते हैं कि मैं अपनी साधना पूरी तरह नहीं कर पाता, समय नहीं मिलता। रात-दिन चप्र-सा चलता है। गुरू ने कहा, तुम एक काम करो, गरीब लोग आएं तो उनको कर्ज देना शुरू कर दो और जो धनवान लोग आएं।

तो उनसे मांगना शुरू कर दो। उपाय हाथ में लग गया। उसने प्रयोग करना शुरू कर दिया-जो निर्धन आते, उन्हें कर्ज देना शुरू किया और धनी आते उनसे धन मांगना शुरू किया। पांच-दस दिन में भीड़ बिल्कुल छंट गई। क्योंकि जिन्होंने कर्ज लिया वे वापस किसलिए आते? सामने आना नहीं चाहते थे, क्योंकि वापस तो देना नहीं था- धनियों से मांगना शुरू किया तो उन लोगों ने सोचा कि अब तो जाना ठीक नहीं है। जाते ही पहले यह होगा कि लाओ-लाओ। भीड़ कम हो गई। उपाय ठीक मिलता है तो दोनों बातें हो जाती हैं। हमारे हाथ उपाय लगना चाहिए।

# वैश्विक व्यापार में रुपये की नई दस्तक



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत आज उभरती वैशिक अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण केंद्र बन रहा है और इसी आकांक्षा के साथ वह अपनी मुद्रा-भारतीय रुपये-को अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में अधिक स्वीकार्य बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रहा है। बदलते भू-राजनीतिक वातावरण, डॉलर-निर्भरता से जुड़ी अनिश्चितताओं तथा बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था के उभार ने यह अवसर प्रदान किया है कि भारत क्षेत्रीय और वैशिक व्यापार में रुपये के उपयोग को बढ़ाए। इसी संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरूआत और इसे अनेक देशों के साथ लागू करने की कोशिश रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने वाली निर्णायक पहल बनकर उभरी है।

रुपये के प्रसार के पीछे कई प्रेरक कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है, क्योंकि डॉलर आधारित भुगतान तंत्र अनेक बार राजनीतिक तनाव, प्रतिबंधों और वैशिक वित्तीय अस्थिरता के समय जोखिम पैदा करता है। रूसझ्रयूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने अनुभव किया कि डॉलर आधारित तंत्र के कारण कई लेनदेन बाधित हो जाते हैं और व्यापार प्रभावित होता है। यदि व्यापार सीधे स्थानीय मुद्राओं में हो, तो भुगतान अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकता है तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर भी अनावश्यक दबाव नहीं पड़ता। साथ ही, कई देश अब अपने व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के प्रयोग की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे डॉलर-केंद्रित व्यवस्था धीरे-धीरे परिवर्तित हो रही है। भारत भी इस परिवर्तनशील प्रवृत्ति का स्वाभाविक हिस्सा है।

भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और बढ़ते व्यापारिक संबंध भी रुपये-आधारित निपटान की आवश्यकता को बढ़ाते हैं। उदाहरण के लिए, भारतझ्ररूस व्यापार पिछले दो दशकों में कई गुना बढ़ा है, परन्तु इस व्यापार में रुपये का उपयोग सीमित है। मुद्रा-आधारित विकल्प बढ़ने से न केवल व्यापार गति पकड़ता है बल्कि भारतीय निर्यातकों को विनिमय दर के उतारझ्रचढ़ाव और हेजिंग लागत से भी राहत मिलती है। दीर्घकाल में वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मुद्रा भारत की आर्थिक शक्ति और राजनीतिक प्रभाव का संकेत भी बनती है। भारत के 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और 1 खरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य की दिशा में यह एक अनिवार्य कदम माना जा रहा है।

हालाँकि, रुपये के वैश्वीकरण के मार्ग में कई चुनौतियाँ भी हैं। अनेक देशों को अभी भी डॉलर या अपनी स्थानीय मुद्रा अधिक स्थिर विकल्प लगती है। कुछ देशों को रुपये की विनिमय दर की स्थिरता पर भरोसा कम है। व्यापारिक साझेदारों के साथ मूल्य-वृद्धि आधारित वस्तुओं का आदानझ्रप्रदान सीमित होने से भी रुपये के व्यापक प्रयोग की संभावना घटती है। भारतीय निर्यातकों में भी रुपये आधारित निपटान के प्रति जागरूकता कम है, जिसके कारण वे इस विकल्प का पूरा लाभ नहीं उठा पाते। अंतरराष्ट्रीय भुगतान और संदेश प्रणाली की सीमित परस्पर संपर्कता भी रुपये की स्वीकार्यता को धीमा करती है, क्योंकि अभी भी बड़ी संख्या में देश पारंपरिक वैश्वीकरण संदेश तंत्र पर निर्भर हैं।

इन चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा बदलाव लेकर आई है। इस प्रणाली के अंतर्गत भारत अब संयुक्त रूप से सहमत देशों के साथ सीधे रुपये में व्यापार कर सकता है। संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, मॉरीशस और मालदीव के साथ हुए समझौते इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार सुगम होगा बल्कि बैंकिंग लागत और भुगतान समय में भी कमी आएगी। इसके अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैंक ने पड़ोसी देशों के बैंक एवं नागरिकों को रुपये में ऋण देने की अनुमति देकर नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे देशों में रुपये के उपयोग को बढ़ावा दिया है।

भारत ने अपने त्वरित भुगतान तंत्र को कई देशों से जोड़कर एक नई वित्तीय संपर्क व्यवस्था विकसित की है। संयुक्त अरब अमीरात के साथ त्वरित भुगतान तंत्र का जुड़ना छोटे व्यापारियों, पर्यटकों और प्रवासी भारतीयों के लिए तत्काल भुगतान को सरल बनाता है, जिससे रुपये की उपयोगिता और स्वीकार्यता दोनों बढ़ती हैं। इसके साथ ही भारत अपनी वित्तीय संदेश प्रणाली को भी साझेदार देशों की प्रणालियों से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिससे परंपरागत वैश्विक संदेश तंत्र पर निर्भरता कम होगी। यह व्यवस्था भुगतान प्रक्रिया को राजनीतिक तनावों से सुरक्षित रखेगी और रुपये की विश्वसनीयता बढ़ाएगी।

समग्र रूप से रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक आकांक्षा का आधार है। स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली, डिजिटल भुगतान संपर्क, द्विपक्षीय वित्तीय संवाद और निर्यातकों की जागरूकता-ये सभी घटक मिलकर रुपये को वैश्विक व्यापार में अधिक उपयोगी और स्वीकृत मुद्रा बना सकते हैं। चुनौतियाँ अवश्य हैं, परंतु बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत के पास अवसर भी विशाल है। यदि भारत अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ आपूर्ति श्रृंखला को गहरा करे, भुगतान तंत्र को सरल बनाए और रुपये की स्थिरता को मजबूत करे, तो आने वाले वर्षों में रुपये की वैश्विक भूमिका निश्चित रूप से विस्तार पाएगी।

# नाकाम करना होगा आतंक का खतरनाक षडयंत्र



मनोज कुमार अग्रवाल

भारत में दहशतगर्द लगातार पंख फैलाने की फिराक में है। दिल्ली का कार ब्लास्ट आतंकी हमला घोषित हो चुका है। इसके पीछे पाकिस्तानी आतंकी संगठन की संलिप्तता भी उजागर हो गई है। ऐसे में केंद्र सरकार के उस बयान की खूब चर्चा हो रही, जिसमें कहा गया था कि भारत के खिलाफ कोई भी आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा। भारत फिर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लोगों में यह भी चर्चा है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू करेगा तो पाकिस्तान के साथ कौन देश खड़े होंगे।

आपको पता रहे मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का साथ चीन और तुर्की ने दिया था। चीन लंबे समय से भारत विरोधी हरकते कर रहा। वहीं, भारत द्वारा हमेशा मदद किए जाने के बावजूद तुर्की विरोध में खड़ा हो रहा।करीब दो साल से लगातार अलग-अलग तरह के धमकी भरे हजार से अधिक ईमेल मिल चुके हैं, जिन्हें जांच एजेंसियां हर बार तकनीकी जांच के बाद फर्जी घोषित कर देती हैं। स्कूल, कॉलेज, सचिवालय, अदालत ऐसी कोई जगह नहीं बची है, जिसे बम से उड़ाने की धमकी न मिली हो। अधिकांश मामलों में ये ईमेल वीपीएन व डार्क वेब के जरिए भेजे जाते हैं, जिससे लोकेशन विदेश की दिखती है, लेकिन वास्तविक स्रोत तक पहुंच पाना पुलिस के लिए चुनौती बन जाता है।

आतंकी संगठनों की हरकतें बता रहीं हैं कि दिल्ली धमाका तो सिर्फ ट्रेलर था। पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद भारत के खिलाफ फिदायीन अटैक को लेकर ब्लू प्रिंट कर चुका है।

हर बार जांच में कुछ ठोस नहीं मिल पाता, लेकिन अब जब देशभर में आतंकी नेटवर्क की गतिविधियां सामने आ रही हैं और कई हमलों की साजिशें उजागर हुई हैं, तो इन पुराने मामलों का संदर्भ बेहद अहम हो गया है। जिस तरह बार-बार ये धमकी ईमेल अलग-अलग स्थानों को टारगेट करते हुए भेजे जा रहे थे, यह संभव है कि वे सिर्फ फर्जी नहीं थे, बल्कि किसी बड़ी आतंकी साजिश का संकेत दे रहे थे।

आतंकी हमले के बाद अब मंगलवार सुबह चार प्रमुख जिला अदालतों साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी कोर्ट के साथ-साथ दो सीआरपीएफ स्कूलों को जैश-ए-मोहम्मद के नाम से बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। आनन-फानन में इमारतें खाली कराई गईं और सूचना पर पहुंचा बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस), स्निफर डॉग और फारेंसिक टीमों ने सर्च अभियान शुरू किया।

काफी तलाश के बाद जब कुछ संदिग्ध नहीं मिला तो इसे हक्स मेल करार दिया गया। वहीं पटियाला हाउस कोर्ट में धमकी भरा मेल ऐसे वक्त आया, जब थोड़ी देर बाद बम धमाके के आरोपित व साजिशकर्ता जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश की पेशी होने वाली थी। एनआइए की टीम आरोपित को पेश करने जा रही थी, उससे पहले कोर्ट के बाहर आरएएफ तैनात कर दी गई थी।

लाल किला ब्लास्ट की जांच में एजेंसियों को पता चला है कि फिदायीन तयअटैक का ब्लू प्रिंट पाकिस्तान में इसी साल तैयार हुआ था। जैश की मंशा है कि बेशक यह पहला सुसाइड बॉम्बर है, लेकिन आखिरी नहीं। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों की मानें तो जैश ए मोहम्मद ने टेरर फंडिंग और जिहाद के लिए डिजिटल कोर्स लॉन्च किया है। सूत्रों ने बताया कि भारत के खिलाफ फिदायीन दस्ता तैयार करने को जैश-ए-मोहम्मद बड़े पैमाने पर हवाला के जरिए फंड जुटा रहा है।

एजेंसियों को इस संबंध में बेहद चौंकाने वाली जानकारी हाथ लगी है। लाल किला ब्लास्ट से 15 दिन पहले अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद ने तुहफत उल मोमिनात नाम से एक ऑनलाइन कोर्स शुरू किया था। यह कोर्स खास तौर से महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स का मकसद मजहबी और जिहादी ट्रेनिंग देने के साथ-साथ संगठन की गतिविधियों के लिए पैसे जुटाना है।

जैश ए मोहम्मद के टॉप कमांडरों की महिला रिश्तेदारों पर इस ऑनलाइन कोर्स का जिम्मा है। जिनमें मसूद अजहर की बहनें सादिया अजहर, समीरा अजहर और शिया अजहर है। इस कोर्स का प्रचार पहले से ही जैश के इंटरनल टेलीग्राम और वाट्सऐप ग्रुप के साथ-साथ दूसरे कट्टरपंथी प्लेटफॉर्म पर गुपचुप किया जा चुका है। सूत्रों का कहना है कि इस कोर्स में एडमिशन के लिए महिलाओं से 700 पाकिस्तानी करेंसी ली जा रही है। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तुहफत-उल-मोमिन वाट्सऐप, फेसबुक, यूट्यूब और टेलीग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म मदरसों के रूप में काम कर रहे हैं।लाल किला के पास हुए फिदायीन हमले की जांच में एजेंसियों ने मंगलवार को एक संदिग्ध बांग्लादेशी एबीटी सदस्य इख्तियार को पकड़ा है। सूत्रों ने बताया कि जांच का फोकस भारत-बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों मालदा, मुर्शिदाबाद पर है। जिसके बारे में इनपुट मिला था कि लश्कर ए तैयबा के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कुछ कट्टरपंथी ग्रुप संपर्क में हैं। पकड़े गए कथित बांग्लादेशी एबीटी मेंबर से पूछताछ चल रही है। जांच ऐजेंसी लाल किले के पास हुए आतंकी हमले में बांग्लादेश कनेक्शन की पुष्टि करने में जुटी हैं।पकड़े गए संदिग्ध का प्रतिबंधित संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से जुड़े होने का शक है। जांच ऐजेंसी से जुड़े सूत्र का कहना है कि संदिग्ध इख्तियार एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। जिसने विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में मदद की है। एजेंसियों का मानना है कि इस संदिग्ध का साजिश में बॉर्डर पार से लिंक है। पांच दिन पहले जांच एजेंसियों को पता चला था कि बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठनों और लश्कर ए तैयबा के बीच ऑनलाइन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग हुई थी। इसमें एलईटी का टॉप कमांडर सैफुल्लाह सैफ और बांग्लादेशी सरकारी अधिकारी शामिल हुए थे।

आपको बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद तुर्की ने किस तरह से भारत से दुश्मनी निभाई, यह दुनिया देख चुकी है। अब दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाकों का भी कनेक्शन भारत के लिए दूसरे पाकिस्तान के तौर पर उभरते इसी मुल्क से जुड़ रहा है। दरअसल, इस वारदात के मुख्य संदिग्ध डॉ मोहम्मद उमर उर्फ उमर उन नबी और फरीदाबाद मॉड्यूल से जुड़े एक और संदिग्ध डॉ मुजम्मिल शकील के पासपोर्ट से उनके तुर्की की यात्रा का संकेत मिल रहे हैं और यह भी पता चल रहा है कि उन्हें वहीं से भारत में आतंकी साजिशों को अंजाम देने का फरमान मिल रहा था।जाहिर है भारत को मजहब के आधार पर मिल रही विदेशी साजिश को भी नेस्तनाबूद करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ में होगी 2 हजार कर्मियों की छंटनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पुष्टि की है कि उसके वैश्विक कार्यबल में अगले साल मध्य तक करीब 22 प्रतिशत की कमी आ जाएगी। यह कटौती 2,371 पदों की होगी, जिससे 2025 की शुरुआत में मौजूद 9,401 पदों की संख्या घटकर करीब 7,000 रह जाएगी। यह कदम उस समय उठाया जा रहा है, जब उसके सबसे बड़े दाता अमेरिका ने संगठन से बाहर होने का निर्णय लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जनवरी 2025 में पद संभालते ही डब्ल्यूएचओ से बाहर निकलने की घोषणा कर दी थी।

### पड़ोसी सूडान में ड्रोन हमले के बाद दक्षिण सूडान ने तेल निर्यात फिर से शुरू किया

**खार्तूम, एजेंसी।** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पड़ोसी सूडान में दो प्रमुख तेल प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमलों के बाद सीमा पार परिचालन को आपातकालीन रूप से बंद करने के बाद दक्षिण सूडान ने कच्चे तेल का परिवहन और निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अवर सचिव देंग लुआल वोल ने जुबा में संवाददाताओं को बताया कि 'दक्षिण सूडान के सभी तेल क्षेत्रों में परिचालन सामान्य हो गया है' और कच्चा तेल फिर से पाइपलाइनों के माध्यम से लाल सागर स्थित पोर्ट सूडान के निर्यात टर्मिनलों तक पहुंच रहा है।

### कोसोवो में सांसदों द्वारा सरकार चुनने में नाकामी के बाद जल्द चुनाव

**प्रिस्तीना, एजेंसी।** कोसोवो के सांसद बुधवार को नई सरकार चुनने में नाकाम रहे, जिससे इस छोटे से बाल्कन राष्ट्र में महीनों से चल रहे राजनीतिक संकट के बाद जल्द चुनाव का रास्ता साफ हो गया। प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत ग्लौक कोनजुफ्का, सत्तारूढ़ सेल्फ-डिटरमिनेशन मूवमेंट पार्टी के, 120 सदस्यीय विधानसभा में 56 वोट हासिल कर पाए, जो चुनाव के लिए आवश्यक बहुमत से बस थोड़ा कम है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अल्बिन कुर्ती की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए यह मतदान एक बड़ा झटका है। पार्टी ने फरवरी में हुए चुनाव में सबसे अधिक वोट हासिल किए थे, लेकिन अकेले शासन करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। तब से यह संसदीय बहुमत हासिल करने वाला कोई राजनीतिक गठबंधन बनाने में विफल रही है। राष्ट्रपति व्लोसा ओस्मानी को अब संसद भंग करनी होगी और 10 दिनों के भीतर जल्द चुनाव कराना होगा।

### ट्रम्प ने स्टुअर्ट लेवेनबैक को सीएफपीबी का नेतृत्व करने के लिए नामित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्टुअर्ट लेवेनबैक को उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो (सीएफपीबी) के अगले निदेशक के रूप में नामित किया है। उन्होंने ऐसे व्यक्ति को चुना है, जिनके पास बैंकिंग या वित्तीय सेवाओं का कोई अनुभव नहीं है। यह ब्यूरो ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने के बाद से ही निष्क्रिय पड़ा है। लेवेनबैक वर्तमान में प्रबंधन एवं बजट कार्यालय में एक सहयोगी निदेशक हैं और प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा, विज्ञान और जल संबंधी मुद्दों को संभालते हैं। लेवेनबैक के बायोडाटा में विज्ञान और प्राकृतिक संसाधन संबंधी मुद्दों से निपटने का अच्छा अनुभव दिखाई देता है, जहां उन्होंने ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्य किया था।

### इंडोनेशिया में फिर फट उठा ज्वालामुखी, 13 किलोमीटर तक उड़ी राख

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने माउंट सेमेरू ज्वालामुखी में सिलसिलेवार और खौफनाक विस्फोटों के बाद बड़े स्तर पर अलर्ट जारी कर दिया है। हालात यह हैं कि कई गांवों को खाली कराया गया है और लोगों से एहतियातन ज्वालामुखी से कई किमी के दायरे से दूर रहने की सख्त चेतावनी दे दी गई है। इंडोनेशिया की भूविज्ञान एजेंसी ने एक बयान में बताया कि पर्यटन स्थल बाली से लगभग 310 किलोमीटर पश्चिम में पूर्वी जावा स्थित माउंट सेमेरू स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2 बजे फट गया। इंडोनेशिया का यह ज्वालामुखी सबसे घनी आबादी वाले द्वीप पर स्थित है। माउंट सेमेरू से गर्म राख और चट्टान, लावा और गैस के मिश्रण निकल रहे हैं जो बुधवार दोपहर से शाम तक कई बार ढलानों से सात किलोमीटर तक नीचे तक आ गए। वहीं गर्म बादल सतह से करीब दो किलोमीटर तक उठ गए हैं। एजेंसी ने बताया कि विस्फोटों के कारण कई गांव राख से ढक गए और अधिकारियों ने ज्वालामुखी को लेकर सतर्कता स्तर को उच्चतम कर दिया।

# बॉर्डर के करीब आया रूस का जासूसी जहाज, ब्रिटेन की पुतिन को चेतावनी




**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने रूस को एक जासूसी जहाज को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की। ब्रिटेन ने कहा कि वह अपनी सीमाओं में किसी भी संभावित घुसपैठ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह बयान तब आया जब रूसी जासूसी जहाज यंतर स्कॉटलैंड के उत्तर में ब्रिटेन के जलक्षेत्र की सीमा के पास देखा गया। ब्रिटेन ने कहा कि जहाज को स्कॉटलैंड के उत्तर में उसके जलक्षेत्र के किनारे संचालित किया जा रहा है और इसने 'रॉयल एयर फोर्स' (आरएएफ) के पायलट पर लेजर भी दागे हैं।

रक्षा मंत्री जॉन हीली ने लंदन में अपने भाषण के दौरान कहा कि मेरा संदेश रूस और पुतिन के लिए यह है: हम आपको देख रहे हैं। हम जानते हैं कि आप क्या कर रहे हैं। और यदि यंतर इस सप्ताह दक्षिण की ओर बढ़ता है, तो हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आरएएफ के पायलट पिछले कुछ सप्ताहों से यांतर नामक रूसी पोत पर नजर रख रहे हैं, क्योंकि यह पोत ब्रिटेन के जलक्षेत्र में प्रवेश कर चुका है और यह देश के समुद्री बुनियादी ढांचे के लिए खतरा है।

**रॉयल नेवी का एक फ्रिगेट और आरएएफ के पी-8 विमान तैनात :** मंत्री ने कहा- हमने इस जहाज की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए रॉयल नेवी का एक फ्रिगेट और आरएएफ के पी-8 विमान तैनात किए। इस दौरान यांतर ने हमारे पायलट पर लेजर दागे। रूस की यह कार्रवाई बेहद खतरनाक है और इस साल यह दूसरी बार है जब यह जहाज, यांतर, ब्रिटेन के जलक्षेत्र में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा- हमारी दुनिया बदल रही है। यह कम पूर्वानुमानित और अधिक खतरनाक हो गई है। पिछले साल ही हमने देखा है कि इजराइल-ईरान युद्ध ने पश्चिम एशिया को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया है, भारत और पाकिस्तान के बीच सशस्त्र टकराव की खबरें आईं, हमारे देश में चीनी जासूसों द्वारा लोकतंत्र को निशाना बनाए जाने की घटनाएं सामने आईं, और पुतिन ने यूक्रेन में अपने युद्ध को और तेज कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष ही हमने यूरोप के आसमान में ड्रोन हमलों को देखा है, नाटो हवाई क्षेत्र में रूसी घुसपैठ के मामले दोगुने हो गये है, तथा अकेले ब्रिटेन की रक्षा प्रणाली पर 90,000 साइबर हमले हुए हैं। हेली ने कहा कि यह खतरे का एक नया दौर है। इसके लिए रक्षा के एक नए युग, मजबूत सहयोगियों और सुदृढ़ कूटनीति के युग की जरूरत है। और जैसे-जैसे खतरा बढ़ता है, ब्रिटेन को आगे आना होगा और हम आगे आ रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि ब्रिटेन में कम से कम 13 स्थानों की पहचान की गई है, जहां भविष्य के कारखाने बनाकर ब्रिटेन की युद्ध तैयारियों को बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह दो नये ड्रोन कारखाने खुलेंगे, जो इस बात का संकेत है कि ब्रिटेन रक्षा क्षेत्र में नवाचार के मामले में अग्रणी है। रूसी दूतावास की सख्त प्रतिक्रिया ब्रिटेन की चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए लंदन स्थित रूसी दूतावास ने आरोप लगाया कि ब्रिटिश सरकार रूस-विरोधी प्रचार चला रही है और सैनिक उन्माद भड़का रही है। दूतावास ने बयान जारी करते हुए कहा कि मॉस्को की ब्रिटेन की सुरक्षा को कमजोर करने में कोई रुचि नहीं है।

यंतर क्यों है चिंता का कारण? ब्रिटिश अधिकारियों का कहना है कि यंतर रूसी नौसेना का हिस्सा है और इसे शांति काल में जासूसी तथा युद्धकाल में तोड़फोड़ के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी गतिविधियों का ब्रिटेन और उसके सहयोगी देश लगातार ट्रैक करते हैं। हीली ने कहा कि यह जहाज और इससे जुड़े अन्य रूसी पोत ब्रिटेन और उसके सहयोगियों के समुद्र के नीचे बिछे इंफ्रास्ट्रक्चर- जैसे पाइपलाइन और संचार केबल को जोखिम में डालने के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने इस साल बाल्टिक सागर में पाइपलाइन और केबलों पर हुए हमलों का भी उल्लेख किया। यह पहली बार नहीं है जब यंतर ने ब्रिटेन की चौकसी को परखा हो। पिछले वर्ष चेतावनी मिलने के बाद यंतर वहां से भूमध्य सागर की ओर चला गया था। इस साल जनवरी में जब यह जहाज़ इंग्लिश चैनल से गुज़रा, तो ब्रिटेन के फ्रिगेट एचएमएस समरसेट ने उसका पीछा किया था।

## डोनाल्ड ट्रंप की 28 साल की अधिकारी ने 60 के शख्स से की शादी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन यानी वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट की उम्र महज 28 साल ही है, लेकिन उनकी शादी 60 वर्ष के निकोलस रिकियो से हुई है। इस शादी को लेकर अकसर चर्चाएं रही हैं क्योंकि दोनों के बीच उम्र का फासला काफी अधिक है। अब इसे लेकर कैरोलिन ने एक पॉडकास्ट में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि यह असामान्य बात है कि हम दोनों के बीच उम्र का फासला इतना अधिक है। यहां तक कि मेरे पति की उम्र तो मेरी मां से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि इस शादी को लेकर मेरे पैरेंट्स को भी शुरुआत में दिक्कतें थीं और वे इसे लेकर सहज नहीं थे। उनसे पॉडकास्ट में पूछा गया कि आपको अपनी उम्र के लड़के नहीं मिले, जो मैच्योर भी हों? इस पर लेविट ने हंसते हुए जवाब दिया कि यदि आप सच्चाई जानना चाहते हैं और ईमानदारी से कहूं तो यही सच है। उन्होंने कहा कि मेरी अपने रियल एस्टेट डिवेलपर पति निकोलस रिकियो से 2022 में मुलाकात हुई थी। हमारी मीटिंग एक म्युचूअल फ्रेंड के माध्यम से हुई थी। उस समय लेविट न्यू हैंपशायर से चुनाव में उतरी थीं, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। लेविट ने स्वीकार किया कि मेरे पैरेंट्स को इस रिश्ते को स्वीकार करने में समय लगा और शुरुआत में वे इससे असहमत थे। ऐसा इसलिए भी था कि मेरे पति रिकियो की उम्र मेरी मां से भी अधिक है। प्रेस सचिव लेविट ने कहा कि शुरुआत में इस रिश्ते पर आगे बढ़ने में मुश्किल हुई थी। लेविट ने कहा कि मैंने जब पहली बार रिकियो को देखा तो सोचा कि यह कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पारिवारिक रिश्ते भी काफी अच्छे हैं। हम सभी एक दोस्त की तरह हैं। मेरे पति मेरे पैरेंट्स का बहुत सम्मान करते हैं। हम सभी लोग जब मिलते हैं तो बहुत मस्ती और मजाक भी होता है। उन्होंने कहा कि मेरे पति शानदार व्यक्ति हैं। उनकी उम्र पर जाना ठीक नहीं है। वह सेल्फ मेड इंसान हैं और काफी शानदार हैं।

## मंगल पर नासा ने खोजा रहस्यमय 'एलियन पत्थर', ग्रह की प्राकृतिक बनावट से बिल्कुल अलग; वैज्ञानिक हैरान



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के परसेवरेंस रोवर ने मंगल की सतह पर एक रहस्यमय पत्थर खोजा है। यह पत्थर लाल ग्रह की प्राकृतिक और भौगोलिक संरचना से बिल्कुल मेल नहीं खाता। वैज्ञानिकों ने 80 सेंटीमीटर लंबे इस पत्थर को फिप्साक्सला नाम दिया है। फिलहाल वे इसे एलियन रॉक के नजरिये से ही देख रहे हैं। इस पत्थर को 19 सितंबर, 2025 को लेफ्ट मास्टकैम-जेड कैमरे से तस्वीरों में कैद किया गया। उस समय रोवर जेजेरो क्रेटर के पास वर्नोडेन क्षेत्र की चट्टानों का नियमित अध्ययन कर रहा था। नासा ने इस खोज को अपने एक ब्लॉग में इस खोज को साझा किया है।

**किसी अन्य सौरमंडल का हिस्सा हो सकता है फिप्साक्सला :** यह पत्थर एक छोटी डेस्क जैसा दिखता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि हो सकता है कि फिप्साक्सला को किसी अन्य सौरमंडल से यहां लाया गया हो। दूसरा तर्क यह भी है कि यह किसी प्राचीन उल्कापिंड वर्षा का परिणाम हो सकता है। यह चट्टान जिस बेडरॉक पर टिकी है वह इसके लंबे समय तक सुरक्षित रहने का संकेत देती है। 2014 में मिला था लेबनान उल्कापिंड क्यूरियोसिटी रोवर ने 2014 में दो मीटर चौड़े लेबनान और 2023 में काकाओ नामक उल्कापिंड खोजे थे। इन खोजों के बाद वैज्ञानिक उम्मीद कर रहे थे कि जेजेरो में भी ऐसी धात्विक चट्टानें मिलेंगी, क्योंकि यह क्षेत्र काफी पुराना है और यहां अनेक छोटे प्रभाव-गड्ढे मौजूद हैं। यह उल्कापिंडों के नियमित गिरने का संकेत देते हैं। नासा अब इस रहस्यमयी चट्टान के इतिहास और उत्पत्ति की पुष्टि के लिए आगे की जांच कर रहा है।

## दुनिया के सामने आएगा एपस्टीन फाइल में छिपा राज, ट्रंप ने डॉक्यूमेंट पब्लिक करने को दी मंजूरी



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़ी फाइलें जारी करने वाले बिल पर साइन कर दिया है। ट्रंप ने बुधवार देर शाम को इस बात की जानकारी दी। कांग्रेस ने इस बिल को पहले पास किया था। इसके तहत डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस को यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन के गलत कामों की अपनी जांच से मिली सारी जानकारी 30 दिनों के अंदर सर्च और डाउनलोड करने लायक फॉर्मेट में रिलीज करनी होगी। हालांकि, शुरुआत में ट्रंप ने इसका खुलकर विरोध किया था। जेफरी एपस्टीन एक दोषी यौन अपराधी था जिसकी 2019 में फेडरल कस्टडी में मौत हो गई थी। इससे पहले यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने मंगलवार को बिल पास करने के लिए 427-1 से वोट किया और बाद में सीनेट ने इसे मंजूरी दे दी। वोट से पहले दोनों पार्टियों के बीच संसद में तीखी बहस देखने को मिली। दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर डॉक्यूमेंट्स तक पब्लिक एक्सेस में देरी करने का आरोप लगाया। स्पीकर माइक जॉनसन ने ट्रंप का बचाव करते हुए कहा, 'प्रेसिडेंट का इससे कोई लेना-देना नहीं है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। स्पीकर ने डॉक्यूमेंट पब्लिक करने का समर्थन तो किया, लेकिन डेमोक्रेट्स की इसे अभी आगे बढ़ाने के लिए आलोचना की। दरअसल ट्रंप प्रशासन ने एपस्टीन के सभी डॉक्यूमेंट्स जारी करने का महीनों तक विरोध किया था, लेकिन पिछले रविवार को ट्रंप ने कहा कि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में उनकी पार्टी के सदस्य फाइलों के खजाने को खोलने के लिए कानून के लिए वोट कर सकते हैं। ट्रंप कहा, 'यह डेमोक्रेट्स की प्रॉब्लम है। वे एपस्टीन के दोस्त थे। दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर डेमोक्रेट्स को घेरते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा, 'जेफरी एपस्टीन (जिन पर 2019 में ट्रंप जस्टिस डिपार्टमेंट ने आरोप लगाया था) पूरी जिंदगी डेमोक्रेट रहे। उन्होंने डेमोक्रेट नेताओं को हजारों डॉलर दान किए और कई जाने-माने डेमोक्रेट लोगों से गहराई से जुड़े थे, जैसे बिल क्लिंटन (जिन्होंने उनके प्लेन में 26 बार सफर किया), लैरी समर्स (जिन्होंने हाल ही में हार्वर्ड समेत कई बोर्ड से इस्तीफा दिया है), पॉलिटिकल एक्टिविस्ट रीड हॉफमैन, माइनॉरिटी लीडर हकीम जेफ्रीज (जिन्होंने एपस्टीन पर आरोप लगने के बाद उनसे अपने कैंपेन के लिए दान करने को कहा था), डेमोक्रेट कांग्रेस वुमन स्टेसी प्लास्केट और भी कई।' उन्होंने आगे कहा, 'शायद इन डेमोक्रेट्स और जेफरी एपस्टीन के साथ उनके जुड़ाव की सच्चाई जल्द ही सामने आ जाएगी, क्योंकि मैंने अभी एपस्टीन की फाइलें जारी करने के लिए बिल पर साइन किया है। जैसा कि सभी जानते हैं, मैंने हाउस के स्पीकर माइक जॉनसन और सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून से इस बिल को हाउस और सीनेट में पास करने के लिए कहा था। मेरे कहने पर, डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने पहले ही कांग्रेस को करीब पचास हजार पेज के डॉक्यूमेंट्स सौंप दिए हैं। मत भूलिए, बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने डेमोक्रेट एपस्टीन से जुड़ी एक भी फाइल या पेज नहीं सौंपा और न ही उन्होंने कभी उनके बारे में बात की।

## नेपाल: जेन-जी आंदोलन में 80 अरब की संपत्ति का नुकसान, उद्योगों से लेकर सरकारी ढांचे तक बड़ा नुकसान

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में आठ सितंबर को हुए जेन-जी आंदोलन और नौ सितंबर को हुए प्रदर्शन के दौरान 8,000 करोड़ (80 अरब) से अधिक नेपाली रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। अर्थ (फाइनेंस) मंत्रालय के अनुसार, जेन-जी प्रदर्शन के दौरान देशभर में सार्वजनिक संपत्ति, निजी व्यवसाय, संस्थान व व्यावसायिक समूहों को मिलाकर 80.22 अरब नेपाली रुपये की क्षति की प्रारंभिक रिपोर्ट आई है। क्षति मूल्यांकन तथा पुनर्निर्माण अध्ययन उपसमिति ने प्रारंभिक रिपोर्ट पर अर्थ मंत्रालय में चर्चा की। सरकार जहां लगभग एक खरब रुपये तक की क्षति का अनुमान लगा रही थी, वहीं उपसमिति की प्रारंभिक रिपोर्ट में यह राशि उससे लगभग 20 अरब रुपये कम बताई गई है। 80.22 अरब में से 39 अरब रुपये का निजी क्षेत्र को, 28 अरब का संघीय सरकार को, चार अरब का प्रांतीय सरकारों को तथा नौ अरब का स्थानीय संरचनाओं व उद्योग व्यवसायों को नुकसान हुआ है। बैठक में उपसमिति ने बताया कि अभी अंतिम विवरण आना बाकी है।

**जेन-जी और ओली समर्थकों में हुआ टकराव, कर्फ्यू :** भारत के सीमावर्ती नेपाल के बारा जिले में जेन-जी व सीपीएन-यूएमएल के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसके बाद क्षेत्र में बुधवार को कर्फ्यू लागू कर दिया गया। सीपीएन-यूएमएल अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी है। बारा जिले के प्रशासनिक कार्यालय ने बताया कि सिमारा हवाईअड्डे के 500 मीटर के दायरे में दोपहर 12:30 बजे से रात आठ बजे तक कर्फ्यू रहेगा। यह फैसला जेन-जी व पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थकों के बीच टकराव के बाद लेना पड़ा। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ युवाओं की नारेबाजी के बाद बढ़ा तनाव पुलिस ने बताया कि बड़ी संख्या में युवा सिमारा हवाईअड्डे पर जुट गए और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में टकरवा हो गया। यह टकराव उस समय हुआ, जब पार्टी महासचिव शंकर पोखरेल व युवा नेता महेश बस्नेत काठमांडो से सिमारा आने वाले थे, जहां दोनों नेता सरकार विरोधी रैली को संबोधित करने वाले थे।

## आज ममदानी से मिलेंगे ट्रंप, जुबानी वार-पटलवार के बीच पहली बार होगा आमना-सामना




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी उनसे शुक्रवार, 21 नवंबर को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। ट्रंप ने लिखा, 'कम्युनिस्ट मेयर ऑफ न्यूयॉर्क सिटी, जोहरान 'क्वामे' ममदानी ने मुलाकात का अनुरोध किया है। हम शुक्रवार को ओवल ऑफिस में मिलने पर सहमत हुए हैं। आगे और जानकारी दी जाएगी।'

**चुनाव से पहले और बाद में तीखी बयानबाजी :** ट्रंप और ममदानी के बीच चुनाव अभियान के दौरान से ही तीखा राजनीतिक टकराव चलता रहा है। ट्रंप ने चुनाव से ठीक पहले कहा था कि ममदानी की जीत न्यूयॉर्क सिटी के लिए 'पूरी तरह आर्थिक और सामाजिक तबाही' साबित होगी। वहीं, जीत के बाद अपने जोशीले भाषण में ममदानी ने ट्रंप पर सीधा निशाना साधते हुए कहा था कि न्यूयॉर्क 'प्रवासी लोगों से चलता है, और अब एक प्रवासी इसे नेतृत्व देगा। उन्होंने ट्रंप को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर किसी को ट्रंप को हराना आता है, तो वह वही शहर है जिसने उन्हें जन्म दिया। और अगर किसी तानाशाह को डराना है, तो उसकी सत्ता की बुनियाद को बदल दो। ट्रंप, अगर आप देख रहे हैं, तो वॉल्यूम बढ़ा लीजिए।'

**ट्रंप की प्रतिक्रिया- 'बहुत गुस्से वाला भाषण' :** ट्रंप ने ममदानी के भाषण को 'बहुत गुस्से से भरा' बताया और कहा कि इस रवैये से वे सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पहल ममदानी को करनी चाहिए थी, 'मैं तो यहां हूं। देखेंगे क्या होता है। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें ही पहले संपर्क करना चाहिए था।' इसके साथ ही ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि 'मैं चाहता हूं कि नया मेयर अच्छा करे, क्योंकि मैं न्यूयॉर्क से प्यार करता हूं।'

**कम्युनिज्म नहीं चला है- ट्रंप :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से ममदानी को 'कम्युनिस्ट' कहते रहे हैं। उन्होंने फिर दोहराया कि 'हजारों वर्षों में कम्युनिज्म कभी काम नहीं कर पाया है। मुझे नहीं लगता कि इस बार भी चलेगा।'

**न्यूयॉर्क को मिला पहला दक्षिण एशियाई, मुस्लिम मेयर :** जोहरान ममदानी ने बेहद कड़े मुकाबले में यह ऐतिहासिक जीत हासिल की। वे अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क का नेतृत्व करने वाले पहले दक्षिण एशियाई और पहले मुस्लिम नेता बन गए हैं। उन्होंने रिपब्लिकन कैंडिडेट कर्टिस स्लिवा और पूर्व न्यूयॉर्क गवर्नर एंड्र्यू क्यूओमो को हराया। क्यूओमो को चुनाव से ठीक पहले ट्रंप का समर्थन मिला था, फिर भी वह हार गए।

## यूक्रेन के लिए योजना बना रहा अमेरिका, शांति बहाली के लिए भेजे गए शीर्ष सैन्य अधिकारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए एक गोपनीय योजना पर काम कर रहा है। इस योजना से जुड़े एक सूत्र ने सीएनएन को बताया कि यह ट्रंप के कार्यकाल के सबसे अहम कूटनीतिक प्रयासों में से एक है। सीएनएन के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ वॉशिंगटन और मॉस्को के बीच चल रही गोपनीय बातचीत के मुख्य चेहरे हैं। वह इन वार्ताओं का नेतृत्व कर रहे हैं।

सूत्र ने कहा कि अमेरिकी अदिकारियों का मानना है कि क्रेमलिन किसी संभावित समझौते में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है, इसलिए इस हफ्ते बातचीत में तेजी आई है। इसी बीच सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल बुधवार को रक्षा मंत्रालय (जिसका नाम बदलकर अब युद्ध मंत्रालय कर दिया गया है) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम के साथ यूक्रेन पहुंचे। सेना के प्रवक्ता कर्नल डेव बटलर ने कहा कि वह युद्ध खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा करने और यूक्रेनी अधिकारियों से मिलने के लिए तथ्य जांच (फैक्ट-चेक) मिशन पर आए हैं। अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि यह दौरा राष्ट्रपति के आदेश पर किया गया है, ताकि सरकार के शांति प्रयासों को फिर से आगे बढ़ाया जा सके। रिपोर्ट में बताया गया है कि ड्रिस्कॉल राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष यूक्रेनी नेताओं को युद्ध की वास्तविक स्थिति, हथियारों की जरूरत और संभावित कूटनीतिक तरीकों के बारे में जानकारी देंगे। इस यात्रा की जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। यूक्रेन के रक्षा मंत्री डेनिस शिमहाल ने टेलीग्राम पर ड्रिस्कॉल के साथ अपनी बैठक की पुष्टि की और दोनों की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने हर दिन




यूक्रेनी नागरिकों की जान बचाने में अमेरिकी समर्थन के लिए उनका आभार जताया। ड्रिस्कॉल पहले की बैठकों में नजर नहीं आए थे। लेकिन वह उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। दोनों येल लॉ स्कूल में साथ थे। ड्रिस्कॉल मुख्य रूप से रक्षा खरीद के मामलों पर काम करते रहे हैं। उनके साथ आने वाले अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज, यूरोप में अमेरिकी सेना के शीर्ष कमांडर जनरल क्रिस डोनाह्यू और आर्मी के सार्जेंट मेजर माइकल वैमर भी शामिल थे। रूस के अधिकारियों ने भी शीर्ष स्तर पर वार्ता जारी होने की पुष्टि की और सीएनएन को बताया कि अमेरिका-रूस की बातचीत जारी है, जिसमें विटकॉफ भी शामिल हैं। रूसी विशेष दूत किरिल दिमित्रिएव ने अक्तूबर में अमेरिका का दौरा किया था, जहां उन्होंने कई बैठकें कीं। एक रूसी सूत्र ने इन बैठकों को 'बहुत उत्पादक चर्चा' बताया। एक्सिओस की एक रिपोर्ट में कहा गया कि वॉशिंगटन और मॉस्को के बीच जिस मसौदे पर बातचीत हो रही है, वह 28 बिंदुओं का है और इसमें यूक्रेन व यूरोप की सुरक्षा गारंटी, साथ ही अमेरिका के दोनों देशों के साथ भविष्य के संबंधों से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। जब इस बारे में पूछा गया, तो क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रिपोर्ट को कम महत्व दिया और कहा कि अभी बताने के लिए कुछ नई चीज नहीं है।

# क्या आप भी सुबह खाली पेट पीते हैं चाय? हो जाएं सावधान



भारतीय घरों में लोग ज्यादातर अपने दिन की शुरुआत चाय के साथ करना पसंद करते हैं। शायद उनकी यह सोच बन चुकी है कि सुबह-सुबह चाय पिए बगैर उनकी आंख नहीं खुलती। मगर शायद आप नहीं जानते कि आपकी यह सोच आपको धीरे-धीरे बीमार करती जा रही है। आज हम बात करेंगे सुबह के वक्त दूध वाली चाय पीने के नुकसान और साथ ही जानेंगे दूध वाली चाय की जगह आप किस तरह से अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं...

## एसिडिटी

यदि आप खाली पेट चाय पीते हैं तो आपको एसिडिटी हो सकती हैं। गर्म चाय का सेवन एसिडिटी पैदा करता है और खाने को पचाने वाले रसों पर बुरा प्रभाव डालता है।

## कब्ज

कई लोग समझते हैं कि सुबह उठकर चाय पीने से पेट साफ होता है। मगर चाय पीने से पेट साफ नहीं बल्कि पेट की आंते कमजोर होती हैं, जिससे आप कब्ज के शिकार होते हैं।

## कैंसर

सुबह-सुबह दूध वाली मीठी चाय पीने से आप

## मूड-खराब

चाय पीने से एसिडिटी बनती है, जिस वजह से आप सारा दिन गुस्से में और चिड़चिड़े बने रहते हैं।

## वजन बढ़ना

खाली पेट दूध वाली मीठी चाय पीने से आपका वजन भी बढ़ता है, जिस वजह से आप एक्टिव होने की बजाय सुस्त महसूस करने लगते हैं।

## अल्सर का खतरा

सुबह-सुबह चाय पीने से पेट में जख्म होने लगते हैं, जिसे डॉक्टरी भाषा में अल्सर का नाम दिया जाता है। तो ये थे सुबह खाली पेट चाय पीने के नुकसान, अब बात करेंगे सुबह उठकर आपको कौन सी चाय पीनी चाहिए।

## ग्रीन-टी

सुबह के वक्त ग्रीन-टी पीने से आप दिन भर एक्टिव फील करते हैं। ग्रीन-टी आपकी बॉडी के लिए एंटी-ऑक्सीडेंट्स का काम करती है। जो आपको डायबिटीज, कैंसर और हाई बीपी जैसी बीमारियों से बचाकर रखती है।

## ब्लैक-टी

जो लोग दिन-भर घर से बाहर रहते हैं, उनके अंदर काफी हद तक धुआं और प्लयूशन जा चुका होता है। ऐसे में ब्लैक-टी पीने से धुएं के संपर्क की वजह से फेफड़ों को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। यह हार्ट-स्ट्रोक के खतरे को भी कम करने का काम करती है।

## लेमन-टी

दूध वाली चाय की जगह लेमन-टी पीएं। नींबू जहां आपकी बॉडी को डिटॉक्सीफाई करने का काम करता है वहीं आपको दिन भर एक्टिव रखने में भी मदद करता है। आप इसमें शहद डालकर चाय की गुणवत्ता को और भी बढ़ा सकते हैं।

## सिंपल गुनगुना पानी

अगर आपको इनमें से कोई भी चाय नहीं पसंद तो आप दूध वाली चाय पीने की बजाय गुनगुने पानी में

# जिद्दी से जिद्दी दाग-धब्बों की छुट्टी करेगा यह पैक

ब्यूटी प्रॉब्लम्स दूर करने के लिए आप बहुत कुछ करते होंगे पर क्या आपने कभी घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करके देखा है? आज हम आपको एक ऐसा ही होममेड मास्क बताएंगे जो त्वचा को निखारने के साथ-साथ काले दाग-धब्बे, ब्लैकहेड्स, झाइयां और झुर्रियों जैसी समस्याओं को दूर करने में काफी असरदार है।


## जरूर लगाएं सनस्क्रीन लोशन

सर्दी हो या गर्मी, धूप हमेशा ही स्किन को नुकसान पहुंचाती है। वहीं प्रदूषण, धूल-मिट्टी के कारण भी स्किन खराब होने लगती है। ऐसे में घर से बाहर जाते समय बॉडी पर सनस्क्रीन लोशन जरूर लगाएं। इस का का ध्यान रखें कि लोशन आपकी स्किन टाइप के हिसाब से हो। साथ ही बाहर जाने से कम से कम आधा घंटा पहले सनस्क्रीन लोशन अप्लाई करें। इससे आपको इन सभी समस्याओं से बची रहेंगी।

चलिए अब हम आपको एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताते हैं, जिससे आप अपनी कई ब्यूटी प्रॉब्लम्स से छुटकारा पा सकती हैं।

## कितनी बार लगाएं?

हफ्ते में कम से कम 2-3 बार यह मास्क लगाएं। महीनेभर में ही आपकी झाइयों की समस्या दूर हो जाएगी। साथ ही यह मास्क जिद्दी दाग-धब्बों, पिंपल्स, झुर्रियां व डार्क सर्कल्स से भी छुटकारा दिलाएगा।



**सामग्री**

बेसन - 1 चम्मच

खीरे का रस - 1 चम्मच

**बनाने का तरीका**

बाउल में दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें और ध्यान रखें कि इसमें गांठे ना बने। अगर पेस्ट गाढ़ा हो तो उसमें खीरे का रस थोड़ा-सा मिक्स कर लें।

**इस्तेमाल करने का तरीका**

- सबसे पहले चेहरे को अच्छी तरह फेसवॉश से क्लीन करें, ताकि सारी धूल मिट्टी निकल जाएं।
- अब इस मास्क को चेहरे पर अप्लाई करें और 30-35 मिनट के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद हल्का-सा पानी लगाकर मसाज करें और पेस्ट को ताजे पानी से धो लें।
- अगर आप रात को सोने से पहले यह मास्क लगाएंगे तो आपको ज्यादा अच्छा रिजल्ट मिलेगा।
- अब चेहरे पर क्रीम, लोशन या माइश्चराइजर लगाएं, ताकि स्किन ड्राई ना हो।

# रेसिपी



## बेसन ब्रेड टोस्ट

### सामग्री

- 4 व्हाइट ब्रेड ■ 1 प्याज बारीक कटी हुई ■ 1 टमाटर बारीक कटा हुआ ■ 1 हरी मिर्च बारीक कटी ■ हरी धनिया बारीक कटी ■ 1/2 कप बेसन ■ 4 छोटे चम्मच तेल ■ नमक स्वादानुसार

### विधि

बेसन ब्रेड टोस्ट बनाने के लिए बाउल में बेसन, प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, धनिया के पत्ती, नमक और थोड़ा पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। तवा गर्म होने के लिए रख दें और आंच मीडियम रखें। अब ब्रेड स्लाइस लेकर इसे बेस्ट के पेस्ट में डालें और फिर तवे पर रखें। दोनों तरफ थोड़ा-थोड़ा तेल डालें जिससे ब्रेड तवे पर चिपके नहीं। बहुत ज्यादा ब्राउन न करें सुनहरा रंग का हो जाएं तो उतार लें। बाकी टोस्ट को भी ऐसे ही बना लें। हरी चटनी और चाय के साथ परोसें।



## बथुए का साग

### सामग्री

- बथुआ- 500 ग्राम, टमाटर- दो (बारीक कटे हुए), हरी प्याज- 100 ग्राम बारीक कटी हुई, हरी मिर्च- 2 बारीक कटी हुई, जीरा- ½ चम्मच, सरसों तेल- 2 बड़े चम्मच, सरसों तेल- 2 बड़े चम्मच, काली मिर्च पाउडर- ½ चम्मच, नमक- स्वादानुसार

### विधि

बथुए के डंठल तोड़कर साफ कर लें और अच्छे से धोकर बारीक काट लें। हरी प्याज को भी धोकर बारीक काट लें। कढ़ाई को गर्म कर इसमें तेल डालें। गर्म होने के बाद इसमें जीरा और हरी मिर्च का तड़का लगाएं। अब बारीक कटी हुई प्याज डालकर भूनें और गोल्डेन ब्राउन होने के बाद इसमें मटर, हरी प्याज भी डाल दें। 1-2 मिनट बाद काली मिर्च और स्वादानुसार नमक डाल दें। अब इसमें बथुए का साग डालकर अच्छे से चलाएं और फिर इसे ढककर पकाएं। जब साग पूरी तरह से गल जाएं तो आंच धीमी कर दें और इसका पूरा पानी सुखा लें। तैयार है बथुए का साग। जिसे आप लंच या डिनर किसी में भी सर्व कर सकते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2654




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

**काकुरो - 2653 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

फौजदारी का मुकदमा था.

अपराध स्वीकार कर लेने के पश्चात वकील ने अपराधी से पूछा-'तुमने उसे कितने थप्पड़ मारे थे ?'

'जी एक !'

तभी वह आदमी चिल्ला पड़ा जिसे मार पड़ी थी-'यह झूठ बोलता है मीलॉर्ड ! इसने मुझे पांच थप्पड़ मारे थे !'

इस पर अपराधी ने भोलेपन से कहा-'मीलॉर्ड ! मैंने मारा तो एक ही थप्पड़ था, पर इसके स्वास्थ्य को देखते हुए मैंने उसे पांच किश्तों में बांट दिया था.'

□ □ □

एक बार परेड हो रही थी.

एक कमांडर को बहुत कम जवानों के नाम याद रहते थे. वह जिस किसी जवान का नाम जानता था, परेड के समय उसी को ज्यादा टोकता था.

उस दिन परेड में वह चिल्लाया-'महेश ! परेड के साथ नहीं चलते. कदम बराबर मिलाओ ! तुम बहुत सुस्त चलते हो.'

'सर !'


सूबेदार ने सूचना दी-'महेश तो आज छुट्टी पर है.'

'तो क्या हुआ ?'

कमांडर और जोर से चीखा-'वह वहां भी सुस्त चल रहा होगा.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2654



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2653**



## सूडोकु -2654


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2653 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 2654



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली -2653 का हल**



## कांग्रेस को स्कूटी पर लाना चाहते हैं राहुल गांधी - भाजपा नेता गौरव वल्लभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार ने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इस पर भाजपा नेता गौरव वल्लभ का कहना है कि बिहार में अब डबल इंजन की सरकार चौगुनी रफ्तार से दौड़ेगी। बिहार में सुशासन की बहार होगी। जो काम पिछली सरकार पूरे नहीं कर पाई, इस सरकार में पूरे होंगे। संकल्प पत्र में हमने जो बातें कहीं थीं, उन्हें पूरा करने की नीतीश कुमार और उनकी कैबिनेट ने प्रतिज्ञा ली है। राहुल गांधी और कांग्रेस पर गौरव वल्लभ ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी को वह स्कूटी पर लाना चाहते हैं। कांग्रेस की प्रवक्ता शमा मोहम्मद को लेकर गौरव वल्लभ ने बातचीत में कहा कि वे कांग्रेस की आधिकारिक प्रवक्ता हैं और आज वे आतंकियों के समर्थन में खड़ी हुई हैं। कभी देश के क्रिकेटर रोहित शर्मा पर अभद्र टिप्पणियां करती हैं। प्रधानमंत्री ने जो कांग्रेस के लिए शब्दों का प्रयोग किया, उसे चरितार्थ करती हैं। भारत की कांग्रेस मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस बनकर रह गई है। अब इसे चरितार्थ कांग्रेस की आधिकारिक प्रवक्ता कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सामने प्रण लिया है कि जो भी इन लोग आतंकी हमले में शामिल हैं, उन्हें चुन-चुनकर न्यायिक प्रणाली के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई के साथ सजा दिलाई जाएगी। वहीं, एसआईआर, वोट चोरी और इसके खिलाफ कांग्रेस की तरफ से निकाली जा रही रैली को लेकर उन्होंने कहा कि भगवान कांग्रेस को सद्बुद्धि दे।

## आर्थिक साइबर अपराधों के तीन बड़े कारण, लालच, भय और लापरवाही - राजीव कृष्णा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कासगंज में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय साइबर जागरूकता कार्यशाला को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक साइबर अपराधों के तीन बड़े कारण, लालच, भय और लापरवाही हैं। परिक्षेत्र स्तरीय साइबर जागरूकता कार्यशाला में एडीजी जोन आगरा, डीआईजी अलीगढ़ रेंज, डीएम कासगंज, एसपी कासगंज, अलीगढ़, हाथरस और एटा सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-छात्र, व्यापारी संगठन, बैंक अधिकारी, सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े विभिन्न जिलों के साइबर सेल और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि पिछले वर्षों में डिजिटल जीवनशैली ने समाज में बड़ा परिवर्तन लाया है। डिजिटल भुगतान, सोशल मीडिया और ऑनलाइन सेवाएं अब हर घर का हिस्सा बन चुकी हैं। भारत प्रति व्यक्ति डिजिटल वित्तीय लेन-देन में विश्व में प्रथम स्थान पर है, जबकि कोविड के बाद ई-कॉमर्स में अभूतपूर्व 60-70 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट सुविधा के साथ-साथ इसके दुरुपयोग में भी तेज वृद्धि हुई है, इसलिए इंटरनेट का जिम्मेदारी से उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास तकनीकी खराबी से खेत में गिरा वायु सेना का यूएवी

**जोधपुर।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर वायु सेना का रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) इंजन में खराबी आने के बाद रामगढ़ में नहरी इलाके के खेत में गिरा। सूचना के बाद पुलिस और वायु सेना, सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट इंजन में खराबी आने के बाद जैसलमेर के पास सुरक्षित रूप से लैंड कराया गया। आरपीए को एक खाली मैदान में बरामद किया गया, जिससे जमीन पर कोई नुकसान नहीं हुआ और आरपीए को भी कम से कम नुकसान हुआ। दरअसल, रामगढ़ नहरी क्षेत्र के एक खेत में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे स्थानीय किसान ने देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर भारतीय वायु सेना और सेना की टीम मौके पर पहुंची। वायु सेना की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। ड्रोन ने जमीन पर गिरने के बाद कई फीट तक स्लाइड करते हुए मिट्टी में खिंचाव बनाए। इसके आगे वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पंख और पिछले हिस्से के फिन्स सुरक्षित है। ड्रोन किसी सर्विलांस, रिकॉर्डिंग या तकनीकी निगरानी मिशन में काम आने वाला मॉडल है।

## यूट्यूब ने एसजीपीसी के गुरबाणी चैनल को सात दिन के लिए किया सस्पेंड, भाजपा ने की केन्द्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** यूट्यूब ने शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के गुरबाणी चैनल को सात दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है। यूट्यूब के इस कदम की भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी निंदा करते हुए केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है। भाजपा के महासचिव तरुण चुग ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि गुरबाणी मानवता और सेवा का संदेश है, जो जाति-पाति से ऊपर उठकर जीवन को मार्गदर्शन देती है। यूट्यूब ने इसे प्रचारित करने वाले चैनल पर 7 दिन की रोक लगाई, यह निंदनीय है। गुरबाणी घर-घर पहुंचकर श्रद्धा और शिक्षा फैलाती है, यूट्यूब को तुरंत यह सस्पेंशन हटाना चाहिए। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से तुरंत हस्तक्षेप कर चैनल को बहाल करने की मांग करते हुए इस मामले की गहन जांच करने की मांग की।



# छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में राष्ट्रपति ने जनजातीय महापुरुषों को किया नमन

**एजेंसी**

**अंबिकापुर।** जनजातीय गौरव दिवस 2025 के अवसर पर छत्तीसगढ़ के जिला सरगुजा मुख्यालय के अंबिकापुर का पीजी कॉलेज मैदान ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जनजातीय परंपराओं, वीरों नमन किया और समाज प्रमुखों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति मुर्मु ने कार्यक्रम में जनजातीय समाज प्रमुखों, पीवीटीजी समुदायों, स्वतंत्रता संग्राम के जननायकों के परिजनों और समाज उत्थान में योगदान देने वाले लोगों से भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने सोनाखान के जननायक शहीद वीर नारायण सिंह, परलकोट क्रांति के शहीद गेंदसिंह, झंडा सत्याग्रह के सुकदेव पातर, भूमकाल क्रांति के जननायक बन्टू धुरवा, जंगल सत्याग्रह के शहीद रामधीन गोंड़ जैसे



वीरों के परिजनों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पण्डो जनजाति के 81 वर्षीय बसन्त पण्डो से मुलाकात की। उन्होंने बिरहोर, अबुझमाड़िया, बैगा, पहाड़ी कोरवा, उरांव, नगेशिया, खैरवार, कंवर, नागवंशी, मुरिया, गोंड़, चेरवा सहित विभिन्न जनजातियों के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने सभी का हाल-चाल पूछा और समूह चित्र के माध्यम से इस ऐतिहासिक पल को संजोया। राष्ट्रपति ने 81 वर्षीय बसन्त पण्डो से मुलाकात की और प्रेमपूर्वक उनका हाल-चाल जाना और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मुलाकात के दौरान बसन्त पण्डो ने एक ऐतिहासिक प्रसंग साझा किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1952 में जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद अंबिकापुर आए थे, तब वे मात्र आठ वर्ष के थे। उसी दौरान डॉ. प्रसाद ने उन्हें गोद लिया और उनका नामकरण किया था। इसी घटना के बाद पण्डो जनजाति को 'राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र' कहलाने का गौरव प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति मुर्मु ने बसन्त पण्डो को कहा कि आप मेरे भी पुत्र की तरह हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित केंद्रीय व राज्य मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों की बड़ी उपस्थिति रही।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में चिहका-उसपरी मार्ग पर 10 किलो का आईईडी बरामद

**एजेंसी**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चिहका-उसपरी मार्ग पर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा लगाया गया 10 किलो का कमांड आईईडी बरामद किया। बाद में सुरक्षित रूप से उसे निष्क्रिय कर दिया। यह संयुक्त कार्रवाई भैरमगढ़ थाना पुलिस और बीजापुर बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) टीम ने की।



बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार सुरक्षाबल नियमित गश्त और तलाशी अभियान के लिए चिहका-उसपरी क्षेत्र में निकले थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक संदिग्ध इलेक्ट्रिक तार दिखाई दिया। शंका के आधार पर टीम ने आस-पास के इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें स्टील टिफिन में छिपाया गया लगभग 10 किलो का आईईडी मिला। नक्सलियों ने इस विस्फोटक को सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की नीयत से लगाया था। सूचना मिलते ही बीजापुर बीडीएस टीम मौके पर पहुंची और विस्फोटक को मौके पर ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## नक्सली मुठभेड़ में बलिदान हुए मप्र के हाकफोर्स निरीक्षक आशीष शर्मा का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**एजेंसी**

**भोपाल।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान में बहादुरी से मुकाबला करते हुए बलिदान हुए मध्य प्रदेश के बालाघाट में पदस्थ हॉक फोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा का उनके पैतृक गांव नरसिंहपुर जिले के ग्राम बोहानी में राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार हुआ।

परिजनों ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उन्हें कंधा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बलिदानी आशीष शर्मा के छोटे भाई को सब इंस्पेक्टर बनने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सारे नियमों को शिथिल करते हुए छोटे भाई को एसआई बनाया जाएगा। इसके साथ ही परिवार को एक करोड़ की सम्मान निधि दी जाएगी और आशीष शर्मा के नाम पर गांव में एक पार्क और स्टेडियम बनाया जाएगा। गौरतलब है कि हॉक फोर्स निरीक्षक आशीष शर्मा बुधवार को छत्तीसगढ़ के बोरतलाव-कुर्रेझर,के घने जंगलों में नक्सल-विरोधी अभियान एवं मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की संयुक्त टीम के



इस महत्त्वपूर्ण ऑपरेशन में उन्होंने अदम्य साहस और असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया। एंटी नक्सल ऑपरेशन डीजी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। तीनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के बोर तालाब के पास नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। तीनों टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को गोली लग गई। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोपहर को बलिदानी आशीष शर्मा का पार्थिव शरीर नरसिंहपुर में उनके गृहग्राम बोहानी लाया गया। घर में उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। लोगों ने घरों की छतों पर खड़े होकर शहीद पर फूल बरसाए। बलिदानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और उदय प्रताप सिंह पहुंचे। मप्र कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी बलिदानी जवान को श्रद्धांजलि दी।

## राम मंदिर ध्वजारोहण से पहले सरयू तट हुआ कलश पूजन और पूजित कलश पहुंचे रामजन्म भूमि

**एजेंसी**

**अयोध्या।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्या एक और ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। आने वाले 25 नवंबर को राम मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवा ध्वज फहराएंगे। यह क्षण केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि करोड़ों सनातन भक्तों की भावनाओं और रामायणकालीन परंपरा का पुनर्जागरण होगा। इसी भव्य तैयारी की कड़ी में शुक्रवार से पांच दिवसीय वैदिक अनुष्ठान शुरू हो रहा, उससे पहले सरयू तट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा और उनकी पत्नी मुख्य यजमान बने। पीतांबरी परिधान में 551 महिलाएं कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। यह दृश्य न केवल भव्य था, बल्कि यह योगी सरकार के महिलाओं को धार्मिक-सामाजिक नेतृत्व में दिए सम्मान का प्रत्यक्ष प्रमाण भी। गायत्री शक्तिपीठ की दो सौ से अधिक महिलाएं भी इस अनुपम यात्रा में सम्मिलित हुईं। आगे-आगे 151 युवा केसरिया पताकाएं लिए हुए, पीछे-पीछे गाजे-बाजे और जय श्रीराम के घोषों के साथ पूरी अयोध्या भक्तिरस से सराबोर



दिखी। सरयू तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद स्वस्तिवाचन के साथ कलश यात्रा निकाली गई।रामायण में सरयू नदी श्रीराम के राज्यकाल की साक्षी रही है। इन्हीं पावन तरंगों से आज फिर वही अध्यात्म जाग उठा। अमृत काल और सर्वार्थ सिद्धि योग में संत तुलसीदास घाट से शुरू हुई यह यात्रा मानो त्रेतायुग की स्मृतियों को फिर से जीवंत कर गई। सरयू का जल, रामायण के काल से आज तक, पवित्रता और धर्म की निरंतरता का प्रतीक रहा है। आज वही जल 551 कलशों में भरकर राम पथ हनुमानगढ़ होते हुए रामलला के दरबार तक पहुंचे। कलश यात्रा के समापन के बाद सभी 551 कलश यज्ञशाला में स्थापित कर दिए गए हैं। शुक्रवार से शुरू हो रहे इस अनुष्ठान के अंतर्गत वेदपाठी, आचार्य और विद्वान रोज़ नित्याहुति, मंत्रोच्चार और वैदिक विधानों के अनुसार पूजन संपन्न कराएंगे। इस अनुष्ठान का उद्देश्य ध्वजारोहण दिवस को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बनाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनेक बार कह चुके हैं 'अयोध्या केवल एक शहर नहीं, यह हमारी आस्था का प्रतीक है।' इसी सोच के आधार पर अयोध्या का विकास विश्वस्तरीय तीर्थ के रूप में किया गया है। 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण, दीपोत्सव के विश्व रिकॉर्ड, नए रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डा–हर कदम इस दिशा में एक मील का पत्थर है।

## मप्र पर्यटन के प्रतिनिधिमंडल ने श्रीलंका में बौद्ध सर्किट को दिया नया आयाम

**एजेंसी**

**भोपाल।** भारत और श्रीलंका के मध्य अनादि काल से चली आ रही सांस्कृतिक और आध्यात्मिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इन दिनों श्रीलंका की सद्भावना यात्रा पर है। यह यात्रा, कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग के आमंत्रण पर आयोजित की गई है। मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. इलैयाराजा टी. के नेतृत्व में उप सचिव राजेश गुप्ता और टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने श्रीलंका में मध्य प्रदेश के बौद्ध सर्किट का प्रचार किया और साथ ही रामायण की कथाओं को जीवंत करने वाले कलाकारों व कहानीकारों के साथ प्रदेश के बौद्ध स्थलों को प्रचारित करने का आग्रह भी किया। कोलंबो में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने वहाँ की अग्रणी हॉस्पिटैलिटी कंपनियों से भेंट की। इन सार्थक वार्ताओं में मध्य प्रदेश



के विशाल पर्यटन सामर्थ्य को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसमें समृद्ध संस्कृति, प्राचीन धरोहर, वन्यजीवों की अनुपम छटा, रोमांचक गतिविधियाँ और आध्यात्मिक व कल्याणकारी पर्यटन के अवसर समाहित हैं। इस यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव श्रीलंका के विदेश मामले, विदेशी रोज़गार और पर्यटन मंत्री विजित हेराथ के साथ हुई बैठक थी। डॉ. इलैयाराजा टी. ने अपने सारगर्भित प्रस्तुतीकरण में दोनों राष्ट्रों के गहरे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की नींव को रेखांकित किया। मंत्री हेराथ ने द्विपक्षीय पर्यटन को बढ़ाने के लिए विस्तृत संभावनाओं पर बल दिया और सहयोग को और मज़बूत करने की अपनी उत्कट इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने पर्यटन और आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में सहयोग के नवीन मार्गों पर प्रकाश डाला, जबकि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त सचिव हरिकिशोर एस. ने कनेक्टिविटी और पर्यटक अनुभव को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में चल रही पहलों का विवरण दिया। स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित विशेष सभा में लिया भागप्रतिनिधिमंडल ने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक विशेष सभा में भाग लिया, जिसकी अध्यक्षता श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी के अध्यक्ष बनागला उपतिस्स नायक थेरो ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारत और श्रीलंका के मध्य विद्यमान अविभाज्य सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारंपरिक बंधनों को बड़े स्नेह से समझाया।

## दिल्ली विस्फोट के बाद कश्मीरियों को शक की निगाह से न देखा जाए - डॉ. फारूक अब्दुल्ला

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि दिल्ली विस्फोट के बाद देशभर में कश्मीरियों को शक की निगाह से न देखा जाए। डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कश्मीरियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने इन घटनाओं के बाद उठ रहे असहज माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे आपराधिक कृत्य करने वाले लोग बहुत कम हैं और वे जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने कहा, 'यह बहुत दुखद है कि कुछ गुमराह लोगों की हरकतों के कारण पूरे कश्मीरी समुदाय के खिलाफ शक और शत्रुता का माहौल बनता है।' उन्होंने खासतौर पर उन कश्मीरी युवाओं की सुरक्षा की बात की, जो देश के अन्य हिस्सों में काम और पढ़ाई कर रहे हैं।डॉ. अब्दुल्ला ने कहा, 'हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कश्मीरियों, विशेषकर हमारे युवा जो अलग-अलग राज्यों में पढ़ाई और रोजगार के लिए गए हैं, वो सुरक्षित, समर्थित और संरक्षित महसूस करें।' उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरियों ने हमेशा भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और उनकी इज्जत और सुरक्षा की रक्षा करना सभी सरकारों की जिम्मेदारी है। डॉ. अब्दुल्ला ने सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के नेताओं से अपील की कि वे कानून लागू करने वाली एजेंसियों को किसी भी तरह के भेदभाव या टारगेट किए गए हैरेसमेंट के खिलाफ सख्त निर्देश जारी करें।

# राष्ट्रपति भवन में 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह के समय में बदलाव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में प्रत्येक आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह अब शीत ऋतु को देखते हुए नए समय पर आयोजित होगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह समारोह आगामी शनिवार, 22 नवंबर से सुबह 08:30 बजे से 09:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अब तक यह कार्यक्रम गर्मियों के मद्देनजर सुबह 8 बजे से होता था, लेकिन मौसम में ठंड बढ़ने के कारण समय में परिवर्तन किया गया है।राष्ट्रपति भवन की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि नए समय का प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

उल्लेखनीय है कि 'चेंज ऑफ गार्ड' एक सैन्य परंपरा है जिसकी शुरुआत इतिहास के पन्नों में कहीं खो गई है। प्राचीन काल से ही किलों, महलों और रक्षा प्रतिष्ठानों में तैनात गार्डों को निश्चित अंतराल पर बदला जाता रहा है, ताकि नई और ताज़ा टुकड़ी जिम्मेदारी संभाल सके। राष्ट्रपति भवन में यह दायित्व सेरेमोनियल आर्मी गार्ड बटालियन निभाती है। समारोह को हाल में अधिक दृश्यात्मक और जनसुलभ बनाने के लिए इसका स्वरूप बदला गया है और इसका स्थल भी राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में स्थानांतरित किया गया है, जहां आम जनता के लिए पहुंच आसान है। समारोह में भाग लेने वाली 1/5 गोरखा राइफल्स (फ्रंटियर फोर्स) भारतीय सेना की सबसे सशक्त और पुरानी बटालियनों में से एक है। 22 मई, 1858 को स्थापित इस बटालियन ने सभी प्रमुख युद्धों में सक्रिय भागीदारी की है और यह 26 बैटल ऑनर्स, तीन थिएटर ऑनर्स तथा चार बार प्राप्त चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यूनिट सिटेशन से सम्मानित है।

वहीं, प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड (पीबीजी), जिसकी स्थापना 1773 में हुई थी, भारतीय सेना की वरिष्ठतम रेजिमेंट है। यह रेजिमेंट अपने उत्कृष्ट घुड़सवारों, सक्षम टैंकमैन और पैराट्रूपर्स के लिए प्रसिद्ध है।समारोह का सबसे आकर्षक हिस्सा पीबीजी द्वारा प्रस्तुत घुड़सवारी प्रदर्शन है, जिसके बाद राष्ट्रगान की धुन के साथ कार्यक्रम का समापन होता है। करीब पचास मिनट का यह समारोह सेरेमोनियल बैंड की धुनों के साथ शुरू होता है। परेड कमांडर के आगमन के बाद पीबीजी के घुड़सवार दक्षिण प्रांगण से प्रवेश करते हैं। इसके बाद 1/5 गोरखा राइफल्स की टुकड़ी मार्च करती हुई आती है। नए और पुराने गार्ड का निरीक्षण किया जाता है और सलामी के बाद नए गार्ड की जिम्मेदारी औपचारिक रूप से सौंप दी जाती है। इसके बाद राष्ट्रीय सलामी दी जाती है। यह समारोह हर शनिवार को आयोजित होता है, बशर्ते उस दिन कोई राजपत्रित अवकाश न हो। दर्शकों के लिए 50 रुपये प्रति व्यक्ति पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका ऑनलाइन भुगतान करना होता है। यह शुल्क नॉन-रिफंडेबल और नॉन-ट्रांसफरेबल है।

## महाराष्ट्र के डोंबिवली में हिंदी बोलने पर छात्र की पिटाई, नाराज छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में लोकल ट्रेन में हिंदी बोलने पर मराठी भाषी छात्र की पांच लोगों ने पिटाई की। इस पिटाई से नाराज छात्र अर्नव खैरे ने अपने घर में पंखे से लटकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की शिकायत अर्नव खैरे के पिता जीतेंद्र खैरे ने कल्याण स्थित कोलसावाड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवायी है। इस घटना की छानबीन कोलसावाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि कल्याण के तीसगांव नाका इलाके में सहजीवन रेसीडेंसी में रहने वाले छात्र अर्नव खैरे मंगलवार को मुलुंड स्थित केलकर कालेज में लोकल ट्रेन से जा रहा था। अर्नव ने लोकल में आस पास खड़े यात्रियों से हिंदी में कहा कि थोड़ा आगे आओ। इसी बीच उसके आस-पास चार-पांच लोगों के एक ग्रुप ने उससे पूछा, क्या तुम मराठी नहीं बोल सकते? और क्या तुम्हें मराठी बोलने में शर्म आती है? इसके बाद छात्र अर्नव को पिटना शुरु कर दिया।

# (भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्री संवाद) लोकतांत्रिक शक्तियों को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर मिलकर करना होगा कार्य: जयशंकर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सामरिक सहयोग को नई गति देने के उद्देश्य से आयोजित 16वें भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्री संवाद में द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति, रणनीतिक साझेदारी की स्थिति और भविष्य की दिशा पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने शुरुआती वक्तव्य में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती सामरिक निकटता और व्यापक सहयोग को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि आज भारत और ऑस्ट्रेलिया पहले की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वासी साझेदार बनकर उभरे हैं। जटिल वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी लोकतांत्रिक शक्तियों को समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता, आतंकवाद निरोध और जलवायु कार्रवाई जैसे मुद्दों पर मिलकर कार्य करना होगा।रक्षा सहयोग पर विदेश मंत्री ने हालिया उच्चस्तरीय यात्राओं, साझा सैन्य अभ्यासों, इंटरऑपरेबिलिटी, समुद्री डोमेन जागरूकता और साइबर सुरक्षा को द्विपक्षीय विश्वास का प्रतीक



बताया। आर्थिक संबंधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) अंतिम चरण में है और व्यापारिक आंकड़े लगातार मजबूत हो रहे हैं। कौशल और शिक्षा के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों की भारत में बढ़ती उपस्थिति को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे नवाचार के नए मॉडल विकसित हुए हैं। ऊर्जा साझेदारी और नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग में हुई प्रगति का भी उन्होंने उल्लेख किया। इसके साथ ही उन्होंने गगनयान मिशन में ऑस्ट्रेलिया के सहयोग और भारतीय प्रक्षेपण यान से ऑस्ट्रेलियाई उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना के लिए भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विदेश मंत्रियों का यह ढांचा व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) की सबसे महत्वपूर्ण कड़ियों में से एक है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और मुक्त एवं सुरक्षित इंडो-पैसिफिक की साझा सोच को दर्शाता है। सीएसपी के पांच वर्ष पूरे होने पर उन्होंने बताया कि व्यापार, रक्षा, शिक्षा, कौशल, अनुसंधान, नवाचार, ऊर्जा, अंतरिक्ष और सबसे अहम, लोगों के बीच संबंधों सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अपने शुरुआती वक्तव्य में बैठक में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के साझा लक्ष्य पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया आज पहले से कहीं अधिक करीब हैं और उनकी साझेदारी क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य में अत्यंत महत्वपूर्ण बन गई है। वोंग ने इस बात का उल्लेख किया कि क्रिकेट में भारत पुरुष और महिला दोनों टीमों में ऑस्ट्रेलिया को हरा चुका है।

# कुख्यात नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी राजे का छत्तीसगढ़ के गृहग्राम पूवर्ती में हुआ अंतिम संस्कार

**एजेंसी**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश सीमा पर तीन दिन पहले हुई मुठभेड़ में मारे गए मोस्ट वांटेड नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी मदगाम राजे का परिवार की मांग पर हिड़मा के गृहग्राम पूवर्ती में आज गुरूवार को दोनों का एक ही चिता में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पूवर्ती, जबगट्टा, बटुम, टेकलगुडेम और मीनट्टा गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे थे। हिड़मा बस्तर में नक्सली संगठन का अंतिम कड़ी था। इसके अंतिम संस्कार के साथ ही बस्तर से नक्सली आतंक का सफाया हो गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हिड़मा ने 35 वर्षों में 300 से अधिक लोगों की हत्या की थी, जिनमें अधिकांश जवान शामिल थे। वह 76 सीआरपीएफ जवानों की हत्या का मास्टरमाइंड था और उसने राहत शिविर में 31 लोगों को जिंदा जलाकर मारने की वारदात को भी अंजाम दिया था। सैकड़ों निर्दोष ग्रामीण और सुरक्षाबल के जवानों की हत्या करने वाला खूंखार नक्सली हिड़मा और उसकी पत्नी राजे का शव आज रम्पा सोड़ावरम से अलसुबह गृहग्राम पूर्वर्ती में लाया गया, जहां पुलिस की कड़ी निगरानी में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र अतिरिक्त बल भी तैनात रहा। उल्लेखनीय है कि हिड़मा पर डेढ़ करोड़ से अधिक का इनाम था और उसकी पत्नी 50 लाख की इनामी नक्सली थी । करेंगुट्टा ऑपरेशन के बाद फोर्स के बढ़ते दबाव के चलते पत्नी राजे सरेंडर करना चाहती थी। उसे डर था कहीं दोनों मारे न जाएं। बार-बार हिड़मा से हथियार डालने कहती रही, लेकिन हिड़मा नहीं माना और आखिर में दोनों एक साथ मुठभेड़ में मारे गए। नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी राजे के मारे जाने के बाद नक्सल संगठन में हिड़मा और राजे की प्रेम कहानी का किस्सा मिलने लगा है। हिड़मा की सुरक्षा गार्ड रही एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम ) नक्सली सुंदरी ने 2014 में आत्मसमर्पण किया था। उन्होंने कहा कि हमने लंबा समय हिड़मा और उसकी पत्नी के साथ गुजारा है। संगठन में उनकी शादी और लव स्टोरी की चर्चा रहती थी। आत्मसमर्पित नक्सली सुंदरी के अनुसार साथी महिला नक्सली राजे ने पहले हिड़मा के विवाह का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। फिर भी 2 साल तक हिड़मा ने हार नहीं मानी, बाद में राजे ने हामी भरी। नक्सल नियमों के सख्त हिड़मा ने स्वयं की नसबंदी करवाई और संगठन में ही शादी कर ली। तब हिड़मा की उम्र महज 25 से 27 साल थी, जबकि राजे 20 से 22 साल की थी। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के नक्सली बाराती बने।

# एशेज में पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा, कुल 19 विकेट गिरे

**–इंग्लैंड पहली पारी 172, ऑस्ट्रेलिया 123/9**

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज क्रिकेट सीरीज के का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा और एक ही दिन में कुल 19 विकेट गिरे। मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाज से ऑस्ट्रेलिया ने यहां शुक्रवार से शुरु हुए एशेज क्रिकेट सीरीज के पहले टेस्ट मैच में मेहमान टीम इंग्लैंड को पहली पारी में 172 रनों पर ही आउट कर दिया। स्टार्क ने 7 विकेट लेकर इंग्लैंड टीम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 123 रन बनाए हैं। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समया नाथन लियोन 3 और ब्रैंडन डॉगेट 0 पर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही। ऑस्ट्रेलिया ने वेदराल्ड के साथ ओपनिंग के लिए उस्मान ख्वाजा की जगह मार्नस लाबुशेन को भेजा था। डेब्यू कर रहे वेदराल्ड खाता खोले बिना आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया।

दूसरा विकेट मार्नस लाबुशेन (9) का गिरा। आर्चर ने उन्हें बोल्ड किया। कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ भी 17 रन बनाकर आउट हो गये। ब्रायडन कार्स ने उन्हें हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाया। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 2 रन पर पेवेलियन लौटे।

इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। इंग्लैंड की टीम ने शुरुआत में ही सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का विकेट खो दिया। उस समय तक इंग्लैंड का एक भी रन नहीं था। इसके बाद ओली पोप ने बेन डकेट के साथ मिलकर 34 गेंदों में 33 रन बनाये पर डकेट 20 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद स्टार बल्लेबाज जो रूट भी खाता खोले बिना ही स्टार्क का शिकार बने।

टीम ने 39 रनों पर ही अपने तीन विकेट खो दिये थे ये सभी विकेट स्टार्क ने अपने नाम किए थे। इसके बाद ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। ओली पोप 58 गेंदों में 4 चौकों के साथ 46 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड की टीम ने लंच तक 105 रनों पर ही चार विकेट खो दिये।



इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने हैरी ब्रूक के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन बनाये, वहीं स्टोक्स के आउट होने के बाद जैमी स्मिथ ने ब्रूक के साथ मिलकर 30 गेंदों में 45 रन बनाये। ब्रूक ने 61 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन बनाए, जबकि जेमी स्मिथ ने 33 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क ने 12.5 ओवरों में 58 रन देकर 7 विकेट लिए। स्टार्क की गेंदबाजी के साथ अंग्रेज बल्लेबाज बेबस दिखे। इसका अंदाजा इसी से होता है कि स्टार्क के चार ओवरों में एक भी रन नहीं बना। जबकि अपना पहला ही मैच खेल रहे ब्रेंडन डोगेट ने दो विकेट लिए। वहीं एक विकेट इस मैच से वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को मिला।

# लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में पहुंचे, हमवतन आयुष शेट्टी को हराया



**सिडनी (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां हमवतन भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था।


सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली, जो कुछ ही देर में 15-7 हो गई और शेट्टी की चुनौती कमजोर पड़ गई। प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत के गुरुवार को बाहर हो जाने के बाद सेन पुरुष एकल में अब एकमात्र भारतीय बचे हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी।

# स्टार्क एशेज में 100 विकेट लेने वाले बांए हाथ के पहले गेंदबाज बने

**–रुट को आउट करने के साथ ही हासिल की अहम उपलब्धि**

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हुई एशेज टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में सात विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही स्टार्क एशेज में 100 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के पहले गेंदबाज बन गये हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती स्पेल में ही स्टार्क ने घातक गेंदबाजी करते हुए ज़ैक क्रॉली, बेन डकेट और जो रूट को पेवेलियन भेज दिया। स्टाक ने क्रॉली को शून्य पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद डकेट का भी विकेट लिया। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज रूट भी उनसे बच नहीं पाये और अपना खाता भी नहीं खोल सके। रुट स्टार्क की गेंद पर मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच हुए। इसी के साथ ही स्टार्क ने एशेज में अपना 100वां विकेट लिया। वह ऐसा करने वाले 21वें गेंदबाज रहे हैं।



पहले सत्र में ही स्टार्क ने 8 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट ले लिए। उनका 45.03 का स्ट्राइक रेट उन्हें सबसे बेहतर गेंदबाज़ बनाता है। साल 2013 में एशेज में डेब्यू के बाद से ही स्टार्क ने 23 टेस्ट में 26.77 के औसत से विकेट लिए हैं। एशेज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दिग्गज स्पिनर शेन वार्न पहले नंबर पर हैं। वॉर्न के नाम 195 विकेट हैं। वहीं ग्लेन मैक्ग्रा के 157 वह स्टुअर्ट ब्रॉड के 153 विकेट हैं। एशेज में 100 विकेट लेने वाले वह ऑस्ट्रेलिया के 13वें गेंदबाज बने हैं।.

पैट कमिंस और चोटिल जोश हेजलवुड के बाहर होने से गेंदबाजी की कमान संभाल रहे स्टार्क ने मेहमान टीम के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। स्टार्क के पास इस मैच में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वसीम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। अकरम ने, अब तक सबसे ज्यादा 414 टेस्ट विकेट लिए हैं।

# ऋषभ की कप्तानी में दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज बराबर करने उतरेगी भारतीय टीम

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय टीम शनिवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बराबरी के इरादे से उतरेगी। सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वह इसमें 0-1 से पीछे है। भारतीय टीम अगर ये मैच भी हारती है तो दो मैचों की ये सीरीज उसके हाथों से निकल जाएगी। नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न होने से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में टीम की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे। ऋषभ के कप्तानी कौशल की इस मैच में परीक्षा होगी। शुभमन के बार होने से इस मैच में उनकी जगह साई सुदर्शन को शामिल किया जा सकता है। वहीं अक्षर पटेल की जगह पर नीतिश रेड्डी को अवसर मिल सकता है। पहले मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये थे। ऐसे में इस मैच में बल्लेबाजों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए भी ये मैच अहम होगा क्योंकि उनके कोच बनने के बाद से ही भारतीय टीम अपनी धरती पर अधिकतर टेस्ट हारी है। इससे पिछले तीन दशकों से घरेलू मैदान पर खेलते हुए भारतीय टीमों की



अपराजेय रहने की छवि को धक्का लगा है। पिछले साल भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं इस बार दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर उसके लिए पहेली बने हुए हैं। भारतीय बल्लेबाजों की स्पिनरों से निपटने की तकनीक कमजोर नजर आ रही है। इससे भी बल्लेबाजों का मनोबल गिरा है और वे बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं।

इन कठिन हालातों में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने जा रहे ऋषभ की राह आसान नहीं है। उन्हें अच्छी तरह पता होगा कि लाल मिट्टी वाली बारसापारा की पिच पर उनकी और टीम की बल्लेबाजी ही इसको परिणाम तय करेगी।

शुभमन की जगह के लिए सुदर्शन सबसे प्रबल दावेदार लग रहे हैं, हालांकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या पिछले मैच की तरह ही वाशिंगटन सुंदर को इस नंबर पर उतारा जाएगा, यह देखना अभी बाकी है। लाल गेंद की क्रिकेट में कप्तानी में अनुभव की बात करें तो ऋषभ ने साल 2017 में दिल्ली की टीम को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया था पर कोलकाता में शुभमन के मैदान के बाहर जाने के बाद जिस प्रकार से उन्होंने फैसले लिए थे। उनको लेकर कई सवाल भी उठे हैं।

कोलकाता में तीसरे दिन सुबह मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को उन्होंने गेंदबाजी नहीं दी थी जिससे भी भारत को नुकसान हुआ था। भारतीय टीम में बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर उन्हें शिकार बना सकते हैं। ये तभी हो सकता है जब बीसीसीआई के क्यूरेटर तापोश चटर्जी और आशीष भौमिक गुरुवार को ट्रैक पर नजर आ रही घास को हटा दें। वहीं भारतीय टीम प्रबंधन पिच को लेकर पहले टेस्ट वाली गलती नहीं दोहराना चाहेगा।

अक्षर या कुलदीप यादव की जगह पर इस मैच में नीतिश रेड्डी को जगह मिल सकती है। ऐसे में तीसरा तेज गेंदबाज होने से भारतीय टीम को नमी का लाभ उठाने में मदद मिल सकती है। अगर उनकी गेंदबाजी की जरूरत न हो तब भी दाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण वह विकेट पर उपयोगी साबित हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम इस मैच में जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड बनाना चाहेगी। बावुमा अच्छे फार्म में हैं। इसके अलावा टीम के पास एडेन मार्करम, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को जानसन और केशव महाराज जैसे खिलाड़ी हैं। तेज गेंदबाज कासिगो रबाडा के फिट नहीं होने के कारण तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को इस मैच में शामिल किया जा सकता है।

# टी20 ट्राई सीरीज : जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को 67 रनों से हराया, अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

लाहौर। पाकिस्तान में जारी टी20 ट्राई सीरीज में जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 67 रन से हरा दिया। इसे मैच में जिम्बाब्वे के गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाइ टीम टिक नहीं पायी और 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 95 रनों पर ही आउट हो गयी। इस बड़ी जीत से जिम्बाब्वे का नेट रनरेट अब मेजबान पाकिस्तान टीम से भी अधिक हो गया है। इस जीत से जिम्बाब्वे तीन टीमों की ट्राई सीरीज की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। जिम्बाब्वे और पाकिस्तान दोनो के ही दो–दो अंक हैं पर नेट रनरेट अधिक होने के कारण जिम्बाब्वे पहले नंबर पर है। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय समय तक 20 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाये। वहीं कप्तान सिकंदर रजा 47 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर श्रीलंका की ओर से स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए जबकि एहसान मलिंगा को दो विकेट मिले। जिम्बाब्वे ने इस प्रकार श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया। श्रीलंका के केवल दो बल्लेबाज ही इस मैच में दो अंकों तक पहुंच पाये। कप्तान दासुन शनाका ने 34 जबकि भानुका राजपक्ष ने 11 रन बनाये। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रेड इवांस ने 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रिचर्ड नागरवा ने 2 विकेट लिए।

# शुभमन अचानक ही मुम्बई पहुंचे, विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला से जांच करायेंगे

गुवाहटी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से ठीक पहले अचानक ही मुम्बई पहुंच गये। यहां वह प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला से जांच करायेंगे। पारदीवाला खेल के दौरान लगी चोटों की सर्जरी में विशेषज्ञ हैं। शुभमन मुम्बई रवाना होने के साथ ही दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। शुभमन को कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में जकड़न आ गयी थी। इसी कारण उन्हें अस्पताल में भी भर्ती किया गया था। माना जा रहा है कि वह भी इस चोट से नहीं उबरे हैं। इसी कारण वह कोलकाता में दूसरी पारी में भी बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे थे। बीसीसीआई ने कहा था कि शुभमन टीम के साथ गुवाहटी जाएंगे पर उनके खेलने पर फैसला उनकी चोट को देखते हुए ही होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन को गुवाहाटी टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है और वह इसी के बाद ही मुंबई के लिए रवाना हो गये। इस कारण वह गुरुवार को अभ्यास के लिए भी नहीं पहुंचे थे। ये भी कहा गया है कि वह अगले दो–तीन दिन मुंबई में आराम करेंगे और फिर विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला से जांच करायेंगे। अभी तक, उन्हें बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेजे जाने की कोई योजना नहीं है। शुभमन के बाहर होने से ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। पहले टेस्ट मैच में भी शुभमन के चोटिल होने के बाद उन्होंने कप्तानी की थी पर वह टीम को हार से नहीं बचा पाये थे।



# राइजिंग स्टार्स एशिया कप: खिताब का सपना टूटा, रोमांचक सेमीफाइनल में बांग्लादेश से हारा भारत

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत ए का राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में खिताब का सपना उस समय टूट गया जब टीम बांग्लादेश ए के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल में सुपर ओवर में हार के बाद बाहर हो गई। भारत ए ने बांग्लादेश ए से मिले 194 रन के जवाब में इतने ही रन बनाए और मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। भारत ए ने सुपर ओवर में दो विकेट गंवाते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। बांग्लादेश को सुपर ओवर में जीत के लिए मात्र एक रन की जरूरत थी और स्पिनर सुयश शर्मा ने पहली गेंद पर विकेट झटकने के बाद दूसरी गेंद वाइड फेंक दी।

इससे पहले पहले बैटिंग करते हुए हबीबुर रहमान सोहन 46 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। जीशान आलम ने 14 गेंदों पर तेजी से 26 रन बनाए, जबकि एसएम मेहरब ने 18 गेंदों पर




छह छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 48 रन बनाकर बांग्लादेश ए को 190 के पार पहुंचाया। यासिर अली ने 9 गेंदों पर नाबाद 17 रन बनाए। इनिंग में आखिरी समय में धमाकेदार बल्लेबाजी देखने को मिली, जिसमें मेहरब और यासिर अली ने आखिरी दो ओवरों में 50 रन बनाए।

मेहरब की पावर-हिटिंग में नमन धीर और विजयकुमार व्यशाक पर कई छक्के शामिल थे, जिसमें एक शानदार रिवर्स-स्वीप और लॉन्ग-ऑन पर फ्लैट पुल शामिल थे, जबकि यासिर अली ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर मोमेंटम बनाए रखा। बांग्लादेश ए ने बीच के ओवरों में रेगुलर विकेट गंवाए। गुरजपनीत सिंह ने जिशान और सोहन को आउट किया, जबकि नमन धीर ने महिदुल इस्लाम अंकोन (1) को आउट किया।

अन्य विकेटों में अकबर अली को हर्ष दुबे ने कैच एंड बोल्ड किया, और अबू हैदर को सुयश शर्मा ने आउट किया। इंडिया ए के गुरजपनीत सिंह ने 4 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए। हर्ष दुबे, सुयश शर्मा, रमनदीप सिंह और नमन धीर ने एक-एक विकेट लिया। विजयकुमार व्यशाक ने अपने 4 ओवर में 51 रन दिए, जो डेथ ओवरों में महंगे साबित हुए।

# बिग बैश लीग में ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हुई दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेटर




मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग खेल रही दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर लिजेल ली ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हुई हैं।. विकेटकीपिंग में हुई गलती के बाद लिजेल ली पर कई आपत्तिजनका टिप्पणियां की गयीं। होबार्ट हरिकेंस और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच होबार्ट के बेलेरिव ओवल में मुकाबले के दौरान उनपर मोटापे के लिए तंज कसे गये और उनका मजाक उड़ाया गया। यह विवाद हरिकेंस की पारी के 8.3वें ओवर में एक रन–आउट से बढ़ा। स्ट्राइकर्स की बल्लेबाज ब्रिजेट पैटरसन ने लॉरेन स्मिथ की एक गेंद को कवर की ओर खेला और एक रन लेने दौड़ गयीं। वहीं स्टंप के पीछे तैनात लिजेल ली लड़खड़ा गईं और रन आउट नहीं कर पायीं। विकेटकीपिंग में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद लिजेल ली बल्ले से भी विफल रहीं। हालाकि उनकी टीम हरिकेंस 135 रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रहीं। ली ने 2013 में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण किया और 100 एकदिवीसयस, 82 टी–20 और दो टेस्ट मैच खेले, उन्होंने 36.42 की औसत से 3,315 वनडे रन और टी–20 में 1,896 रन बनाए. ली ने 8 जुलाई 2022 को सभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# स्मृति मंधाना को सिंगर पलाश ने किया प्रपोज, 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगी



नवी मुम्बई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना इसी माह 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगी। इससे पहले मंधाना को उनके मंगेतर व सिंगर पलाश मुच्छल ने डी वाय पाटिल स्टेडियम में प्रपोज़ किया। यह वही स्टेडियम है जिसमें भारतीय महिला टीम ने विश्वकप खिताब जीता था। पलाश द्वारा साझा किये वीडियो में वह स्मृति को पिच के बीच में ले जाते हुए और उन्हें अंगूठी पहनाते दिख रहे हैं। पलाश ने ये वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'उसने हां कह दिया।' इस वीडियो की शुरुआत में पलाश, स्मृति को स्टेडियम के बीच में ले जाते हैं। इस दौरान स्मृति की आंखों में पट्टी बंधी थी। वहीं जब वह आखिरकार आंखों से पट्टी हटाती है तो वह देखती है कि पलाश घुटनों पर बैठकर उसे प्रपोज़ कर रहा है। खुश और भावुक होकर स्मृति इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है। इसके कुछ ही देर बाद स्मृति और पलाश दोनों के दोस्त इस खास अवसर पर जश्न मनाने के लिए पिच के बीच में दौड़ते हैं। इस दौरान पलाश की बहन और सिंगर पलक मुच्छल भी उपस्थित थी। स्मृति और पलाश रविवार, 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस जोड़े को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक बधाई पत्र भेजकर शुभकामनाएं दीं हैं। वहीं स्मृति ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को एक मज़ेदार रील के ज़रिए यह खबर दी, जिसमें उनकी विश्व कप जीतने वाली टीम की साथी जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव सहित कई अन्य लोग भी थे। स्मृति साझा किए गए वीडियो में अपनी सगाई की अंगूठी दिखाती दिखीं। गौरतलब है कि स्मृति और पलाश का रिश्ता काफी लंबा और मज़बूत रहा है, उन्होंने अपने रिश्ते को ज़्यादातर निजी रखा है और अपने–अपने करियर में एक–दूसरे का समर्थन किया है। पलाश को इस महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल के दौरान स्मृति और भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाते हुए देखा गया था। स्मृति ने भारतीय टीम की जीत में महत्वूर्ण भूमिका निभाई थी।

# दूसरे टेस्ट से पहले ऋषभ पंत का बड़ा बयान, एक मैच की कप्तानी आदर्श नहीं

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** गुवाहाटी में शनिवार से शुरू होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के कारण बाहर हो गए, और उनकी जगह टीम की कमान ऋषभ पंत को सौंपी गई है। शानदार फॉर्म में चल रहे पंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में माना कि 'एक मैच की कप्तानी आदर्श स्थिति नहीं है', लेकिन उन्होंने इसे सम्मान बताया और कहा कि वह दबाव में आए बिना टीम को जीत दिलाने पर फोकस करेंगे। पहला टेस्ट हार चुकी भारतीय टीम इस मुकाबले में सीरीज़ बराबर करने के इरादे से उतरेगी।

### कप्तानी को लेकर पंत का साफ बयान: 'ज्यादा नहीं सोचना चाहता'

दूसरे टेस्ट से पहले मीडिया से बात करते हुए ऋषभ पंत ने कहा कि वह इस मौके को बेहद खास मानते हैं, लेकिन कप्तान के रूप में अधिक सोचना टीम के लिए सही नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'एक मैच की कप्तानी सबसे आदर्श नहीं होती, लेकिन मैं बीसीसीआई का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दी। कई बार बड़े मौकों के बारे में ज्यादा सोचने से फायदा नहीं होता, इसलिए मैं चीजों को सिंपल ही रखना चाहता हूं।' पंत ने स्वीकार किया कि पहला टेस्ट बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब उनका पूरा ध्यान सीरीज़ को बचाने के लिए टीम की वापसी पर है।

### भारत 1-0 से पीछे, गिल की अनुपस्थिति बढ़ी चुनौती

कोलकाता टेस्ट में गर्दन में ऐंठन के कारण शुभमन गिल मैदान से बाहर हो गए थे और बाद में वे अस्पताल में भर्ती भी हुए। इस वजह से न केवल भारत को टॉप-ऑर्डर में झटका लगा, बल्कि कप्तानी भी अचानक बदलनी पड़ी। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट जीतकर दो मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली है। पंत ने गिल के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, 'शुभमन मैच खेलने के लिए बहुत उत्साहित था। उसने चोट के बावजूद हिम्मत दिखाई, और टीम यही एटीट्यूड देखना चाहती है।'

### गिल के रिप्लेसमेंट पर फैसला हो चुका: पंत ने दिए संकेत

टीम इंडिया गिल के विकल्प को लेकर सोच-विचार में थी, क्योंकि बाएं हाथ के बल्लेबाज पहले से ही लाइनअप में अधिक हैं। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंत ने साफ कहा कि रिप्लेसमेंट तय हो चुका है। उन्होंने कहा, 'हमने यह फैसला कर लिया है कि शुभमन की जगह कौन खेलेगा। संबंधित खिलाड़ी को बता दिया गया है। अब टीम उसी के अनुसार तैयारी कर रही है।' हालांकि उन्होंने नाम उजागर नहीं किया, लेकिन संकेत साफ था कि चयन टीम के संतुलन को ध्यान में रखकर किया गया है।

### रणनीति: पंत चाहते हैं 'कन्वेंशनल + आउट-ऑफ-बॉक्स' का परफेक्ट मिश्रण

पंत ने बताया कि उनकी कप्तानी शैली में दोनों तरह की सोच शामिल होगी—परंपरागत रणनीति और आधुनिक, आक्रामक सोच। उन्होंने कहा, 'मैं कन्वेंशनल रहूंगा, लेकिन साथ ही आउट-ऑफ-बॉक्स सोच को भी अपनाना चाहता हूं। बैलेंस जरूरी है। हमें चीजों को जटिल नहीं बनाना, जो टीम बेहतर क्रिकेट खेलेगी वही जीतेगी।' उनका यह बयान साफ दर्शाता है कि टीम इंडिया की योजना जोखिम लेने से पीछे नहीं हटने वाली।



### गुवाहाटी टेस्ट : पंत का नेतृत्व और भारत की जीत की उम्मीदें

पंत ने कहा कि उन्हें गुरुवार शाम को कप्तानी की जानकारी दी गई, और तब से वह पूरी तरह इसी चुनौती पर केंद्रित हैं। भारतीय टीम अब सीरीज़ में पीछे होने की स्थिति से उबरने के लिए नए कप्तान की रणनीति और ऊर्जा पर निर्भर होगी। भारत की नजर अब गुवाहाटी में मजबूत वापसी और सीरीज़ बराबर करने पर है जहां पंत का नेतृत्व निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# नकवी की आलोचान से कानूनी शिकंजे में फंसे राशिद लतीफ

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट में हमेशा विवाद छाये रहते हैं। इसी कड़ी में अब - पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ को पाक बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी की नाराजगी भरी पड़ती जा रही है। लतीफ ने बार–बार टीमों के कप्तान बदले जाने पर नकवी की आलोचना की थी। जिसके बाद से ही वह कानूनी शिकंजे में फंसते जा रहे हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) ने भी मामला दर्ज किया है। लतीफ से इस्लामाबाद और लाहौर में दो मामलों को लेकर पूछताछ भी हुई है। पीसीबी के वरिष्ठ कानूनी प्रबंधक सैयद अली नकवी की शिकायत पर लतीफ के खिलाफ ये जांच शुरू की गई है। लतीफ ने सोशल मीडिय में लिखा था, 'शाहीन शाह अफरीदी को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है। फूट डालो और राज करो की नीति, धार्मिक, जातीय, क्रिकेट टीमों या वर्ग भेद जैसे भेदभाव पैदा करके और उनका फायदा उठाकर सत्ता हासिल करने और बनाए रखने की एक राजनीतिक रणनीति है। लतीफ ने यह भी कहा था कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जो एक अच्छा कप्तान भी नहीं बना सकता। लतीफ ने पाक की ओर से 37 टेस्ट और 166 एकदिवसीय में क्रमश- 1381 और 1709 रन बनाए हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम पर एक सट्टेबाजी ऐप को बढ़ावा देने के आरोप में एनसीसीआईए ने मामला दर्ज किया है।



# राम माधवानी की स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर श्रॉफ की एंट्री

टाइगर श्रॉफ ने अपने एक्शन से इंडस्ट्री में अलग छाप छोड़ी है। उनका यह हुनर उनकी फिल्मों में भी नजर आता है। टाइगर ने बागी फ्रेंजाइजी, हीरोपंती और वॉर के साथ एक्शन का एक एंपायर बनाया है। अब वे एक कदम और आगे बढ़ते हुए एक्शन में नया धमाल करते दिखेंगे। दरअसल, राम माधवानी की आगामी स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर लीड रोल अदा करने वाले हैं, जिसमें उनका धांसू एक्शन अवतार देखने को मिलेगा।

## पारंपरिक एक्शन फिल्मों से अलग होगी यह फिल्म

टाइगर श्रॉफ ने निर्माता–निर्देशक राम माधवानी की आगामी फिल्म साइन की है। यह स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में टाइगर को एक ऐसे अवतार में देखा जाएगा, जैसे वे पहले कभी नजर नहीं आए। महावीर जैन फिल्म्स और राम माधवानी फिल्म्स द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। यह बॉलीवुड की पारंपरिक एक्शन फिल्मों से एक कदम आगे साबित होगी।

## जापान में होगी शूटिंग

राम माधवानी की यह फिल्म सिर्फ भारतीयों को ही नहीं, बल्कि वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर इस फिल्म के लिए तैयारी में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि इसके प्रोडक्शन का एक बड़ा हिस्सा जापान में शूट किया जाएगा।

## बाकी स्टारकास्ट के नाम फाइनल होने बाकी

फिलहाल टाइगर पहले अभिनेता हैं, जो इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। फिल्म के लिए फीमेल लीड और नेगेटिव रोल निभाने के लिए एक्टर की तलाश जारी है। इसके अलावा अन्य सपोर्टिव रोल के लिए भी कास्ट फाइनल होनी बाकी है। टाइगर इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिलहाल राम माधवानी और महावीर जैन, दोनों अपनी–अपनी टीमों के साथ फिल्म के पहले लुक पर काम कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक घोषणा के साथ जल्द ही रिवील किए जाने की उम्मीद है।



# राशा थडानी की लगी लॉटरी

# महेश बाबू के भतीजे संग इश्क फरमाएंगी

**रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने आजाद फिल्म से डेब्यू किया था और अब उन्हें तेलुगू फिल्म मिल गई है। महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के ऑपोसिट उन्हें साइन किया गया है। राशा ने अपना पोस्टर भी शेयर कर दिया है जिसे देख फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है।**

इस साल की शुरुआत में बॉलीवुड अदाकारा रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना सफर शुरू किया। उन्होंने अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से अजय देवगन और उनके भांजे अमन देवगन के साथ एक्टिंग की शुरुआत की। अपने प्यारे हाव–भाव, दमदार डायलॉग डिलीवरी और उई अम्मा गाने पर अपने कातिलाना अंदाज के लिए राशा जल्द ही सेंसेशन बन गई। हाल ही में, वह मुंज्या फेम अभय वर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म लइकी लइका की शूटिंग में व्यस्त हैं। और अब सोमवार की सुबह ही राशा ने अपने तेलुगू डेब्यू की घोषणा की, जिसमें वह सुपरस्टार महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

## राशा थडानी को मिली तेलुगू फिल्म

राशा थडानी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पहली तेलुगू फिल्म की घोषणा की, जिसका टाइटल फिलहाल प्रङ्क4 रखा गया है। वह फिल्ममेकर अजय भूपति के साथ काम करेंगी, जिन्होंने ऋङ्क 100 (2018) का भी निर्देशन किया था। यह फिल्म महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ होगी। जय कृष्णा दिवंगत एक्टर रमेश बाबू के बेटे और दिग्गज अभिनेता कृष्णा के पोते हैं।



# अदिति पोहनकर ने बॉबी देओल के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया

अभिनेत्री अदिति पोहनकर वेब सीरीज आश्रम में बॉबी देओल के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया है। अदिति पोहनकर ने बताया, 'मुझे नहीं पता कि मैं कैसे कहूं कि मुझे अब बॉबी सर की याद आती है। आश्रम में काम करना अद्भुत था। मेरा मतलब है, वह बहुत अच्छे इंसान और अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, 'लगभग तीन साल तक हम सबने साथ में शूटिंग की है। बॉबी सर एक बहुत ही अच्छे और सच्चे इंसान और अभिनेता हैं। मुझे लगता है कि अब वह इस बात को और भी ज्यादा एक्सप्लोर कर रहे हैं।' अभिनेत्री ने आगे बातचीत में कहा, 'एक एक्टर के रूप में, आप बस यही करना चाहते हैं। आप एक ऐसी स्क्रिप्ट चाहते हैं जो कई रंग, कई परतें दिखा सके। मुझे लगता है कि आश्रम से आगे बढ़ने और जिद्दी इश्क जैसी चीज पाने की जरूरत थी। मुझे लगता है यह कुछ ऐसा था, जिसका मैं इंतजार कर रही थी, क्योंकि यह सीरीज उस लड़की की एक बहुत ही अलग, मासूम, युवा और कमजोर परिदृश्य को दर्शाती है।'



# नेपोटिज्म से डेब्यू मिलता है सफलता नहीं



करीना कपूर खान अक्सर अलग–अलग मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। करीना जो कि खुद एक स्टार किड हैं लेकिन उन्होंने बॉलीवुड नेपोटिज्म के बारे में खुलकर अपनी राय साझा की है। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में बरखा दत्त के शो वी द वीमेन के एक डिस्कशन में शामिल हुईं। यहां पर उन्होंने अपने प्रिविलेज पोजीशन पर बात की और बताया कि इंडस्ट्री में सर्वाइव करने के लिए कुछ चीजें जरूरी होती हैं। नेपोटिज्म के मुद्दे को एड्रेस करते हुए एक्ट्रेस ने कहा– 'नेपोटिज्म आपको डेब्यू दिलाने में मदद कर सकता है, लेकिन ये लंबे करियर की गारंटी नहीं देता है। ऑडियंस की एक्सेप्टेन्स आपका करियर तय करता है, ना कि आपका फैमिली नेम।' वहीं, राजकपूर के पोता और डाइनिंग विद द कपूर्स के क्रिएटर अदार जैन ने इसी मुद्दे पर बात करते हुए कहा– 'लोग नेपोटिज्म के बारे में बात करते हैं, लेकिन मुझे इससे कोई फायदा नहीं हुआ है। हां, मैं राज कपूर का पोता हूं और करीना व रणबीर कपूर का रिश्तेदार हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं हर साल 50 फिल्मों में काम करूंगा या लगातार ब्रांड पार्टनरशिप और एड हासिल करूंगा। दुर्भाग्य से, इस सेंस में, मैं नेपोटिज्म का प्रोडक्ट नहीं रहा हूं।' करीना की वर्कफ्रंट करें तो उन्हें आखिरी बार साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। पिछले साल उनकी द बकिंघम मर्डर्स और क्रू जैसी दो और फिल्में भी रिलीज हुई थीं। जल्द ही वो नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री डाइनिंग विथ द कपूर्स में दिखाई देंगी। यह डॉक्यूमेंट्री कपूर खानदान की फैमिली बॉन्डिंग और उनके खाने की विरासत को दिखाएगी। एक्ट्रेस साल 2026 में मेघना गुलजार की क्राइम ड्रामा फिल्म दायरा में दिखेंगी।



# मनोज बाजपेयी पर बोले जयदीप अहलावत

दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी की अपकमिंग सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन अब रिलीज के लिए तैयार है। ये सीरीज 21 नवंबर को ओटीटी पर दस्तक दे रही है। उससे पहले सीरीज की स्टारकास्ट ने पीटीआई से बात की, जहां एक दूसरे के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। इस सीरीज में इस बार जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं तो उन्हें कैसा लगा इस फ्रेंचाइज से जुड़कर, चलिए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

## मनोज के साथ काम करने पर बोले जयदीप

इंटरव्यू में बात मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर जयदीप ने कहा, मनोज भाई के काम को देखकर बहुत सारे एक्टर्स प्रेरणा ले चुके हैं। उन्होंने बहुत सारा ऐसा काम किया है जहां हर एक परफॉर्मेंस उनकी मास्टरक्लास है। इनको मैंने बताया भी था कि इनका एक डायलॉग है, बहुत लंबा सीन है वो। ये पूरी विधानसभा को संबोधित करते हैं। ये आसान नहीं है क्योंकि बहुत एनर्जी लगती है, लेकिन इन्होंने बहुत आसानी से उसे कर दिया।

## मनोज बाजपेयी ने जयदीप पर क्या कहा?

जयदीप के साथ काम करने के अनुभव पर बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा, बहुत सारे लोग हम उसी रास्ते में एक दूसरे से सीखते रहते हैं। हमारे बीच गुरु शिष्य वाली कोई बात नहीं है।

द फैमिली मैन सीजन 3 श्रीकांत तिवारी के लिए एक नए और पहले से कहीं बड़े खतरे को लेकर आने वाला है। इस बार मुश्किलें सिर्फ देश पर ही नहीं, बल्कि उसके परिवार तक भी पहुंचने वाली हैं। श्रीकांत को उच्च–स्तरीय मिशनों के बीच अपने घरवालों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभालनी होगी। आने वाले सीजन में दो नए और बेहद शक्तिशाली विलेन एंट्री करने वाले हैं– जयदीप अहलावत (रुक्मा) और निमरत कौर। दोनों किरदार श्रीकांत की राह और कठिन बनाते दिखाई देंगे। उनकी वजह से कहानी और गहरी, भावनात्मक और रोमांचक मोड़ लेने वाली है। फैमिली मैन सीजन 3 का ट्रेलर कुछ दिन पहले जारी किए गए द फैमिली मैन सीजन 3 के ट्रेलर में भरपूर एक्शन, सस्पेंस और मज़ेदार संवादों की झलक देखने को मिली। श्रीकांत तिवारी एक बार फिर अपने पुराने अंदाज़ में लौट आए हैं और दर्शकों को धमाकेदार मनोरंजन देने का वादा कर रहे हैं।



# मस्ती 4 मेरे लिए टैलेंट दिखाने का अच्छा मौका है



**एक्ट्रेस रुही सिंह की फिल्म 'मस्ती 4' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। खास बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि 'मस्ती 4' में प्रोड्यूसर इंद्र कुमार और डायरेक्टर मिलाप जावेरी जैसी टीम के साथ काम करना उनके लिए सपना सच होने जैसा था। यूके में हुई शूटिंग के अनुभव से लेकर कॉमेडी किरदार की तैयारी तक, हर कदम उनके लिए सीखने का मौका था। अपने माता-पिता, खासकर पिता के साथ गहरे रिश्ते को वह अपनी ताकत मानती हैं।**

**मस्ती 4 आपके लिए बड़ा मौका रहा। कैसे मिला और अनुभव कैसा रहा?**

जब फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं बहुत खुश हुई क्योंकि इसे इंदु जी (इंद्र कुमार) बना रहे हैं और मिलाप जावेरी डायरेक्टर हैं। स्टार कास्ट भी शानदार है। मुझे लगा यह मेरे टैलेंट दिखाने का अच्छा मौका है। शूटिंग यूके में हुई, और मैंने अपने रोल के लिए खूब तैयारी की। यह अनुभव मेरे लिए बहुत खास रहा।

**आपने किरदार के लिए क्या तैयारियां की थीं?**

यह एक कॉमेडी फिल्म है, इसलिए मैं चाहती थी कि मेरा अभिनय नेचुरल और दिल से हो। मैंने कई कॉमेडी फिल्मों को देखा और अपनी लाइनों पर खास ध्यान दिया कि मैं उसमें कुछ नया और मजेदार जोड़ सकूं। मेरा मानना है कि अगर आप कॉमेडी में कॉन्फिडेंट और आरामदायक होंगे तो एकदम फनी डायलॉग्स आसानी से आ जाते हैं, और मैंने यही अपने किरदार में लाने की कोशिश की।

**आपकी शुरुआत मॉडलिंग और सौंदर्य प्रतियोगिता से हुई। आपने कब सोचा कि इंडस्ट्री में करियर बनाना है? यह ख्याल कहां से आया?**

मुझे बचपन से ही यह चाहत थी कि मैं कुछ बड़ा करूं। मैं जयपुर से हूं। बचपन में मैं स्टेज पर आना और लोगों के सामने नजर आना चाहती थी। मैं डांस और दूसरे कॉम्पिटिशन में हमेशा भाग लेती थी। जहां दूसरों को स्टेज पर डर लगता है, मुझे वहां आने में खुशी मिलती थी। मैं हमेशा बाहर रहना और लोगों के सामने दिखना चाहती थी। मुझे हमेशा मजा आता था और मैंने कभी सोचा नहीं कि लोग क्या सोच रहे हैं। पॉजिटिव सोच के साथ बिना किसी सपोर्ट के मेरी मेहनत रंग लाई और आज मेरे पास 'मस्ती 4' जैसी बड़ी फिल्म है।

**तो आपने और आगे, जैसे मिस वर्ल्ड या मिस यूनिवर्स में हिस्सा क्यों नहीं लिया?**

मैंने तीन बार इंटरनेशनल लेवल पर इंडिया को रिप्रेजेंट किया। मिस मॉडल ऑफ द वर्ल्ड, मिस यूनाइटेड नेशंस चाइना और मियामी में। कई पेजेंट्स कर चुकी हूं, फिर मधुर भंडारकर की फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' फिल्म में काम किया और सोचा, अब काफी हो गया। मेरे लिए पेजेंट्स का मकसद दुनिया देखना और एक्सपोजर पाना था। जयपुर से बाहर निकलकर अलग–अलग लोगों से मिलना चाहती थी। पहली बार विदेश भी इंडिया को रिप्रेजेंट करने ही गई थी, पापा भी साथ गए थे, जो मेरा सपना था।

**मधुर भंडारकर से मुलाकात कैसे हुई थी?**

मैं एक ऑडिशन में गई थी, वहीं मेरी मुलाकात मधुर भंडारकर से हुई। मैंने 'मयूरी चौहान' के लिए ऑडिशन दिया और वह मुझे उसी वक्त चुन लिया। उन्होंने कहा, 'हमें मिल गई मयूरी!' फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' आने के बाद लोग आज भी मुझे मयूरी कहकर याद करते हैं।

**फिल्म कैलेंडर गर्ल्स रिलीज हुई तो सबसे प्यारा कॉम्प्लीमेंट कौन सा मिला? किससे मिला?**

मेरे पेरेंट्स ने कहा कि मैं स्क्रीन पर बिल्कुल रूही जैसी लग रही थी, जैसे एक्टिंग नहीं की हो। ऑडियंस को भी मेरा काम बहुत पसंद आया। लोग अक्सर मेरी फिल्म की लाइन बोलते थे– 'यह लड़की बहुत आगे जाएगी' यह मुझे सबसे प्यारा कॉम्प्लीमेंट लगा।

**आपको क्यों नहीं फिल्में ऑफर हुईं?**

क्योंकि वो फिल्म नहीं चली। लेकिन मैंने पूरी मेहनत की थी और मधुर भंडारकर जी जैसे नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य था। फिल्म का चलना या न चलना किस्मत पर निर्भर करता है, किसी के हाथ में नहीं होता।

## मेरी मम्मी मेरी सबसे अच्छी दोस्त और इंस्पिरेशन हैं

मेरे पेरेंट्स का बहुत बड़ा साथ है, खासकर मेरी मम्मी, जो मेरी सबसे अच्छी दोस्त और इंस्पिरेशन हैं। मुझमें एक जिद है कि मैं अपनी मंजिल जरूर पाऊंगी।

स्कूल में लोग कहते हैं कि टॉप पर पहुंचना आसान नहीं होता है, लेकिन मैं मानती हूं कि एक दिन मेरा भी सबसे अच्छा वक्त आएगा।



# शॉपिंग के दौरान बचाने हैं पैसे तो फॉलो करें ये आसान टिप्स

**शॉपिंग के दौरान अक्सर लोग अपने तय बजट से ज्यादा खर्च कर देते हैं, जो उनके बजट पर बुरा असर डालता है। इस स्थिति में उनके लिए महीने को मैनेज करना बड़ा टास्क बन जाता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए हम लाए हैं कुछ बेहद काम के टिप्स।**

## बनाएं लिस्ट

सबसे पहले तो इसकी लिस्ट बनाएं कि आपको क्या लेना है। लिस्ट का तरीका सिर्फ किराना लाने के लिए बल्कि कपड़ों आदि की शॉपिंग के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बस आपको अपने कपड़ों को एक बार अच्छे से देखना है और यह लिखना है कि आपके पास क्या नहीं है या किस तरह के कपड़ों की आपको सबसे ज्यादा जरूरत है। यह फिल्टर उन चीजों पर बिना मतलब के खर्चे से बचने में मदद करेगा।

## कैरी करें सिर्फ कैश

लोग डिजिटल पैमेंट की ओर जा रहे हैं और हम कैश कैरी करें जी हां, अगर आपको अपने बजट में रहते हुए शॉपिंग करना है तो इससे अच्छा और कोई तरीका नहीं हो सकता। जब खर्च करने के लिए एक्सट्रा पैसे ही नहीं होंगे तो भला आप दूसरी चीजों पर खर्च ही कैसे कर सकेंगे और यही चीज आपको फालतू के खर्चों से बचा लेगी।

## एक जगह न अटकें

चाहे कपड़े लेने हों या फिर किराना, किसी एक जगह न अटकें और दूसरी जगहों पर भी इन चीजों को देखे। उदाहरण के लिए कपड़ों पर एक जगह जो जींस आपको 4000 की मिल रही है, वैसी ही जींस दूसरी जगह डिस्काउंट के साथ मिल सकती है या फिर दूसरे ब्रैंड में कम कीमत पर खरीदी जा सकती है। इसी तरह मान लीजिए अगर एक ब्रैंड का लोशन 340 रुपये का मिल रहा है तो हो सकता है दूसरे ब्रैंड के लोशन पर इसी कीमत में एक के साथ एक फ्री मिल रहा है। इसलिए जितना हो सके पहले एक्सप्लोर जरूर करें।

## बोरियत में कुछ भी करें लेकिन शॉपिंग नहीं

बोरियत होने पर गेम्स खेलें, मूवी देखें, कुकिंग करें.कुछ भी करें लेकिन शॉपिंग नहीं। सबसे खतरनाक होती है इमोशनल शॉपिंग जो सबसे ज्यादा बिना मतलब का खर्चा करवाती है। इस तरह की शॉपिंग का एक और नुकसान यह भी होता है कि इस दौरान ली गईं ज्यादातर चीजें ऐसी होती है जिनका आप कभी यूज भी नहीं करेंगे।


## ऑनलाइन देखें ऑप्शन्स

आजकल ज्यादातर ब्रैंड्स की वेबसाइट्स भी होती हैं जहां से कपड़ों को ऑनलाइन ऑर्डर किया जा सकता है। इन वेबसाइट्स पर अच्छा खासा डिस्काउंट भी उपलब्ध होता है। ऐसे में आप चाहे तो स्टोर में कपड़ों को ट्राई कर सकती हैं और सही साइज मिल जाने पर उसे ऑनलाइन सर्च करें। अगर वहां ये सस्ते में मिल रहे हैं तो फिर वेबसाइट से ही इसे ऑर्डर करें।



## शॉपिंग पार्टनर भी है अहम

हमें यकीन है आप में से कई लोगों ने कभी इस बात को सोचा भी नहीं होगा, लेकिन आपकी फिजूलखर्ची के लिए आपके साथ शॉपिंग पर गया शख्स भी जिम्मेदार हो सकता है। अगर वह आपको बार-बार नई चीज दिखाए और कहे कि आप इसे ले लें क्योंकि यह अच्छा लगेगा, या फिर डिस्काउंट के चक्कर में ज्यादा चीजें लेने की सलाह दे तो बेहतर है कि अगली बार आप उसके साथ न जाएं। शॉपिंग पर ऐसे शख्स के साथ जाएं जो आपको फिजूलखर्ची से रोके और आपको जो लेना है उसकी ओर ध्यान केंद्रित करवाए।





# जा रहे हैं सब्जी लेने तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

**सब्जी खरीदने की बात आती है तो ज्यादातर लोग बस दाम पर ही ध्यान देते हैं, लेकिन सिर्फ प्राइस कम हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि यह फायदे का सौदा है। बल्कि आपको इन्हें खरीदने के दौरान ऐसी कई चीजों का ध्यान रखना चाहिए जो सब्जी की मौजूदा क्वॉलिटी और वह कितनी जल्दी खराब हो जाएगी यह तय करते हैं।**

## सब्जी न हो कहीं से डैमेज

सब्जी जब लें तो उसे चारों ओर से पलटकर ध्यान से जरूर देखें। अगर उसमें जरा सा भी छेद या कट दिखाई देता है तो उसे न लें। ऐसी सब्जियों में कीड़े होने के चांस ज्यादा रहते हैं। वहीं अगर जो सब्जियां किसी हिस्से से दबी हुई हों खासतौर से टमाटर जैसी चीज तो इनके जल्दी खराब होने का डर रहता है।

## हल्का सा दबाकर देखें

टमाटर हो, प्याज हो, आलू हो, गाजर हो या कोई अन्य सब्जी, उसे दबाकर जरूर देखें। हल्के से दबाव से ही पता चल जाता है कि कहीं वह सब्जी अंदर से खराब तो नहीं है। हालांकि, पत्तेदार सब्जियों पर यह तरीका काम नहीं करता है।

## जब बात आए पत्तेदार सब्जियों की

पत्तेदार सब्जियों में इतने वैरायटी होती है कि सभी पर एक तरीका काम नहीं करता है। हालांकि, कुछ कॉमन बातें हैं जिनका इन्हें लेने के दौरान ध्यान रखना जरूरी है। ध्यान में रखें कि ऐसी पत्तेदार सब्जी न लें जो पानी में बहुत ज्यादा भीगी हो, इनके जल्दी खराब होने के डर रहता है। पालक, लाल भाजी जैसी सब्जियों को लेते वक्त एक-एक पत्ते को ध्यान से देख लें क्योंकि इनके बीच में कीड़े हो सकते हैं। पत्ते पीले या बड़े हों तो उन्हें न लें क्योंकि उनमें स्वाद कम होता है।

## सूंघकर देखें

मार्केट में पैक्ड मशरूम, कॉर्न्स, स्प्राउट्स जैसी चीजें मिलती हैं। इन्हें जब लें तो पैकेट को नाक से थोड़ी दूर पर रखते हुए उन्हें सूंघें। अगर वे पुराने होंगे तो उनकी स्मेल बदल चुकी होगी। ऐसे पैकेट्स को न लें, नहीं तो बीमार हो सकते हैं।

## उतना ही लें जितना इस्तेमाल हो जाए

कई ऐसी सब्जियां होती हैं जिन्हें सिर्फ उतना ही लेना चाहिए जितना आप इस्तेमाल कर पाएं। फ्रिज में भी ये सब्जियां ज्यादा दिन टिक नहीं पाती हैं। उदाहरण के लिए धनिया और टमाटर। ये दोनों ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप ज्यादा ले तो लें लेकिन अगर ये सिर्फ फ्रिज में ही रखी हैं तो तीन-चार दिन में ही ये खराब होना शुरू कर देंगीं।



# बेड के लिए परफेक्ट चादर खरीदने में काम आएंगी ये टिप्स



**क्या आप मार्केट में नई बेडशीट लेने जाने के बारे में सोच रहे हैं अगर हां तो बेहतर होगा कि आप पहले नीचे दी गई जानकारी पढ़ें लें, ऐसा करने पर शायद आप ज्यादा बेहतर चादर का सिलेक्शन कर सकेंगे।**

लोग आमतौर पर बेड के गद्दों को लेने से पहले पूरी जानकारी इकट्ठा कर लेते हैं लेकिन जब बात आती है चादर की तो वे इस मामले को हल्के में ले लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अच्छी नींद के लिए जितना जरूरी अच्छा गद्दा है उतनी ही जरूरी चादर भी है। आप अपने बेड के लिए कैसे सही चादर चुन सकते हैं इसमें नीचे दिए टिप्स आपके काफी काम आ सकते हैं। फैब्रिक का रखें ध्यानसबसे बड़ी और पहली बात होती है फैब्रिक का सही सिलेक्शन करना। यह इसलिए जरूरी होता है कि क्योंकि बेडशीट का कपड़ा आपके शरीर के संपर्क में आएगा इसलिए चादर का सिर्फ सुंदर होना नहीं बल्कि कंफर्टेबल होना भी जरूरी है। इस लिहाज से कॉटन की चादर बेस्ट फिट कही जा सकती है। कॉटन न सिर्फ स्किन के अगेंस्ट कंफर्टेबल रहता है बल्कि यह ब्रिदेबल फैब्रिक भी माना जाता है, जो नमी इकट्ठा नहीं करता।

## साइज

बस यूं ही चादर लेने न निकल पड़ें। आपका बेड कितने साइज का है और आपको साइड में कितनी चादर छोड़नी है इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए बेडशीट सिलेक्ट करें। आमतौर पर अगर आप मार्केट से चादर लेते हैं तो पैकेट पर ही साइज लिखा होता है, जो आपके काम को आसान कर सकता है। हालांकि, अगर आप बिना पैकेट वाली चादर लेते हैं तो नाप का ध्यान जरूर रखें।

## वाइट- कलरफुल चादर

वाइट कलर की खासियत होती है कि यह शांत करने में मदद करता है। यही इफेक्ट सफेद चादर भी क्रिएट करती है। यह ज्यादा रिलैक्सिंग फीलिंग के साथ ही मूड को शांत करने में मदद करती है। वहीं कलरफुल चादर रूम में चियरफुल फील क्रिएट करती है। बात करें स्ट्राइप चादर की तो यह रूम को व्यवस्थित दिखाने में मदद करती है।

## रिटर्न पॉलिसी

जी हां, इस बात को भूलकर भी इग्नोर न करें। कई बार होता है कि चादर लेने के बाद एक ही वॉश में सारे कलर उड़ जाते हैं। अच्छी कंपनीज अपने ग्राहकों को ऐसी स्थिति में चादर रिटर्न करने का भी ऑप्शन देती है क्योंकि यह क्वॉलिटी में खरे न उतरने वाली बात है। ऐसे में अगर आप ऐसी कंपनी की चादर ले लें जिसमें ऐसी रिटर्न पॉलिसी न हो तब तो आपकी चादर बस एक ही बार बिछाई जा सकेगी।